हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • शुक्रवार • 18.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 87 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में मिलेगा समाधान : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है।

श्री मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं।

उन्होंने कहा, मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए... युद्ध को दूर करिए... शांति का पथ प्रशस्त करिए... क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात, शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है।

उन्होंने कहा, नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से



ग्रसित लोगों ने ऐसा किया। आजादी के बाद एक ऐसे समूह ने देश पर कब्जा कर लिया, जो इसे अपनी विरासत की विपरीत दिशा में ले गया।

उन्होंने कहा कि पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है। भाषा सभ्यता और संस्कृति की आत्मा है। पाली भाषा को जिंदा रखना, भगवान बुद्ध के शब्दों को जिंदा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि भगवान बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था। उन्हीं प्रेरणाओं को जीते-जीते मुझे बुद्ध के धम्म और शिक्षाओं के प्रसार के इतने सारे अनुभव मिल रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत के ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ-स्थानों से लेकर दुनिया के अलग-अलग देशों तक नेपाल में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली के दर्शन, मंगोलिया में उनकी प्रतिमा के अनावरण से लेकर श्रीलंका में वैशाख समारोह तक.... मुझे कितने ही पवित्र आयोजनों में शामिल होने का अवसर मिला है। मैं मानता हूं, संघ और साधकों का ये संग, ये भगवान बुद्ध की कृपा का ही परिणाम है। मैं आज अभिधम्म दिवस के इस अवसर पर भी आप सभी को और भगवान बुद्ध के सभी अनुयायियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं।

## एक नजर

### एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली सुजाता तेलंगाना से गिरफ्तार

**हैदराबाद :** तेलंगाना पुलिस ने एक करोड़ की इनामी महिला नक्सली कल्पना उर्फ सुजाता को गिरफ्तार कर लिया है। 60 वर्षीया सुजाता विभिन्न राज्यों में हुए बड़े नक्सली हमलों में शामिल रही है। वह नक्सली कमांडर कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी की विधवा है, जो 2011 में पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में मुठभेड़ में मारा गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार पहचान छुपा कर यहां आई इनामी महिला नक्सली कल्पना उर्फ सुजाता को गुरुवार सुबह खम्मम के अस्पताल जाते समय गिरफ्तार कर लिया गया। उसके साथ मोना बाई, पदमा और झांसीबाई को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस सुजाता से पूछताछ कर रही है। सुजाता की गिरफ्तारी काफी अहम मानी जा रही है क्योंकि बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा की दर्जनों नक्सली घटनाओं में उसकी सक्रियता रही है। जानकारी के मुताबिक उसने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में नक्सली हमलों की योजना बनाई और उन्हें अंजाम दिया। चार राज्यों में उसकी गतिविधियों को देखते हुए उसपर एक करोड़ से अधिक का इनाम घोषित था। उल्लेखनीय है कि पेद्दापल्ली जिला के रहने वाला नक्सली कमांडर कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद से ही पुलिस को उसकी नक्सली पत्नी सुजाता की तलाश थी। जानकारी के मुताबिक हाल ही में छत्तीसगढ़ के दंडकारण्यम और अबूझ मध जंगलों में मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए और काफी संख्या में घायल हुए। जिसके बाद जगह-जगह से नक्सलियों की गिरफ्तारियां हो रही हैं।

# पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन आज से



- दिन के 11 बजे से तीन बजे तक कर सकेंगे नामांकन।
- कला महोत्सव में सभी लोग सपरिवार आयें।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि 18 अक्टूबर से प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन दिन के 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक होगा। अवकाश के दिन नामांकन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बताया कि इस दौरान नामांकन स्थल के 100 मीटर की परिधि के भीतर सिर्फ तीन गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी के साथ सिर्फ चार लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे। प्रत्याशी के नामांकन के लिए 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य होगा। हर सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार रुपये बतौर जमानत राशि जमा करानी होगी। वहीं अनुसूचित जाति ,जनजाति के लिए यह राशि पांच हजार रुपये होगी। शपथपत्र के रूप में हर प्रत्याशी को फार्म 26 को स्पष्ट रूप से पूरा भरना होगा। प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों से जुड़ी जानकारी कम से कम तीन समाचार पत्रों में विज्ञापित करानी होगी। उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्योरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लें।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से जुड़ा दो दिवसीय कला महोत्सव गुरुवार से जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हो रहा है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को दिन में 11 बजे होगा। महोत्सव में 81 नामचीन कलाकार झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर सभी मतदाताओं को आमंत्रित करते हुए सपरिवार आने की अपील की। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 37 लाख रुपये के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और उप निदेशक, जनसंपर्क आनन्द मौजूद थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिले के नोडल पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



- मतदान केंद्रों पर जाने में अक्षम वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं का 12 डी फॉर्म अवश्य भरवायें।
- चुनाव कार्य में लगे कर्मियों एवं आवश्यक सेवा से जुड़े पदाधिकारियों का पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु फॉर्म अवश्य उपलब्ध करा दें।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन में सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों एवं निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित कराया जाना है। इस हेतु सभी आवश्यक सेवाओं के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सूची मंगवा लें। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान केंद्र तक जाने में अक्षम 85 वर्ष से अधिक अथवा दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान के लिए फॉर्म 12 डी उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही पोस्टल बैलेट के फॉर्म का आवंटन संबंधित मतदाताओं तक कराने का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निर्देश है। इसका अनुपालन करते हुए ससमय सभी संबंधितों तक इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने सभी जिलों के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि आज गुरुवार को ही देर शाम तक पोस्टल बैलेट संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूरा कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अहर्ता रखने वाले कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहने पाएं।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे सहित पोस्टल बैलेट प्रभाग के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तेरह मंत्रियों के साथ नायब सैनी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लाडवा के विधायक नायब सैनी को 15वीं विधानसभा के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल ने 11 कैबिनेट और दो राज्यमंत्रियों को भी शपथ दिलाई।

पंचकूला के दशहरा मैदान में गुरुवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई कई राज्यों के मुख्यमंत्री और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह में राज्यपाल दत्तात्रेय ने सबसे पहले नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रोटोकॉल के अनुसार नंबर दो पर अंबाला छावनी के विधायक अनिल विज ने बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ ग्रहण ली। इसके बाद तीसरे नंबर पर इसराना के विधायक कृष्ण लाल पंवार, चौथे नंबर पर बादशाहपुर के विधायक राव नरबीर सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। राज्यपाल ने पांचवें नंबर पर पानीपत ग्रामीण के विधायक महीपाल ढांडा, छठे नंबर पर फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल, सातवें नंबर पर गोहाना के विधायक डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, आठवें नंबर पर रादौर के विधायक श्याम सिंह राणा, नौवें नंबर पर बरवाला के विधायक रणबीर गंगवा, दसवें नंबर पर नरवाना विधानसभा हलके से विधायक कृष्ण कुमार बेदी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद 11वें नंबर पर तोशाम से विधायक श्रुति चौधरी, 12वें नंबर पर अटेली से विधायक एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह राव, 13वें नंबर पर तिगांव हलके से विधायक राजेश नागर को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा 14वें नंबर पर पलवल के विधायक गौरव गौतम को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के पद पर शपथ दिलाई गई।

समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिसवा सरमा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुषकर धामी, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, रामदास अठावले, मनोहर लाल, नितिन गडकरी, अश्वनी वैष्णव, कृष्ण पाल, राव इंद्रजीत समेत कई लोकसभा, राज्यसभा के सांसद मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह की खास बात यह रही कि खिलाड़ी, किसान, उद्योगपति, कर्मचारी, मजदूर, ड्रोन दीदी आदि के लिए अलग-अलग ब्लाक बनाए गए थे।

# 25 मार्च 1971 से पहले असम आये अप्रवासियों को भारतीय नागरिक ही माना जाएगा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में गुरुवार को नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है, जिसके तहत 1 जनवरी, 1966 से पहले असम में प्रवेश करने वाले अप्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने चार-एक के बहुमत से ये फैसला सुनाया।

भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ में शामिल जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस मनोज मिश्रा ने इस धारा की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। वहीं, जस्टिस जेपी पारदीवाला ने इससे असहमति जताई है। फैसले की प्रति अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मालूम



हो कि यह प्रावधान 1985 में केंद्र की राजीव गांधी सरकार और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) के बीच असम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद कानून में जोड़ा गया था। यह समझौता बांग्लादेश से असम में आए प्रवासियों के प्रवेश के खिलाफ छह साल लंबे संघर्ष का नतीजा था।

असम समौते के तहत ही नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। इसके तहत ये प्रावधान है कि 25 मार्च 1971 से पहले असम की सीमा में प्रवेश करने वाले अप्रवासियों को भारतीय नागरिक ही माना जाएगा।

इस फैसले से अप्रवासियों को नागरिकता देने और 'स्थानीय' असमिया नागरिकों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण सवालों के जवाब मिलने की उम्मीद है। ज्ञात हो कि इस मामले के याचिकाकर्ताओं में गैर सरकारी संगठन असम पब्लिक वर्क्स, असम संमिलिता महासंघ और अन्य शामिल हैं, जो दावा करते हैं कि असम में नागरिकता के लिए एक अलग कट-ऑफ तिथि निर्धारित करना भेदभावपूर्ण, मनमाना और अवैध है। उनका यह भी दावा है कि राज्य में बदलती जनसांख्यिकी भारत के संविधान के अनुच्छेद 29 के तहत अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के स्थानीय असमिया लोगों के अधिकारों को प्रभावित करेगी।

इस याचिका को 2012 में दायर किया गया था, जिसमें कहा गया है कि अकेले असम में धारा 6ए के आवेदन से राज्य के जनसांख्यिकीय पैटर्न में एक स्पष्ट बदलाव देखने को मिला है और असम के लोग अपने ही राज्य में 'अल्पसंख्यक' बन गए हैं। यह राज्य के लिए आर्थिक और राजनीतिक तौर पर नुकसानदेह है। साथ ही ये स्थानीय लोगों के सांस्कृतिक अस्तित्व, राजनीतिक नियंत्रण और रोजगार के अवसरों के खिलाफ भी है। दूसरी ओर, केंद्र सरकार संविधान के अनुच्छेद 11 का हवाला दे रही है, जो संसद को नागरिकता के देने, उसे समाप्त करने और नागरिकता से संबंधित अन्य सभी मामलों के संबंध में कोई भी प्रावधान करने की शक्ति देता है।

गैर सरकारी संगठन सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस सहित अन्य उत्तरदाताओं का तर्क था कि यदि धारा 6ए को रद्द कर दिया जाता है, तो वर्तमान में वहां रहने वाले निवासियों का एक बड़ा हिस्सा 'राज्यविहीन' हो जाएगा। इन लोगों को 50 से अधिक सालों से नागरिक के तौर पर अधिकार मिलने के बाद अब उन्हें विदेशी माना जाने लगेगा। गौरतलब है कि असम समझौते का खंड छह में कहा गया है कि असमिया समाज के लोगों की संस्कृति, सामाजिक, भाषाई पहचान और विरासत की रक्षा, संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए संवैधानिक, विधायी और प्रशासनिक सुरक्षा उपाय, जो भी उपयुक्त हों किए जाएंगे।

# अवैध संबंध में बाधक बन रहे पुत्र की पिता ने की हत्या, 24 घंटे में प्रेमिका के साथ गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** अवैध संबंध में रोड़ा बन रहे पुत्र को पिता ने मौत के घाट उतार दिया। घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी पिता और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में साथ देने वाले दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। बता दें कि दो दिन पहले पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूणार्डीह टोला में सकेन्द्र साव (24) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में मृतक की मां रविंदा देवी ने लेस्लीगंज के रजहरा की रहने वाली बेबी देवी (31) के खिलाफ सकेन्द्र की हत्या करा देने की एफआइआर दर्ज करायी थी। इस हत्याकांड में पिता पर भी संदेह था। पुलिस ने मौके से पिता को हिरासत में लिया था और पूछताछ के बाद 24 घंटे के भीतर हत्या मामले का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने गुरूवार को पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह सकेन्द्र साव की हत्या की जानकारी होने पर थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गयी। टीम में पु.अ.नि. विश्वनाथ कुमार राणा, स.अ.नि. बसंत दुबे, सुबोध कुमार, जवान संजय तिग्गा एवं वीरेन्द्र कुमार को शामिल किया गया। छानबीन और एफआइआर के आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझाई गई।

एसडीपीओ ने कहा कि सरेश साव और बेबी देवी के बीच पांच वर्ष से अवैध संबंध था। बेबी भी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। उसके पति का पिछले पांच साल से कोई अतापता नहीं है। इस अवैध संबंध का सकेन्द्र विरोध करता था। कई बार मारपीट भी हुई थी। घटना वाली रात भी सकेन्द्र और उसके पिता के बीच विवाद हुआ था। लगातार विवाद और विरोध के कारण बेबी और सरेश ने मिलकर सकेन्द्र की हत्या की योजना बनायी। इस घटना में दो अन्य लोगों को भी शामिल किया गया।

# मतदान में समय कम है, जीरो एरर के साथ कार्य करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सुगम और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला प्रशासन तैयारियों को मुक्कमल करने में युद्ध स्तर पर जुट गई है। इसी क्रम में आज 17 अक्टूबर को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सभी सीओ, बीडीओ के साथ तैयारियों के बाबत समीक्षा बैठक की गईं। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि में ज्यादा समय नहीं इसलिए मतदान दिवस के पूर्व चिन्हित किए गए जिन विद्यालयों में सीएपीएफ की टीम निर्वाचन कार्य को लेकर ठहराव करेगी उन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाना अतिमहत्वपूर्ण हैं, जिसके अंतर्गत

- सभी सीओ,बीडीओ व पुलिस बलों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश
- चिह्नित किए गए सभी सीएपीएफ सेंटर पर सभी आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश
- मतदान केंद्रों में बिजली शौचायल, पेयजल, रैंप आदि को दुरुस्त करने के निर्देश

उन्होंने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानो के लिए आवासन, स्नानागार,शौचालय, बिजली, पंखा, मोबाईल चार्जर शॉकेट, पानी का टैंकर, जेनरेटर एवं भवन मरम्मती कार्य को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंडवार




चिन्हित केंद्रों में सभी संबंधित अधिकारीयों को अविलंब भ्रमण कर सुविधाओं का आकलन कर रिर्पोट समर्पित करने को कहा। उपायुक्त ने बल देते हुए कहा कि सभी केंद्रो में आवश्यक सुविधाओ को लेकर जो भी कार्य किए जा रहे है उन्हें तत्काल पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाओं को पूर्ण किया जाना है। मतदाताओं की सुविधा के लिए व्यवस्थित साइनेज,महिला पुरुष के अलग लाइन,गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गो व दिव्यांग मतदाताओं के लिए वॉलिंटियर्स के माध्यम से सुविधा आदि की व्यवस्था की जायेगी। जिन क्षेत्रों में अनूसूचित जनजाति के लोग रहते है उन क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भी मतदान प्रक्रिया में शामिल करने हेतु प्रेरित करने को कहा। साथ वोटर स्लिप का वितरण जल्द से जल्द हो यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को समन्वय बनाकर प्राथमिकता के साथ कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे,सभी सीओ, बीडीओ उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने एसटी/एससी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने कई वर्षो से फरार चल रहे एक प्राथमिकी नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि ग्राम लांगातू निवासी दीपक मिश्रा बड़कागांव थाना कांड संख्या 260/20 धारा 341/323/324/307/504 आईपीसी एसी / एसटी एक्ट के मामले में प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी दल में मुख्य रूप से बड़कागांव एसआई इंद्रजीत कुमार एवं पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

### बड़कागांव प्रखंड में शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया गया



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में शरद पूर्णिमा मनाई गई । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा राम जानकी मंदिर में शरद पूर्णिमा एवं रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई । इसका नेतृत्व जिला सह शारीरिक प्रमुख पिंटू सोनी ने किया। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाहक भरत कुमार, खंड व्यवस्था प्रमुख सूरज कुमार, खंड सेवा प्रमुख सचिन कुमार, शुभम कुमार, ललन कुमार, पीयूष कुमार, पवन कुमार, विकास कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड महामंत्री पिंटू गुप्ता, इंग्लेश सोनी, मंदिर के पुजारी चिंतामणि महतो, समाजसेवी बिंदु गुप्ता, बंधु महतो, अंतू महतो समेत दर्जनों लोग शामिल थे। शरद पूर्णिमा के मौके पर लोगों ने चांद को निहारा अपने-अपने घरों में खीर बनाकर देवी देवताओं के समक्ष पूजा अर्चना किया। बड़कागांव के मां अंबे दुर्गा पूजा समिति,सांढ़ - छपेरवा दुर्गा पुजा समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के मौके पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान खीर चढ़ाई गई। प्रसाद को भक्तों के बीच वितरण किया गया ।

### महामाया बागेश्वरी मंदिर का हुआ भूमि पूजन

**विष्णुगढ़ :** लच्छी नारायण पंडा ने गेट निर्माण कार्य का शुभ आरम्भ गैता चला वह नारियल तोड़ कर किए। जिसका अगुवाई महराज पुरेंद्र पाण्डेय ने किया गया। महामाया बागेश्वरी मंदिर परिवार के भगत भक्तों: ने मां महामाया बागेश्वरी मंदिर के साथ शिव मंदिर के प्रवेश द्वार का हुआ भूमि पूजन मां बागेश्वरी का मंदिर की साथ उनका भव्य निर्माण को संकल्प ले करके आज भजन कृतम साथ में प्रारंभ हुआ है। जो महाराष्ट्र के कारीगर के द्वारा गेट बनवाया जाएगा। जो देखने में अलौकिक होगा। और भव्य होगा। जय मां महामाया के जय कारा लगाकर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। महामाया परिवार सभी के द्वारा कामेश्वर पांडे, कोलेश्वर पांडे, सुरेंद्रनाथ पांडे, नारायण पाण्डेय ,रामदास पांडे, लक्ष्मीकांत पांडे, संतोष पांडे, राजकिशोर पांडे, सतीश पांडे, निरंजन पांडे, नीलकंठ पांडे, शंकर पांडे, महेंद्र पांडे, अनंत लाल पांडे, अभिमन्यु पांडे, सुखदेव पांडे,धनु पांडे, मदन पांडे, लक्ष्मण पांडे, प्रदीप पांडे, संजय पांडे, कर्मवीर पांडे, समाजसेवी सुरेश राम, मंजू देवी,के अलावे कई गणमान्य भगत जन उपस्थित हुऐ।

## 15.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**चौपारण :** प्रखंड में आचार संहिता लगते ही चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश काफी सक्रिय दिख रहे है। अपनी सक्रियता के कारण ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को दो ब्राउन शुगर के सौदागर को धर दबोचा। थानेदार अनुपम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा गुप्त सूचना मिली की मोटरसाइकिल वाहन सं0-जेएच02बीड़ी-1225 से चौपारण थाना अन्तर्गत बालाबांध के पास दो व्यक्ति खडा है। जिसके पास ब्राउन सुगर है जो तस्करी करने का योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा ग्राम बालाबांध मजार के पास पहुँचा तो पुलिस बल को देखकर उक्त मोटरसाइकिल पर सवार दोनो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से दोनो व्यक्ति को पकड लिया गया। पकडाये व्यक्ति का विधिवत तलाशी लेने पर इनलोगो के पास से 15.50 ग्राम ब्राउन सुगर पाया गया। जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया एवं इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-358/दिनांक 24, धारा-317)5/(3)521 एवं 0सं0 न्या0भा ((सी)/22 (सी) / 29 एनडीपीस एक्ट अंकित कर पकडाये दोनो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजी गयी है।

## अटल विचार मंच के उम्मीदवार भी नजर आएंगे विस चुनाव में : यशवंत सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड में चुनावी बिगुल बज चुका है हर एक चौक चौराहे पर सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा आम हो गई है। कौन किस विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार होगा इसे लेकर कयास भी लगाया जा रहा है आलम यह है कि सोशल मीडिया में कई नाम वायरल भी हो रहे हैं। लेकिन इसकी पुष्टि किसी भी पार्टी ने नहीं की है। तीसरी पार्टी अटल विचार मंच के बारे में दबी जुबान पर लोग चर्चा कर रहे हैं चुनावी माहौल में यह भी कहा जा रहा है कि चर्चा दिल्ली के गलियारी में भी गूंज रही है कि हजारीबाग में बैठे देश के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा क्या रणनीति बना रहे हैं। अटल विचार मंच विधानसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार उतारने जा रही है अटल विचार मंच के प्रेसवार्ता में पहले यह कहा गया था की 81 विधानसभा में उम्मीदवार आम



जनता के बीच उतरेंगे लेकिन अब इस पर विराम लग गया है। हजारीबाग अटल विचार मंच के दफ्तर में पत्रकारों के द्वारा पूछे जाने पर यशवंत सिन्हा ने कहा कि कई लोग टिकट के लिए दफ्तर पहुंच रहे हैं। सभी दावेदारों को फिल्टर किया जा रहा है। अटल विचार मंच सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं चाहती है बल्कि अपनी प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित करना चाहती है। ऐसे में वैसे दावेदारों को टिकट दिया जाएगा जो अच्छा चुनाव लड़ सके। जिनकी उपस्थिति अच्छी रहेगी और छवि साफ सुथरा है उन्हें मौका दिया जाएगा। यशवंत सिन्हा ने यह भी कहा कि अटल विचार मंच बहुत ही गुपचुप तरीके से तैयारी कर रही है। एनडीए और यूपीए के उम्मीदवारों के नाम पर नजर है। अटल विचार मंच अपना उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरेगा। देश के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने वर्तमान राजनीति प्रदेश पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह चुनाव पार्टी के बीच में नहीं है बल्कि गठबंधन के बीच में हो रही है। इस कारण दावेदारों के बीच कोई विशेष विकल्प नहीं बच रहा है हो सकता है कि अटल विचार मंच तीसरा विकल्प बनकर उभरे। जहां अच्छे दावेदार सामने आए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई बदलाव भी देखने को मिलेंगे।देश के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री और अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा 48 घंटा में चुनावी बिगुल फुंकने वाले हैं।

## दुर्गा पूजा समिति ने मां दुर्गा पर चढ़ाये गये वस्त्र का ओल्ड एज होम की महिलाओं के बीच किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** देवी मंडप, दुर्गा पूजा समिति, रामनगर रोड ,शिवपुरी, हजारीबाग के द्वारा शारदीय नवरात्रि के दरम्यान मां दुर्गा पर भक्त जनों द्वारा जितनी भी साड़ियां चढ़ाई गई। उन्हें पूजा की समाप्ति के बाद कमिटी के लोगों के द्वारा विगत बुधवार को ओल्ड एज होम ( वृद्धाश्रम एसपी कोठी के पास) हजारीबाग में जाकर आश्रम में रहने वाली तमाम माताओं-बहनों को भेंट कर एक बड़ा ही सुंदर संदेश समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया।। कमिटी के पूजा प्रभारी मनोज वर्मा व छोटू बक्शी जी ने हजारीबाग के अन्य तमाम दुर्गा पूजा कमिटियों से यह आग्रह किया कि जहां-जहां माता रानी की पूजा होती है और माता रानी



पर जो साड़ी का चढ़ावा आता है उन साड़ियों का वितरण जहां तक संभव हो सके यदि जरूरतमंदों को प्रेम पूर्वक भेंट किया जाए तो हम एक अच्छा रचनात्मक संदेश समाज को दे सकते हैं। सचिव लखन सिन्हा ने कहा कि हम लोग प्रत्येक वर्ष यह प्रयास करते हैं की माता रानी पर चढ़ाई हुई साड़ियों का वितरण जरूरतमंद माताओं को किया जाए। कोषाध्यक्ष मनोज करण ने कहा कि हम लोग कई वर्षों से वृद्धाश्रम में शारदीय नवरात्र की समाप्ति के बाद आते रहे हैं और माताओं को प्रेम पूर्वक साड़ियां भेंट करते रहे हैं हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा । मौके पर हजारीबाग के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता बप्पी करण भी मौजूद थे। जिन्होंने यह कहा कि यह समाज को एक बहुत सुंदर सा संदेश है जो की श्रद्धा, भक्ति, और धर्म की भावना को सेवा से जोड़ता है तमाम पूजा कमेटियों को इन सब कार्यों को अनुकरण करने की आवश्यकता है और जहां तक संभव हो सके सभी कमेटियों से यह आग्रह करता हूं कि इस प्रकार के सेवा भाव कार्य को आगे बढ़ाएं और करने वाले भक्त जनों को प्रोत्साहित करें ।कमिटी के लोगों ने यह भी कहा कि अगले वर्ष से हम लोगों का यह प्रयास होगा कि इस संदर्भ में हम लोग घूम घूम कर सभी पूजा पंडाल में जाएं और सबों को इस हेतु जागरूक करें कि माता रानी पर चढ़ाई हुई साड़ियों का सदुपयोग किया जाए जरूरतमंदों को भेंट दी जाए साथ ही कमेटी के लोगों ने कहा कि अगले वर्ष हम लोग माताओं के साथ-साथ बुजुर्गों के लिए भी धोती या सॉल भेंट करेंगे।

### विस चुनावों को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम : एसडीपीओ

**बरही :** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बरही अनुमंडल पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इस संबंध में बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लोग बिना किसी भय या दबाव के अपना मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लें। एसडीपीओ ने जानकारी दी कि चुनावी गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने के लिए बरही अनुमंडल में एक अंतरराज्यीय चेकनाका और छह अंतरजिला चेकनाकों की स्थापना की गई है। अंतरराज्यीय चेकनाका चौपारण के चोरदाहा में स्थापित किया गया है।

## अंबा प्रसाद ने 5 वर्षों के कार्यकाल में लिखी विकास की नई इबारत, विस्थापन मुद्दे पर स्थानीय लोगों का किया नेतृत्व

प्रदीप कुमार सिन्हा

**हजारीबाग :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का 2019 से 2024 कार्यकाल विकास और समस्याओं से भरा रहा है झारखंड की युवा महिला विधायक होने के कारण अम्बा प्रसाद पूरे राज्य में चर्चित रही। विस्थापन और आंदोलन को लेकर चर्चा में रहने वाले बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में लगातार तीन बार कांग्रेस ने जीत दर्ज किया। वहीं अंबा प्रसाद का कार्यकाल देखें तो चुनाव के बाद पूरे देश में कोरोना का कहर था जिससे बड़कागांव भी अछूता नहीं रहा कोरोना काल में विधायक अम्बा प्रसाद ने शत प्रतिशत क्षेत्र में मौजूद रहते हुए प्रवासी मजदूरों को वापस लाने के लिए कॉल सेंटर योगेंद्र साव सहायता समिति की स्थापना की गई वहीं दूसरे राज्य में फंसे झारखंड के लोगों व जरूरतमंद को हर तरह का सहायता उपलब्ध कराया गया कोरोना त्रासदी के दौरान बड़कागांव में 30 बेड का ऑक्सीजन युक्त अंबा कोविड केयर सेंटर का निर्माण अपने निजी खर्च कराया विधानसभा क्षेत्र के हर जरूरतमंद परिवार तक राहत सामग्री उपलब्ध कराया जिसमें कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं विधायक अंबा प्रसाद के कार्यकाल में बड़कागांव विकास की बात करें तो विस्थापन का दंश झेल रहे बड़कागांव केरेडारी में स्थानीय लोगों, जिला प्रशासन और कंपनी के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रही फलस्वरूप बड़कागांव विधानसभा



के पतरातु, केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड में दर्जनों बड़ी योजना का क्रियान्वयन हुआ वहीं विकास के लिए नई लकीर खींच दिया। इस कार्यकाल में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी हिस्सों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बनाया बड़कागांव केरेडारी में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने व डीवीसी पर निर्भरता खत्म करने के साथ-साथ 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए लगभग 35 करोड़ की लागत से 220 /33 के विद्युत सब स्टेशन निर्माण की कैबिनेट से मंजूरी बड़कागांव चौक में मॉडल पुस्तकालय निर्माण, बड़कागांव की हरली में 34 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज निर्माण की कैबिनेट से स्वीकृति, पतरातू में डिग्री कॉलेज पॉलिटेक्निक कॉलेज, तारामंडल निर्माण की स्वीकृति, बड़कागांव प्रखंड के मेगालिथ स्थल, बुढ़वा महादेव इसको गुफा को पर्यटन क्षेत्र, पलानी झरना को पर्यटन क्षेत्र घोषित कराया वहीं पतरातू में लगभग 12 करोड़ लागत से 50 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राइवेट अस्पताल के तर्ज पर मॉडल बनने व 10 बेड का इमरजेंसी ट्रामा सेंटर का निर्माण, पतरातू में 108 करोड़ की लागत से रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति, बड़कागांव चौक में भारी वाहनों के आवागमन हेतु बाईपास निर्माण, पतरातू प्रखंड के टोकीसुद में 4.95 लाख लीटर क्षमता का वाटर फिल्टर प्लांट, विधानसभा क्षेत्र के प्रति पंचायत में 1500 से अधिक चापाकल व डीप बोरिंग का अधिष्ठापन कराया। पूरे कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अरबों की लागत से सभी क्षेत्रों में 500 से अधिक सड़क पुल पुलिया गार्डवाल इत्यादि का निर्माण विधायक मद की राशि का शतप्रतिशत उपयोग करते हुए क्षेत्र की गली मोहल्ला और पुलों का निर्माण हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### सी-विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए C-Vigil मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं। सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के आंख, नाक,कान बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें। शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है। आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है। बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शकियतें की जा सकती हैं।

### विनोबा भावे विवि पीजी डिपार्टमेंट के पांच वरीय प्राध्यापकों का एक साथ स्थानांतरण करना आश्चर्यजनक : नवलेश



**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य नवलेश सिंह ने एक बयान जारी कर विनोबा भावे विवि पीजी डिपार्टमेंट के वरीय प्राध्यापक गण जिनमें हिंदी विभाग के डॉ सुबोध सिंह शिवगीत, डॉ के .के गुप्ता, पॉलिटिकल साइंस के डॉ शुक्कल्याण मोइत्रा, इतिहास विभाग के डॉ विकाश कुमार, डॉ हितेंद्र अनुपम और मानव विज्ञान विभाग के प्रो गंगा नंद झा का एक साथ ट्रांसफर को दुर्भाग्यपूर्ण और आश्चर्यजनक करार दियो है। सिंह ने कहा है की उपरोक्त पांचों शिक्षक कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ और अपनी संबंधित विषय के मूर्धन्य विद्वान हैं जिनका लाभ विवि में उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु आए विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को मिलता था इनके स्थानांतरण से विवि के संबंधित ढ़ऋविभागों में पठन -पाठन प्रभावित होगा जिसका भरपाई करना नामुमकिन है। सिंह ने कहा है की इस मामले पर जल्द अभाविप का राज्यस्तरीय प्रतिनिधि मंडल महामहिम राज्यपाल से मिलेगा साथ हीं माननीय कुलपति महोदय से भी अपने स्तर से स्थानांतरण पर ठोस कदम उठाने का मांग करेगा, ताकि विवि का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित नहीं हो।

### कांग्रेस ने की बैठक, रिकॉर्ड तोड़ मतों से अंबा प्रसाद को जिताने का लिया संकल्प



**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद के बड़कागांव स्थित आवासीय कार्यालय में प्रखंड के सभी प्रकोष्ठों की अहम बैठक दिन बृहस्पतिवार को संपन्न हुई। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी मोर्चा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने विधायक अंबा प्रसाद को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को झारखंड सरकार व विधायक द्वारा कराए गए जनउपयोगी कार्यों से अवगत कराने एवं बूथ कमिटी को मजबूत करने का निर्णय भी लिया। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद राज्यहित एवं जनहित में बहुत ही बेहतर कार्य की है। 2 वर्ष कोरोना में पर हो जाने के बावजूद काफी अल्प समय में राज्य सरकार की ओर से कई अभूतपूर्व कार्य किए गए। विधायक ने कहा कि विरोधी पार्टी सिर्फ लोगों का अधिक भ्रमित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है, कार्यकताओं को विधायक ने विरोधियों की झूठ फरेब की नीति से भी जनता को अवगत कराने की बात कही। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता तन, मन से लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में लग जायें। इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज ने सभी कार्यकताओं को अपने बूथ को मजबूत करते हुए चुनाव जीतने की टिप्स बताए। उन्होंने कहा कि विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। आगामी विस चुनाव में हर हाल में महागठबंधन बहुमत के आंकड़े को पार करेगा। बड़कागांव की भोली भाली जनता विकास करने वाले को ही अपने जनप्रतिनिधि के रूप में चुनेगी।

### बरही और बरकट्ठा में आज से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

**बरही :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की प्रक्रिया आज से बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हो रही है। 18 अक्टूबर 2024 से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी और 25 अक्टूबर 2024 तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। निवार्ची पदाधिकारी बरही सह एसडीओ जोहन टुडू व निवार्ची पदाधिकारी बरकट्ठा सह एलआरडीसी अजय भगत ने सभी जरूरी जानकारी साझा की है, जिससे चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। निवार्ची पदाधिकारी जोहन टुडू व अजय भगत ने चुनाव की महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए बताया कि बरकट्ठा (20), बरही (21) में मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा। मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगी। वहीं उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होने की तिथि 18 अक्टूबर, नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, स्क्रूटनी की तिथि 28 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 है। बरही निवार्ची पदाधिकारी एसडीओ जोहन टुडू होंगे और उनकी सहायता के लिए बरही बीडीओ, पदमा बीडीओ और चौपारण बीडीओ तैनात होंगे। बरकट्ठा निवार्ची पदाधिकारी अजय भगत ने यह भी बताया कि एआरओ के रूप में बरकट्ठा बीडीओ, इचाक बीडीओ, और जयनगर बीडीओ कार्य करेंगे।नामांकन पत्र 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक हर दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक खरीदे जा सकते हैं।

एक नजर

## ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कोर्ट के आदेश का सख्ती से पालन करे राज्य सरकार

**रांची** : राजधानी रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान संज्ञान एवं रांची शहर में बैंकट हॉल, धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10 :30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट के 19 सितंबर 2023 के आदेश का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया हैं। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने यह भी मौखिक कहा है कि अगर ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोई शिकायत करता है, तो उसके नाम का खुलासा न किया जाए, जिससे उसे किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट ने 19 दिसंबर 2023 को विस्तृत आदेश पारित किया था, लेकिन इसे लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए लेकर वर्ष 2019 में गठित टास्क फोर्स कोर्ट के आदेश का सही तरीके से अनुपालन नहीं कर पा रही है।

## JLKM ने जारी की उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट, देवेंन्द्र नाथ महतो सिल्ली से लड़ेंगे चुनाव

**बोकारो** : झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जयराम महतो की पार्टी JLKM ने अपने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में रांची की सिल्ली विधानसभा सीट से देवेन्द्र नाथ महतो, घाटशिला से रामदास मुर्मू , पोटका सीट से भागीरथ हांसदा को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही जमशेदपुर पूर्वी सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने तरुण कुमार डे को अपना प्रत्याशी बनाया। वहीं गोड्डा की महगामा सीट से जवाहर लाल यादव तो पौड़ैयाहाट से प्रवीण कुमार महतो JLKM के उम्मीदवार होंगे। इसके साथ ही रांची की कांके सीट से फुलेश्वर बैठा और दुमका के जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से जयराम महतो की JLKM ने राजीव यादव को प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की तरफ से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की ये तीसरी सूची जारी की गई है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो डुमरी सीट से चुनाव लड़ने का एलान कर चुके हैं। वहीं चर्चा है कि पार्टी अपने अध्यक्ष जयराम महतो की एक और सीट से उम्मीदवारी का एलान आने वाले दिनों में कर सकती है।

## कांग्रेस के मेनिफेस्टो में जल, जंगल और जमीन के मुद्दे को दी जाएगी प्राथमिकता : बंधु तिर्की

**रांची**: कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी घोषणा पत्र का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। कमेटी के जितने सदस्य थे, उन्हें क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनता से सुझाव लेने की जिम्मेदारी दी गई थी। मेनिफेस्टो कमेटी की अध्यक्षता कर रहे तिर्की ने आगे कहा कि प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होने से पहले तक मेनिफेस्टो रिलीज कर दिया जाएगा। बंधु ने कहा कि हमारा जो घोषणा पत्र बना है, उसमें झारखंड के अनुरूप और झारखंड की भावना को समावेश किया गया है। यहां जल,जंगल, जमीन और आदिवासी मूलवासी जो लोग लंबे समय से रहते आ रहे हैं, उन्हें मेनिफेस्टो में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही हम सिख समुदाय के लिए भी कुछ ला रहे हैं।

# जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा चुनावी जागरूकता से जुड़ा दो दिवसीय कला महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : में गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 18 अक्टूबर से प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन दिन के 11 बजे से तीन बजे तक होगा। अवकाश के दिन नामांकन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान नामांकन स्थल के 100 मीटर की परिधि के भीतर सिर्फ 3 गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी के साथ सिर्फ 4 लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे। प्रत्याशी के नामांकन के लिए 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य होगा। हर सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार रुपये बतौर जमानत राशि जमा करानी होगी। वहीं, अनुसूचित जाति /जनजाति के लिए यह राशि 5 हजार रुपये होगी। शपथपत्र के रूप में हर प्रत्याशी को फार्म 26 को स्पष्ट रूप से पूरा भरना होगा। प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों से जुड़ी जानकारी कम से कम 3 समाचार पत्रों में विज्ञापित करानी होगी। उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी प्रदर्शित करना होगा। रवि ने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्यौरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लें। कला महोत्सव में 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार का होगा प्रदर्शन के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव से जुड़ा 2 दिवसीय कला महोत्सव गुरुवार से जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हो रहा है। उसका उद्घाटन शुक्रवार को दिन के 11 बजे होगा। महोत्सव में 81 नामचीन कलाकार झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर सभी मतदाताओं को आमंत्रित करते हुए सपरिवार आने की अपील की। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 37 लाख रुपये के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और उप निदेशक, जनसंपर्क आनन्द मौजूद थे।

## राजद संसदीय बोर्ड की हुई बैठक

**रांची** : झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल संसदीय बोर्ड की आवश्यक बैठक पूर्व मंत्री सुरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड में हो रहे विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी सीटों का चयन और प्रत्याशियों का चयन राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव करेंगे। कौन-कौन रहा बैठक में मौजूद बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव,संसदीय बोर्ड के सदस्य और झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ मनोज कुमार, संसदीय बोर्ड के सदस्य अनीता यादव, संसदीय बोर्ड के सदस्य रंजन यादव, संसदीय बोर्ड के सदस्य राजकुमार यादव सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

# लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का डीपीआर एक माह में पूरा करें : हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने गुरुवार को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कांके को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन का डीपीआर बनाने की प्रक्रिया एक माह में पूरा करें। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में सोलर पैनल लगाने के लिए राज्य सरकार ने फंड की स्वीकृति दे दी है। ऐसे में जरेडा नेशनल यूनिवर्सिटी में जल्द सोलर पैनल लगाकर 45 दिनों के भीतर कोर्ट को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट की खंडपीठ को बताया गया था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन का डीपीआर बनाने में दो माह का समय लगेगा, इसलिए समय प्रदान किया जाए. जिस पर खंडपीठ ने कहा किया यह अवधि अब पूरी हो चुकी है ऐसे में राज्य सरकार एक माह के भीतर डीपीआर की प्रक्रिया पूरी कर ले। मामले में पूर्व की सुनवाई में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने हाई कोर्ट को बताया था कि कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन के डीपीआर निर्माण में दो माह का समय लगेगा। कॉरपोरेशन पैसा मिलने पर दो माह में इसका डीपीआर बनाकर राज्य सरकार को सौंप सकती है। इसके बाद सीएसआर के तहत सीसीएल, सेल आदि के फंडिंग से लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा सकेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश की ओर से गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनायी गयी। मौके पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि पहले डाकू हुआ करते थे और उनका नाम रत्नाकर था। एक दिन रत्नाकर की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने दर्शन दिए। रत्नाकर के शरीर पर दीमकों का पहाड़ बन गया था, इसलिए ब्रह्माजी ने रत्नाकर को वाल्मीकि का नाम दिया। क्योंकि दीपकों के घर को वाल्मीक कहा जाता है। साथ ही ब्रह्माजी ने रत्नाकर को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरणा भी दी। इसके बाद से उन्हें वाल्मीकि के नाम से जाना जाता है। इस तरह राम का नाम जपते हुए डाकू रत्नाकर महर्षि वाल्मीकि बन गए। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भगवान राम के सबसे बड़े भक्त माने जाते थे। उन्होंने ही पूरी रामायण लिखी थी। इस दिन ऋषि वाल्मीकि की पूजा की जाती है। उनके मंदिरों को फूलों से सजाया जाता है। साथ ही रामायण की चौपाई पढ़ी जाती है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के दर्शन और इतिहास में एक बहुत ही चर्चित नाम हैं, जिन्होंने रामायण जैसा महाकाव्य लिखा। प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का परित्याग किया, तो वह महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में कई वर्षों तक रही थीं। यहीं पर माता सीता ने लव व कुश को जन्म दिया था।

## उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने गुरुवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया । उपायुक्त ने 13 नवम्बर और 20 नवम्बर को विधानसभा चुनाव को लेकर सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए सभी दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ईवीएम के वितरण और सामग्री कोषांग से पीठासीन पदाधिकारी को उपलब्ध कराए जाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से जानकारी देते हुए कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को विशेष रूप से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के जरिये प्रदत्त सभी दिशा निदेर्शों का पालन हो, यह सभी सम्बंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करें। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग मुकेश कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला नजारत उप समाहर्ता सुदेश कुमार एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ऊर्जा विभाग के पुनर्गठन के बाद अफसरों के कार्यों का हुआ बंटवारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : ऊर्जा विभाग का पुनर्गठन, विभिन्न नए प्रमंडल और पदों के सृजन के बाद अफसरों के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। इसको लेकर ऊर्जा विभाग ने बीते 14 अक्टूबर को अधिसूचना जारी दिया। कौन क्या कार्य करेंगे अभियंता प्रमुख : अभियंता प्रमुख, ऊर्जा विभाग का कार्य एवं शक्तियां झारखंड लोक निर्माण संहिता पीडब्लूडी कोड में निहित प्रावधानों एवं राज्य के अन्य कार्य विभागों के अनुरूप होगी। अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता एवं मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग के कार्यों के निरीक्षण, पर्यवेक्षक एवं क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होंग। इनके द्वारा ऊर्जा विभाग के अंतगर्त कार्यरत सभी इकाईयां जैसे टीवीएनएल, विद्युत नियमों, ज्रेडा आदि से संबंधित नीति निर्धारण, विद्युत नियमों के अनुपालन में विभाग को तकनीकी परामर्श प्रदान करेंग। इसके साथ ही सीईए रेगुलेशन के तहत 132 केवी क्षमता से अधिक एवं 50 एमवीए से अधिक क्षमता के विद्युत अधिष्ठापनों का निरीक्षण कार्य किया जाएगा।

**मुख्य विद्युत निरीक्षक** : विद्युत निरीक्षालय एवं उससे संबंधित कार्यों का निरीक्षण एवं क्रियान्वयन उत्तरदायी होंगे। मुख्य विद्युत निरीक्षक विद्युत निरीक्षालयों के प्रमुख होंगे। साथ ही साथ भारतीय विद्युत 2003 की धारा 127 के तहत ऐपीलेंट ऑथोरिटी के रूप में कार्य करेंगे। मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा विद्युत निरीक्षक कार्यालयों के कार्यों के निरीक्षण एवं क्रियाकलापों के लिए उत्तरदायी होंगे। विद्युत निरीक्षक कार्यालय में पदास्थापित सहायक विद्युत निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र का आवंटन विद्युत निरीक्षक के परामर्श से मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा किया जाएगा।

**मुख्य विद्युत अभियंता** : मुख्य विद्युत अभियंता का पद मुख्य विद्युत निरीक्षक के पद से अलग होने के बाद विद्युत कार्य विभाग के लिए निर्धारित रहेगा। मुख्य विद्युत अभियंता सह मुख्य विद्युत निरीक्षक के सचिव का पद भी मुख्य अभियंता के सचिव के रूप में विद्युत कार्य विभाग के अंतर्गत होगा। ये पीडब्लूडी कोड एवं समय-समय पर निर्गत अधिसूचनाओं के अनुरूप विद्युत कार्य विभाग के संचालन एवं कार्यों के निर्वहन के लिए उत्तरदायी होंगे।

**एसओआर सेल** : यह सेल एसओआर सेल के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करेगा। अपने सभी अनुशंसा मुख्य अभियंता को भेजेंगे. यह सेल मुख्य विद्युत अभियंता के अधीन होगा. इससे संबंधित सभी वेतन एवं निकासी मुख्य विद्युत अभियंता कार्यालय से किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## राज्यपाल से बिनोबा भावे विवि के प्रभारी कुलपति सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात



**रांची**: राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को बिनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान प्रभारी कुलपति ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। दूसरी ओर राज्यपाल से सामाजिक कार्यकर्ता ऊर्जा मैन रंजीत साहू ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। साथ ही राज्यपाल से पलामू के प्रगतिशील कृषक उद्यमी वीकेएस एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक प्रिय रंजन सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

## आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले 6 अपराधी गिरफ्तार



**रांची**: आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले छह अपराधी गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने मेसरा ओपी क्षेत्र के चुट्टू गांव से छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। ये सभी अपराधी डकैती की घटना को अंजाम देने वाले थे। इससे पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में मास्टरमाइंड वशी अहमद उर्फ बसी अहमद उर्फ अरमान, इमरान अंसारी उर्फ बडकू, आफताब अंसारी उर्फ रेंचो, सत्यम कुमार महतो उर्फ सतू, अरसद आलम उर्फ छोटका और सनु अंसारी शामिल है। गुरुवार शाम एसएसपी चंदन सिन्हा ने अपने ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि सभी अपराधी चुट्टू गांव में अशरफ अंसारी के घर में डकैती योजना बना रहे थे। लेकिन पुलिस ने सूचना मिलते ही सभी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा गोली, दो बाइक और दस हजार रुपये नकद बरामद किया है।

## ड्रीम गर्ल के दीदार के लिए रांची में उमड़ी भीड़



**रांची** : ड्रीम गर्ल हेमामालिनी और उनकी बेटी ईशा देओल गुरुवार को रांची पहुंची। रांची पहुंचने पर उनके फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। दोंनों ने हाथ हिलाकर अपने फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। हेमा मालिनी और ईशा देओल राजधानी रांची के मेन रोड में एक शो-रूम का उद्घाटन कने पहुंच। इस दौरान उनके फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। शो रूम के बाहर काफी संख्या लोगों की भीड़ लग गई। जिससे यातायात व्यवस्था भी कुछ घंटों तक प्रभावित रही। इससे पहले हेमा मालिनी रांची से होते हुए सिल्ली में आयोजित गूंज महोत्सव में शिरकत कर चुकी हैं। यह दूसरा मौका है जब हेमामालिनी रांची पहुंची।

## मंईयां सम्मान योजना बनी मंईयां अपमान योजना : बाबूलाल मरांडी



**रांची**: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि मंईयां सम्मान योजना मंईयां अपमान योजना बन गई है। पिछले पांच साल से महिलाओं को सिर्फ ठगने वाले हेमंत सोरेन ने चुनाव नजदीक आते देख दिखावे की राजनीति के चलते मंईयां सम्मान योजना चालू तो की लेकिन मंईयां सम्मान योजना, मंईयां अपमान योजना बनकर सामने आ रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि प्रदेश में आए दिन मंईयां सम्मान योजना के नाम पर चल रही ठगी का खुलासा हो रहा है। कभी फॉर्म के नाम पर पैसा लिया जा रहा है तो कभी लिस्ट में नाम चढ़ाने के नाम पर, तो कभी खाते में पैसा भेजने के लिए भी पैसे लिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों का अपमान करना झामुमो-कांग्रेस की पुरानी परम्परा रही है। इसी को आगे बढ़ाते हुए हेमंत सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे महिलाओं का अपमान किया जा सके। माताओं-बहनों को ठगा जा सके। उनके अधिकारों को छीना जा सके और उनके मान सम्मान अभिमान पर ठेस पहुंचाया जा सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि अब और नहीं।

## नायक ने भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से दिया इस्तीफा

**रांची** : उपरोक्त जानकारी देते हुए विजय शंकर नायक ने आज कहा कि इस सम्बंध में अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा दिया गया है। इन्होंने अपने इस्तीफा पत्र में आगे कहा कि झारखंड राज्य का नवनिर्माण अनेकों संघर्षो,बलिदानों तथा कुर्बानियों के बाद जल-जंगल-जमीन, भाषा, संस्कृति, नियोजन नीति, स्थानीय नीति, विस्थापन नीति आदि मुद्दों के साथ 15 नवंबर 2000 को अलग हुआ था। लेकिन संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की कार्यशैली राज्य की ज्वलंत मुद्दों एवं दलित आदिवासी मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई से अलग रहा है। आपसी समन्वय एंव संगठनात्मक ढांचा का प्रदेश में घोर अभाव है। प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों में ना सामंजस्य है और ना ही अपने पार्टी सिद्धांत की जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक कर रहे हैं। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी को कुछ लोग एकला चलो की राह पर अग्रसर हो कर कार्य कर रहे थे जिससे मै असहज महसूस कर रहा था । मेरा एक वर्ष जो मेरा किमती समय था जो बर्बाद हो गया। पार्टी मे कथनी करनी का अभाव रहा कुछ लोग तक ही पार्टी सिमट कर रह गई । मैं अपनी झारखंडियत और दलित आदिवासी मूलवासीयो के मुद्दों से कभी समझौता नहीं कर सकता हूं। अतः मैं अपने पद एंव प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि मेरी इस्तीफा को स्वीकार किया जाए।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बोकारो** : सेक्टर 3 के आरा मोड़ के समीप अशोक कुमार नामक व्यक्ति ने फांसी लगा अपने आत्महत्या कर ली बताते चले की सेक्टर 3 डी क्वार्टर संख्या 296 में अशोक कुमार अपने पिता महेंद्र राम के के आवास में परिवार सहित रहते थे बीती रात खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया उसके बाद सुबह जब परिजन द्वारा दरवाजा बंद पाया तो परिजनों को संदेह हुआ खोल कर देखा गया तो मृतक को फांसी के फंदे से झूलते पाया। आनन-फानन में परिजन ने इसकी सूचना थाने को दी एवं उचित इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा जांच के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया। शव को मर्चरी में रख दिया गया है परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक अशोक कुमार अपने चारों भाई-बहन में सबसे छोटा था और वह शादीशुदा भी थे कुछ दिनों से वह अवसाद ग्रसित थे ना तो किसी से बातचीत करना ना ही किसी को कुछ बोलना पूछने पर भी किसी तरह का कोई जवाब या प्रतिक्रिया नहीं मिलती थी । मौके पर पुलिस पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है पुलिस ने बताया कि युवक किसी मामले को लेकर तनाव में रह रहा था जिस कारण उसने आत्महत्या की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और आस पास के लोगों से पुछताछ कर रही है ।

### बंगाल सीमा पर चला वाहन जांच अभियान

**पटमदा** : बोड़ाम थाना क्षेत्र के बंगाल सीमा में सुसनी बॉर्डर में बने अंतर राज्यीय चेकनाका में बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया।इस दौरान थाना बल के साथ अन्य राज्य से आने वाले सभी चार पहिया वाहनों को जांच किया गया।

### कर्मचारी संघ के नए अध्यक्ष के रूप में करण सिंह राठौड़ ने पदभार संभाला

**बोकारो** : जिले के गोमिया के आईईएल यूनियन कार्यालय में इंडियन एक्सप्लोसिव कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राणा संग्राम सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात सर्वसम्मति से उनके पोते करण सिंह राठौर को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संघ के महासचिव संतोष राम ने यूनियन कार्यालय में अपने सहयोगियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। सभा के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन के साथ बैठक की, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। वार्ता के प्रमुख बिंदुओं में लांग सर्विस अवार्ड, कैंटीन की समस्या, न्यूनतम मजदूरी, और पेंशन से संबंधित मुद्दे शामिल थे। बैठक में संघ के सचिव मोहम्मद राउफ, संयुक्त सचिव मोअज आलम, उपाध्यक्ष राजेश गोस्वामी, सतेंद्र सिंह, कुंडल लाल, दिलीप सिंह, दीना हांसदा समेत अन्य सदस्यों ने भाग लिया। यूनियन ने प्रबंधन से इन मुद्दों पर शीघ्र समाधान की मांग की है।

### सुनील सोरेन और लुईस मरांडी के समर्थक भिड़े, चाकूबाजी में एक कार्यकर्ता घायल

**दुमका** : झारखंड विधानसभा के चुनाव की तिथि घोषित होने के बावजूद अभी तक झारखंड के प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। लगभग 36 घंटे से सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक भाजपा के प्रत्याशियों की सूची वायरल हो रही है। वायरल सूची के आधार पर उपराजधानी दुमका के चौक चौराहों पर चर्चा तेज हो गई है।

# विधानसभा निर्वाचन को लेकर उपायुक्त ने इनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभागार में एनफॉर्समेंट एजेंसियों के साथ बैठक की गई। यह बैठक आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से की गई। बैठक के दौरान उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों, उत्पाद छापामारी दलों आदि में प्रतिनियुक्त होने वाले विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों को विधानसभा आम चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि बॉर्डर पर बने चेकपोस्ट, चेकनाका, रेलवे स्टेशन, आसपास के बाजारों में चुनाव के दौरान संघन जांच करें ताकि किसी तरह का कोई भी हथियार, बड़ी रकम, अवैध मादक पदार्थ, ज्वेलरी आदि ले जाते हुए व्यक्ति की पहचान की जा सके। इसी तरह बैंकों में भी छोटी से बड़ी हर रकम निकासी पर नजर रखे, संदिग्धों की जानकारी दें। उन्होंने सहायक उत्पाद आयुक्त को कहा कि अवैध शराब को लेकर लगातार छापेमारी करें साथ हीं नारकोटिक्स के कोई मामले मिलते हैं तो उस पर नजर बनाये रखें। वहीं सीआईएसएफ को भी लगातार छापेमारी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान एसएसपी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर धनबाद पुलिस पूरी तरीके से तैयार है। जिला के सभी बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही साथ दूसरे राज्य एवं जिला से प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच भी की जा रही है। कार्य में लगे सभी पदाधिकारी एवं कर्मी तत्परता से कार्य करें, ताकि कोई भी किसी भी प्रकार से चुनाव को प्रभावित न कर सके। विशेष कर बंगाल से सटे बॉर्डर मैथन चेकपोस्ट में विशेष निगरानी रखें। साथ ही सभी एजेंसी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर विधानसभा चुनाव को सफल बनाएं। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक, आयुक्त, आयकर विभाग, नोडल पदाधिकारी, कस्टम डिपार्टमेंट, जिला वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सहायक आयुक्त, प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक, सी०आई०एस०एफ० के पदाधिकारी, रेलवे के पदाधिकारी, समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## स्कूली छात्रों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बीएसएल के सतर्कता विभाग के द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत स्कूली छात्रों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत बीएसएल के सीएसआर विभाग के सौजन्य से महिला समिति के द्वारा संचालित स्कूल बाल मंदिर, कोआपरेटिव कॉलोनी के कुल 127 छात्रों के बीच एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक एवं ए सी वी ओ ज्ञानेश झा के साथ सतर्कता विभाग के सहायक महाप्रबंधक शनि रंजन, अंजनी कुमार सिंह ,दिव्यांशु पंत तथा बी एस एल के सी एस आर विभाग के वरीय प्रबंधक नीरज कुमार त्रिपाठी उपस्थित थे। आज स्कूली छात्रों के बीच आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके प्रारंभिक शिक्षा में नैतिक मूल्यों और अखंडता को विकसित करने के लिए जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्रों के लिए राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का सञ्चालन तथा धन्यवाद ज्ञापन बाल मंदिर स्कूल की प्रभारी नीतू, सहायक प्रभारी आशा राज मिश्रा एवं स्कूल की प्रधानाचार्या सविता कुमारी के द्वारा किया गया।

## 30वें शहादत दिवस पर याद किए गए शहीद मणींद्र नाथ मंडल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : गुरुवार को शहीद मणींद्र नाथ मंडल को उनके 30वें शहादत दिवस पर याद किया गया।झामुमो जिला कमिटी के अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, मो.शमीम अंसारी प्रखंड सचिव निरसा,उमेश राम, मो. शाहिद खान सुबोर टुडू, राजन आदि ने मेमको मोड़ में शहीद मणींद्र नाथ मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लखी सोरेन ने कहा कि मणींद्र नाथ मंडल झारखंड आंदोलन के एक अग्रणी आंदोलनकारी थे। आज स्वर्गीय मंडल जैसे वीर शहीदों के वजह से अलग झारखंड राज्य का सपना पूरा हो पाया हैं। मुकेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शहीद मणींद्र नाथ मंडल ने झारखंड के मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने विस्थापितों के हक लिए लड़ाई लड़ी। बीसीसीएल ईसीएल, सीसीएल में मजदूरों की आवाज बने। मनींद्र नाथ मंडल के दिखाए गए मार्ग आज भी युवाओं के लिए आर्दश हैं। अलग राज्य के आंदोलन में भी उनकी अहम भूमिका रही है। समाज के लिए किए गए उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## ईसीआरकेयू ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : आगामी तीन चार और पांच दिसंबर 2024 को रेलवे में मान्यता प्राप्त के लिए होने वाला रेलवे यूनियन का चुनाव को देखते हुए आज ईसीआरकेयू अपना जनसंपर्क अभियान, आम सभा और गेट मीटिंग का शुरू किया इसके तहत आज आई ओ डब्लू धनबाद वन मे एक आम सभा किया गया। यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि उपस्थित सभी वक्ताओं ने एक-एक कर एआईआरएफ और ईसीआरकेयू द्वारा किए गए रेल मजदूर का हितकारी कार्यों पर प्रकाश डालें और यूनियन का उपलब्धियां को रेल कर्मचारियों का समक्ष रखें और साथ ही साथ यूपीएस में जो भी खामियां हैं उसे आने वाले दिनों में दूर करने के लिए संघर्ष नियंत्रण जारी रखने का भी भरोसा दिया।आज का इस सभा में धनबाद शाखा वन के संयोजक चमारी राम केंद्रीय संगठन मंत्री नेता सुभाष, मंडल चुनाव प्रभारी राजेश कुमार धनबाद शाखा दो के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी एन के खवास के अलावे उपेंद्र मंडल, पिंटू नंदन, आरएन विश्वकर्मा, रतन शंकर, विद्याभूषण, रंजीत कुमार, विश्वजीत मुखर्जी, पी बनर्जी,जे के साव, परमेश्वर कुमार, राकेश प्रसाद, अजय कुमार सिंह, गुड्डू कुमार, राघवेन्द्र, शशांक कूमार अस्विनी, संजय शर्मा, जयदेव प्रमाणिक रीतलाल, प्रभाकर कुमार, राज कुमार, अमित रंजन, बिनोद गोप,भ ीखन महतो, राजीव कुमार सिंह, बीबी आजाद, राजीव कुमार, कृष्णा रजक, सुरेंद्र चौहान, बासु, वीरेंद्र, नारायण महतो, शुभाष महतो, राजकुमार, मुकेश कुमार, पवन कुमार, बीरेंदर कुमार, गोबिन्द चौरसिया, अंकित कुमार, हबिब, दिलीप कुमार, नित्यानंद गिरी और धनबाद आई ओ डब्लू वन के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## दीपावली के लिए निर्मित सजावट की सामग्रियों की प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में प्रकाश और दीपों के पर्व दीपावली के लिए दिव्यांग बच्चो द्वारा निर्मित दीप, मोमबत्ती, तोरण , बास्केट इत्याद डेकोरेटिव सामग्रियों की प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को अनुपमा सिंह पूर्व लोक सभा प्रत्याशी कांग्रेस तथा क्षेत्रीय श्रमायुक्त मनीष शंकर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। मनीष शंकर ने पहला कदम के बच्चो के हुनर को देख कहा इनके इस कला को समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ाना होगा। अनुपमा सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चो की साल भर की मेहनत तभी रंग लाएगी जब आप सभी समाज के हर वर्ग के सम्मानित जन उनका हौसला बढ़ाने हेतु उनके द्वारा निर्मित दीप और हस्तकला से अपने घर को जगमगाएंगे। अनुपमा सिंह ने स्कूल के बच्चो द्वारा बनाए दीपक, बास्केट वंदनवार आदि सामग्रियों को खरीदकर उनका मनोबल बढ़ा उनका मान बढ़ाया। अनुपमा जी ने कहा ये उनके जीवन का एक खूबसूरत और भावनात्मक पल है जो उनके जीवन का सबसे अविस्मरणीय पल होगा। उन्होंने सचिव अनिता अग्रवाल और पूरी टीम को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। स्कूल में दोनों सम्माननीय अतिथिगण का सम्मान मोमेंटो देकर किया गया। सभी ने बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# नामांकन के दौरान आयोग की गाइड लाइन का करें अनुपालन : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : विधानसभा आम निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कर दिया गया है। आगामी 20 नवंबर को जिला अंतर्गत सभी चारों विधानसभा 34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी क्षेत्र में मतदान होना है। इसके लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। जिसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन का कार्य शुरू होगा। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुरूप नाम-निर्देशन का कार्य पूरा हो। इसको लेकर सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन कोषांग गठित किया गया है। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में गठित नामांकन कोषांग के सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने नामांकन प्रक्रिया का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आरओ बुक में अंकित नामांकन प्रक्रिया के निर्देशों/एक्ट से क्रमवार अवगत करवाया। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम, फार्म वन, अधिसूचना की जानकारी सभी आंगनबाड़ी केंद्रों/पंचायत भवन/ प्रखंड अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय आदि में चस्पा करने, एनआइए एक्ट के तहत घोषित अवकाश, नाजिर द्वारा नामांकन प्रपत्र को अभ्यर्थी से आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क प्राप्त कर उपलब्ध कराने, फार्म भरने के दौरान चेकलिस्ट, नामांकन प्रपत्र प्राप्त करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, प्रस्तावकों की संख्या, आरओ कक्ष में अभ्यर्थी समेत एक साथ कितने प्रस्तावकों का प्रवेश , अभ्यर्थियों से नो ड्यू सर्टिफिकेट, अभ्यर्थियों द्वारा शपथ लेने, फोटो आदि के संबंध में जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं नामांकन कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को पूरी प्रक्रिया में कहीं कोई चूक नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने को कहा। कोई भी कार्य/निर्णय अपने मन से नहीं करना है। आरओ हैंड बुक में अंकित निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करना है। उन्होंने सभी को आरओ बुक का गंभीरता से अध्ययन करने की बात कहीं। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, निवार्ची पदाधिकारी बेरमो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चिटाहीधाम सड़क पर बालू लदा हाइवा जब्त




**कतरास (धनबाद)** : आज बरोरा पुलिस दिवा गश्ती के दौरान बंद माइनोप आउटसोर्सिंग भूमिगत खदान के समीप मुराइडीह चिटाहीधाम सडक पर बालु लदा हाइवा जब्त किया। जब्त गाडी को थाना लाया गया है। थानेदार जयप्रकाश ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी को अग्रतर कारवाई के लिए लिखा गया है।बताया जा रहा है कि सोनारडीह की ओर से बालु लदा हाइवा आ रही थी गश्ती के दौरान पुलिस द्वारा रोके जाने पर चकमा देकर गाड़ी को आगे खडी कर हाइवा चालक फरार हो गया।

### चुनाव को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**कतरास (धनबाद)** : चुनाव को लेकर विधि व्यावस्था बनाए रखने को लेकर अंगारपथरा ओपी प्रभारी विशाल दास विधाता के नेतृत्व मे फ्लेग मार्च निकाला गया ओपी के पदाधिकारी ओर जवान शामिल थे वही ओपी प्रभारी ने चुनाव के दिन शांति व्यावस्था बनाए रखने एवं पुलिस को सहयोग करने की जनता से अपील की क्षेत्र मे विधि व्यावस्था दुरूस्त रहे। इस दौरान अंगारपथरा पुलिस द्वारा सीआईएसएफ, काटापहाड़ी, खासअंगारपथरा, नेशनल अंगारपथरा, सूर्य मंदिर, समेत कई जगहों पर ओपी प्रभारी विशाल दास विधाता ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन कि मदद करने की अपील की।

### बीएसएल में हड़ताल को लेकर कर्मचारियों में भारी उत्साह



**बोकारो** : बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के आह्वाहन पर दिनांक 19 अक्टूबर को आयोजित हड़ताल पर बीएसएल कर्मचारी भारी उत्साह दिखा रहे है ।बीएसएल कर्मचारी खुद छोटे छोटे समुह में इकट्ठा होकर हड़ताल में शामिल होने का संकल्प ले रहे है ।वही दूसरी तरफ बीएसएल प्रबंधन हड़ताल को विफल करने के लिए सभी दाँव पेंच अजमा रही है ।पर्सनल विभाग तथा विभिन्न विभागो के अधिकारी , कर्मचारियों को अलग अलग तरिके से समझाने में लगे है ।लेकिन कर्मचारियो के पलटवार वाले प्रश्नो का उनके पास कोई जवाब नही होने पर वो चुप लगा जा रहे है । वही जिस प्रकार बीएसएल कर्मचारी स्वतः आगे आकर हड़ताल का समर्थन कर रहे है , उससे बाकि युनियन नेताओ के लिए एक चुनौती खड़ा हो गया है कि वह हड़ताल का प्रत्यक्ष रुप से समर्थन करे ।गौर तलब है कि 94 माह से वेज रीविजन का एमओए नही होने, एकतरफा कम बोनस भेजने, एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन होने, निर्दोष कर्मचारियों का स्थांतरण करने तथा बोकारो इस्पात संयंत्र में यूनियन चुनाव नही होने से बीएसएल कर्मचारी काफी आक्रोशित है । अपने कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार करने की नीति प्रबंधन को अब छोड़नी होगी ।वही मीटिंग, सीटिंग , इटिंग के बाद शुरू हुए चीटिंग की नीति को भी यूनियन नेताओं को छोड़ना होगा ।महारत्ना स्टेटस का लाभ सिर्फ अधिकारी वर्ग को देने से कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है , जिसके कारण 19 अक्टूबर को ऐतिहासिक हड़ताल होने वाली है। हरिओम , अध्यक्ष बीएकेएस बोकारो जिस तरह कर्मचारी स्वतः संकल्प ले रहे है। उससे प्रबंधन को समझ में आ जाना चाहिए कि 19 अक्टुबर को क्या होने वाला है। कर्मचारी प्रबंधन तथा नेताओ का वास्तविक चेहरा देख चुके है ।एक कंपनी में अब अलग अलग नीति नही चलेगी।

### रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेन आरक्षण की अग्रिम समय सीमा में बदलाव

**बोकारो** : रेल मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है कि 01.11.2024 से ट्रेन आरक्षण की मौजूदा अग्रिम समय सीमा को 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया जाएगा, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है। 01.11.2024 से, अग्रिम आरक्षण अवधि पीपी 60 दिनों की होगी और उसी के अनुसार बुकिंग की जाएगी। हालांकि, 31.10 .2024 तक की गई सभी बुकिंग 120 दिनों के अग्रिम आरक्षण अवधि के अंतर्गत वैध रहेंगी। 60 दिनों से अधिक अग्रिम आरक्षण अवधि के अंतर्गत की गई बुकिंग का रद्दीकरण अभी भी अनुमत होगा। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस जैसी कुछ दिन के समय में चलने वाली ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, जहां कम समय सीमा पहले से ही लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा में भी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद् ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया कोजागरा उत्सव

**बोकारो** : मैथिली भाषियों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद् द्वारा बुधवार की शाम मिथिलांचल का पारंपरिक कोजागरा उत्सव सोल्लास मनाया गया। परिषद् द्वारा संचालित सेक्टर-4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित इस उत्सव का उद्घाटन मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी, पूर्व महासचिव सतीश चंद्र झा, वर्त्तमान वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अरुण पाठक ने महाकवि विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर किया। स्वागत भाषण करते हुए परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने कहा कि मिथिलांचल में आश्विन पूर्णिमा के दिन कोजागरा उत्सव मनाया जाता है। इस दिन हर घर में लक्ष्मी पूजा का विधान है और रात्रि जागरण की प्रधानता है। विशेषरुप से नव विवाहित युवकों के यहां कोजागरा उत्सव धूम-धाम से मनाया जाता है। उन्होंने मिथिला की धनी संस्कृति व परंपरा पर प्रकाश डालते हुए इसे अक्षुण्ण बनाये रखने का आह्वान सभी से किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुमार पाठक के संयोजन व संचालन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी शुरूआत अरुण पाठक ने विद्यापति रचित भगवती वंदना जय-जय भैरवि असुर भयाउनि सुनाकर की।

# चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत में मंईयां सम्मान योजना का महिलाओं को नहीं मिल रहा लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत में मैया सम्मान योजना का फॉर्म भरने वाली महिलाओं को भी लाभ नहीं मिल रहा है। पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालक ऑपरेटर शिव बालक उरांव ने 700 फॉर्म को ऑनलाइन नहीं किया है, जिसके कारण कई महिलाएं इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रही हैं। इसके अलावा, वृद्धा पेंशन के 70 फॉर्म भी ऑनलाइन नहीं किए गए हैं। पंचायत की मुखिया गुंजन मार्था केरकेट्टा ने बताया कि ऑपरेटर की बदमाशी के कारण पंचायत की कई महिलाओं को सरकार की इस बड़ी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेटर की लापरवाही के कारण मैया सम्मान योजना के लाभ से पंचायत की कई महिलाएं वंचित रह गई हैं। इस मामले में पंचायत की मुखिया ने ऑपरेटर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे ऑपरेटर पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जो सरकार की योजनाओं को लागू करने में बाधा डालते हैं। इस योजना के तहत महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, लेकिन ऑपरेटर की लापरवाही के कारण कई महिलाएं इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रही हैं। इससे पंचायत की महिलाओं में आक्रोश है। पंचायत की मुखिया ने अधिकारियों से ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है ताकि सरकार की योजनाएं सही तरीके से लागू हो सकें। वही झामुमों के प्रखंड सचिव फरदीनंद लकड़ा ने ऑपरेटर शिव बालक उरांव को लापरवाह बताते हुए कहा कि सरकार की कितनी बड़ी जनकल्याणकारी योजना का लाभ ऑपरेटर के लापरवाही के कारण लोगों को नहीं मिल पा रहा है जो काफी शर्मनाक है। ऐसे ऑपरेटर के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वही इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि डाटा एंट्री का काम चल रहा है इसे जल्द पूरा करने के लिए मैंने पंचायत सचिव महताब आलम को निर्देश भी दिया है। अगर प्रज्ञा केंद्र संचालक शिवबालक के द्वारा गलती की जा रही है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

## तेरह दिवसीय कॉमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। मुख्य अतिथि केनरा बैंक सिल्ली के शाखा प्रबंधक श्री राजू उरांव उपस्थित हुए,राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर स्वरोजगार और बैंक से जुड़ने का संदेश दिया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहर बना सकते येआप के ऊपर निर्भर करता है , आप अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो,महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## डीसी और पुलिस अधीक्षक ने सुदूरवर्ती बरडीह व बमदा पंचायत के बूथों का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक संभु सिंह ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चैनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बारडीहा व बामदा पंचायत के कुकरुंजा, तबेला, बारडीह उरु रोघाडीह, सिविल, दरकाना, कोटाम बेहराटोली गांवों में बूथों का निरीक्षण किया और आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय, रास्ता की स्थिति और कैम्प चार्जिंग पॉइंट को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बीडीओ यादव बैठा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले से जो बूथ रीलॉकेट होता था वैसे बूथों का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने कई जगह मोटरसाइकिल से भी दौरा किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता, मुखिया ईश्वर, पंचायत सचिव राममोहन भगत, बीपीआरओ संदीप टेट उपस्थित थे।

## फादर कॉन्सटंट लिवन्स डे पर बेंदोरा गांव में भव्य समारोह, हजारों धर्मविश्वासी हुए शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा गांव में बुधवार को फादर कॉन्सटंट लिवन्स डे का वार्षिक समारोह भव्य तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अनुष्ठाता गुमला धर्म प्रांत के विशप स्वामी लिनुस पिंगल एक्का ने फादर लिवन्स के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। विशप स्वामी लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि फादर लिवन्स ने आदिवासी समाज के बीच जमींदारी प्रथा के जुर्म समाप्त करने का कार्य किया था। उन्होंने आदिवासियों के बीच भूत-प्रेत के डर को समाप्त करने का कार्य भी किया है। इस क्षेत्र में सर्वप्रथम शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के बाद गरीबी, शोषण एवं पूंजीवादी व्यवस्था से आजाद करवाने का कार्य किया। इस दौरान आशीष, मिस्सा पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैनपुर पारीस के डीन फा जेबरियानुस किंडो ने कहा कि आज जलती रहे का नारा फादर कॉन्सटंट लीबंस ने छोटानागपुर में अपनी प्रेरिताई की शुरूआत करते हुए दिया था जो आज भी प्रज्वलित है। फादर कॉन्सटंट लिवन्स ने 16 अक्टूबर 1850 ई. को बेंदोरागाँव में पाँव रखा था और वहीं से पूरे बरवे क्षेत्र के लोगों की सेवा करना आरम्भ किया था। उन्होंने पूरे बरवे क्षेत्र में ईसाई धर्म की प्रचार प्रसार करते हुए ईसाई धर्म की स्थापना की। इस मौके पर बिंदोरा गांव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लिवन्स डे मनाने के लिए समझ में बर्वे क्षेत्र के टोंगो बारडीह, जर्मना, चैनपुर, मालम, परसा, नावाडीह, भीखमपुर, कटकाही के धर्म पुरोहित धर्म बहन वह हजारों की संख्या में धर्म विश्वासी उपस्थित हुए।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस जनों ने बीडीओ से की औपचारिक मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** गुरुवार को सिल्ली प्रखंड कार्यालय में सिल्ली बीडीओ अनिल कुमार जी से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, एस टी प्रोकोष्ठ श्रीप्रसाद बड़ाईक, अल्पसंख्यक सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष समसेर आलम, युवा कांग्रेस के महताब आलम, नितेश गुप्ता, मोमिन कंफ्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष मो कलाम अंसारी, इत्यादि कांग्रेसजनों ने औपचारिक मुलाकात की।

# हिंदू समाज के मौन रहने के कारण ही हिंदू चिंतन और हिंदुओं पर हो रहा है आक्रमण : अंबरीश सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल झारखंड प्रांत की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को स्थानीय स्थित राजस्थान भवन में संपन्न हुई। बैठक के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री और विशेष संपर्क केंद्रीय प्रमुख अंबरीश सिंह ने कहा कि श्री रामजन्मभूमि आंदोलन के आरंभ में ही पूज्य संतों ने 1984 में संकल्प सभा की सुरक्षा की दृष्टिकोण से बजरंग दल स्थापना की थी। बजरंग दल के कार्यकर्ता श्रीरामशिला पूजन कार्यक्रम में कवच की तरह खड़े थे, वहीं आतंकवाद की चुनौतियों को स्वीकार कर अमरनाथ यात्रा और बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को संफलतापूर्वक संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के मौन रहने के कारण ही समाज में निरंतर हिंदू चिंतन और हिंदुओं पर आक्रमण होता चला आ रहा है। रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हिंदू कन्याओं का अपहरण, लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसी घटनाएं प्रतिदिन हो रही है। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समाज को खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अपने बच्चों को धर्म-संस्कृति से जोड़कर रखना होगा। अंबरीश सिंह ने कहा कि समाज के बीच से सैनिक, साधु और संत अधिक से अधिक निकलें, तभी हमारी धर्म और संस्कृति अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि बजरंग दल हिंदू समाज का शौर्य अवतार है, अपने आत्मबल को लेकर समाज के बीच युवा शक्ति खड़ा कर समाज को सशक्त बनायें। समापन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कुछ नवीन दायित्व की घोषणा करते हुए कहा कि हिंदू समाज के लिए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ऐसी कड़ी हैं, जो हिंदू समाज के विपत्ति निवारक के रूप में कार्य करते हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने आगंतुकों और कार्यकताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मुंडा, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, बजरंग दल क्षेत्र संयोजक जनमेजय कुमार, विहिप के खूंटी जिला अध्यक्ष विनोद जायसवाल, दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत सह संयोजक जनार्दन पांडेय, संगठन मंत्री देवी सिंह, पूज्य संत कृष्ण चौतन्य ब्रह्मचारी, खूंटी के जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक विकास मिश्रा, कार्यक्रम सह सह संयोजक प्रवीण जायसवाल, संजय गुप्ता, जिला मंत्री राजीव झा, अभिषेक कुमार, मनीष कश्यप, वीरेंद्र सोनी आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।**
*Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

"आदेश"

विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के दौरान चुनाव प्रचार के लिए मुद्रण सामग्रियों के उपयोग के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा 127 (A) के तहत सूचित किया जाता है कि चुनाव प्रचार के लिए मुद्रित निर्वाचन पुस्तिका, पम्पलेट, पोस्टर आदि के मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम एवं पता अंकित होना अनिवार्य है। मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिंटींग के तीन दिनों के अन्दर चार प्रति में प्रकाशक के घोषणा पत्र के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अधिनियम की धारा 77 (1) के तहत प्रत्याशियों द्वारा मुद्रित चुनाव सामग्री के व्यय का विवरण निर्वाचन लेखा में अनिवार्य रूप से शामिल किया जायेगा।

किसी प्रत्याशी / व्यक्ति के द्वारा इस अधिनियम का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत विहित दण्ड अधिरोपित किया जायगा एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अधीन आवश्यक कार्रवाई की जायगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 339221 (Election) 24-25 (D)



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़**
(निर्वाचन शाखा)
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

- :: आम सूचना ::-

रामगढ़ जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समाहरणालय छत्तरमाण्डू के 'ए' ब्लॉक में जिला नियंत्रण कक्ष अधिष्ठापित किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी तथा विधानसभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित शिकायत एवं जानकारी हेतु निम्न दुरभाष संख्या पर सम्पर्क किया जा सकता है। दूरभाष संख्या की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| 1 | 06553–261417 |
| 2 | 06553–261427 |
| 3 | 06553–1950 |
| 4 | 18003457036 |

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़

PR 339189 Election (24-25)_D



**समाहरणालय, सिमडेगा**
(जिला निर्वाचन शाखा)

-:आम सूचना:-

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 15.10.2024 से विधान सभा आम चुनाव, 2024 के निमित आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गयी है।चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु विभाग द्वारा 24x7District Contact Center का अधिष्ठापन किया गया है।आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरांत जिले के हेल्पलाईन नं0 1950 (06525–225043) को चार Hunting Line यथा:–1 06525–225043, 2. 06525–299921,3. 06525–299968, एवं 06525–299980 को 1950 के साथ जोड़ दिया गयाहै।

साथ ही, सिमडेगा जिला में एक जिला नियंत्रण कक्ष भी संचालित है, जहाँ 9608015586 /06525–299908 एवं 100 पर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।cVIGIL App नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता (MCC) / व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए एक ऑनलाइन एप्लिकेशन है। यह सतर्क नागरिकों को आदर्श आचार संहिता / व्यय उल्लंघन की घटनाओंको देखने के कुछ ही मिनटों के भीतर लाइव रिपोर्ट देने की अनुमति देता है।अब उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय तक दौड़ने की जरूरत नही है।किसी भी नागरिकको बस एक तस्वीर क्लिक करनी है या एक वीडियो रिकॉर्ड करनाहै, गतिविधि का वर्णन करना है और उसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपलोड करना है।आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत / सूचना अपलोड करते ही नियंत्रण कक्ष एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा सक्रिय होकर शिकायत की जाँच एवं कार्रवाई 100 मिनट की भीतर की जायेगी।

जिले के समस्त नागरिकों से अपील है कि चुनाव प्रचार के क्रम में आदर्श आचारसंहिता उल्लंघन के मामलों से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं।प्राप्त शिकायत पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा

PR 339186 Simdega (24-25)_D



**कार्यालय: जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार**
(MCMC कोषांग)

सूचना

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल / अभ्यर्थी को सूचित किया जाता हैं कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 491 / Paid News/2019 Communication, दिनांक 25.02.2019 के आलोक में 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा आम चुनाव 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित हैं जो प्रिंट / इलेक्ट्रोनिक / सोशल / केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- ➢ निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी / उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन / प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन / प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- ➢ निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी / उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक / सोशल मीडिया / केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित / प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गय व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों / प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जायेगी।
- ➢ प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
- ➢ आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्वः अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित / टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
- ➢ आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनीतिक दल / प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन / प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- ➢ (MCMC) कोषांग, लातेहार सूचना भवन, लातेहार में कार्यरत हैं जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगी।

प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिये प्रारूप Latehar.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR.NO.339180 Election(24-250:D



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।"
**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

आम–सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा की जा चुकी है। आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण पलामू जिला में आदेश आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। निर्वाचन से संबंधित पोस्टर / पम्पलेटस / पुस्तिका आदि के मुद्रण पर Restrictions के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127A में वर्णित प्रावधान के अनुसार ("Restrictions on the Printing of Pamphlets, Posters,etc") –

01. कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम एवं पता न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित करायेगा।
02. यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को –
(क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा, और न मुद्रित करायेगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते है अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा को परिदत्त कर देता है, तथा,
(ख) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित करायेगा, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित –
(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन ऑफिसर को तथा
(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है, जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।
03. इस धारा के प्रयोजनों के लिए –
(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बावत जो हाथ से नकल करने ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जायगा कि वह मुद्रण है और 'मुद्रक' पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जाएगा, तथा
(ख) "निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्या संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आता।
04. जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा, या दोनों से दंडनीय होगा।


अतः पलामू जिलान्तर्गत सभी प्रिन्टिंग प्रेस को निदेश दिया जाता है कि वे विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में प्रिन्टिंग प्रेस से पोस्टर / पम्पलेट्स / पुस्तिका आदि प्रचार सामग्री के मुद्रण पर निर्बन्धन के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निदेश का अनुपालन नहीं किये जाने की स्थिति में नियमानुसार सम्बन्धित प्रेस के विरूद्ध कार्रवाई की जायगी।

"मतदाता बनें– लोकतंत्र को मजबूत करें।"

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO. 339206 Palamu(24-25):D

# न्याय की गान्धारी की आँखों से पट्टी का हटना सुखद



राकेश अचल

न्याय की देवी की वास्तव में यूनान की प्राचीन देवी हैं, जिन्हें न्याय का प्रतीक कहा जाता है. इनका नाम जस्टिया है. इनके नाम से जस्टिस शब्द बना था। इनके आंखों पर जो पट्टी बंधी रहती है, उसका मतलब है कि न्याय की देवी हमेशा निष्पक्ष होकर न्याय करेंगी। किसी को देखकर न्याय करना एक पक्ष में जा सकता है। इसलिए इन्होंने आंखों पर पट्टी बांधी थी।

कहते हैं की जो होता है सो अच्छा ही होता है। भारत में न्यायपालिका का प्रतीक चिन्ह आँखों पर पट्टी बंधे हाथ में तलवार लिए एक स्त्री का चित्र था । इसे न्याय की देवी कहा और माना जाता है ,क्योंकि न्याय देने का काम शायद देवता नहीं कर पाते हैं। न्याय की देवी की आँखों पर पट्टी शायद इसलिए बंधी गयी होगी ताकि वो नीर-क्षीर विवेक से न्याय कर सके,हाथ में तलवार शायद इसीलिए दी गयी होगी ताकि वो निर्ममता से दंड दे सके,लेकिन अब उसकी आँखों से पट्टी भी हटा दी गयी है और हाथ से तलवार भी छीन ली गयी है । न्याय की देवी के हाथों में उस संविधान की प्रति पकड़ा दी गयी है जो हाल के आम चुनाव में कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी और बाकी का विपक्ष लेकर घूम रहा था।

कहते हैं कि न्याय के प्रतीक को बदलने की सारी कवायद के पीछे देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ हैं। उनके निदेशों पर न्याय की देवी में बदलाव कर दिया गया है। न्याय कि देवी कि नयी प्रतिमा सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। पहले जो न्याय की देवी की मूर्ति होती थी. उसमें उनकी दोनों आंखों पर पट्टी बंधी होती थी. साथ ही एक हाथ में तराजू जबकि दूसरे में सजा देने की प्रतीक तलवार होती थी। ये बदलाव हालाँकि सांकेतिक ही है लेकिन है अच्छा। इस फैसले पर मौजूदा सरकार की सोच भी परिलक्षित होती है। आपको याद होगा कि हमारी मौजूदा सरकार को आजकल सब कुछ बदलने का भूत सवार है । शहरों,स्टेशनों के नाम ही नहीं बल्कि अंग्रेजों के जमाने के तमाम कानून भी बदले गए हैं। ऐसे में न्यायपालिका क्यों पीछे रहे ? इसीलिए अब भारतीय न्यायपालिका ने भी ब्रिटिश काल को पीछे छोड़ते हुए नया रंगरूप अपनाना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ना केवल प्रतीक बदला है बल्कि सालों से न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी भी हट गई है। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया है कि अब कानून अंधा नहीं ह। कानून को अंधा होना भी नहीं चाहिए |दुर्भाग्य से देश में आज भी तमाम कानून अंधे हैं।

मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य नयायधीश को ये विचार या प्रेरणा पिछले दिनों गणेशोत्स्व पर प्रधानमंत्री जी के साथ गणेश पूजन के बाद मिली। शुरूआत अच्छी है।



हम सब इसका स्वागत करते है । इस समय जिस भी व्यवस्था की आँखों पर पट्टी बंधी हो उसे हटाने की जरूरत है। आँखों पर पट्टी का बंधा होना जहाँ नीर-क्षीर विवेक का प्रतीक माना जाता रहा है वहीं इसे जानबूझकर आअंखें बंद करने का प्रतीक भी माना जाता है। द्वापर में गांधारी ने अपनी आँखों पर पट्टी अपने पति प्रेम के चलते बाँधी थी ,लेकिन उसका क्या परिणाम हुआ ,पूरी दुनिया जानती है । दुनिया न भी जानती हो , लेकिन भारत का बच्चा -बच्चा जानता है। सुप्रीम कोर्ट के इस नवाचार का हम दिल खोलकर स्वागत करते हैं और चाहते हैं कि अब देश में न्यायप्रणाली की आँखें न सिर्फ खुलीं हों बल्कि गंगाजल से धुली भी हो। अभी तक भारतीय न्यायपालिका में देश का भरोसा कायम है यद्दिप न्यायपालिका तमाम आधे-अधूरे फैसलों की वजह से संदिग्ध हुई है तथापि उसे अनेक फैसलों की वजह से पूरा सम्मान भी हासिल है।

दुर्भाग्य ये है कि इस समय देश में कार्यपालिका हो या विधायिका,सभी की आँखों पार पट्टी और हाथों में तलवार है । पक्षपात की तलवार । अदावत की तलवार। हमारी सरकार के नियनत्रण में सब कुछ है । न्यायपालिका भी ,क्योंकि इस अंग की नियुक्ति,वेतन-भत्तों तक की व्यवस्था सरकार करती है। सरकार भी अपनी आँखों पर पट्टी बांधकर काम करती है । वो जिस मंजर को नहीं देखना चाहती उसे नहीं देखती । वो जहाँ तलवार चलाने की जरूरत होती है वहां तलवार को हाथ भी नहीं लगाती और जहाँ तलवार नहीं चलना होती वहां तलवार भी चलाती है और आँखों पर बंधी पट्टी भी हटा लेती है। इस बात के उदाहरण नहीं दूंगा,इसका विश्लेषण आपको भी करना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश माननीय चंद्रचूड़ का मानना है कि अंग्रेजी विरासत से अब आगे निकलना चाहिए। कानून कभी अंधा नहीं होता। वो सबको समान रूप से देखता है। इसलिए न्याय की देवी का स्वरूप बदला जाना चाहिए। साथ ही देवी के एक हाथ में तलवार नहीं, बल्कि संविधान होना चाहिए; जिससे समाज में ये संदेश जाए कि वो संविधान के अनुसार न्याय करती हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ साहब का मानना है कि तलवार हिंसा का प्रतीक है। जबकि, अदालतें हिंसा नहीं, बल्कि संवैधानिक कानूनों के तहत इंसाफ करती हैं। दूसरे हाथ में तराजू सही है कि जो समान रूप से सबको न्याय देती है।

हमें उम्मीद करना चाहिए की जिस तरह से माननीय मुख्य नयायधीश ने अपनी सेवा निवृत्ति से कुछ दिन पहले न्यायपालिका के प्रतीक को बदला है उसी तरह वे जाते-जाते उन सभी संवैधानिक संस्थाओं की आँखों पर बंधी पट्टी और हाथों में ली गयी दृश्य और अदृश्य तलवारों को हटवाने का भी इंतजाम कर जायेंगे। ईडी हो,सीबीआई हो या केंद्रीय चुनाव आयोग हो सबकी आँखों पर पट्टी और हाथों में तलवार है । आज का युग आँखों पर पट्टी बांधकर काम करने का है भी नही। आज के युग में तलवार हाथ में लेकर दुनिया को नहीं चलाया जाता । आज कीदुनिया के हाथों में तलवार की जगह विनाशकारी बम आ गए हैं, मिसाइलें आ गयीं हैं ,जो सामूहिक नरसंहार कर रहे हैं।

हमारे कानून के शिक्षक स्वर्गीय गोविंद अग्रवाल साहब हमें पढ़ते वक्त बताया करते थे कि -न्याय की देवी की वास्तव में यूनान की प्राचीन देवी हैं, जिन्हें न्याय का प्रतीक कहा जाता है. इनका नाम जस्टिया है. इनके नाम से जस्टिस शब्द बना था। इनके आंखों पर जो पट्टी बंधी रहती है, उसका मतलब है कि न्याय की देवी हमेशा निष्पक्ष होकर न्याय करेंगी। किसी को देखकर न्याय करना एक पक्ष में जा सकता है। इसलिए इन्होंने आंखों पर पट्टी बांधी थी। वैसे आपको भी पता है और मुझे भी पता है कि आँखों पर पट्टी बांधकर मोटर साइकल चलाना और चित्र बनाना जादूगरों का काम है,न्यायधीश ये नहीं कर सकते । नेता जरूर कर सकते हैं,कर भी रहे हैं। । बहरहाल मुख्य न्यायाधीश को इस तब्दीली के लिए तहेदिल से बधाई। कम से कम सेवनिवृर्ति से पहले वे भी एक नया इतिहास लिखकर जो जाने वाले हैं। अब पुरानी हिंदी फिल्मों में दिखाए जाने वाले अदालतों के इस प्रतीक चिन्ह का क्या होग। राम जाने ?

## संपादकीय

### सकारात्मक पहल

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रों के हित में 'अर्न व्हाहिल लर्न' योजना शुरू कर रहा है जिसमें वे अपनी नियमित पढ़ाई के दौरान कमाई भी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय छात्रों को विभिन्न माध्यमों मसलन इंटरर्नशिप, रिसर्च असिस्टेंटशिप आदि से कमाने का मौका देग। इसके लिए डीयू का प्रत्येक विभाग उद्योग आदि की मदद से कॉर्पस फंड़ जनरेट करेगा। विभाग विभिन्न एजेंसियों के साथ करार करेगा ताकि छात्रों को इनमें इंटरर्नशिप मिल सके। पार्ट टाइम जॉब के लिए स्थानीय व्यापार संगठनों को भी जोड़ेग़ा। प्रिंसिपल इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत छात्रों को मानदेय दिया जाएगा। जरूरतमंद छात्रों को टीचर असिस्टेंटशिप दिए जाने की योजना पर भी जोर रहेगा। योजना का प्रारूप निश्चित रूप से बेहद सकारात्मक प्रतीत हो रहा है। देश भर से छात्र बेहतर भविष्य की कल्पना के साथ दिविवि में दाखिला लेते हैं जिसमें ढ़ेरों मेधावी और परिश्रमी छात्र ऐसे होते हैं, जिनकी पृष्ठभूमि कमजोर वर्ग से होती है। बीते सालों में विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तरह डीयू ने भी विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क काफी बढ़ा दिया है। ऐसे में घर-परिवार से दूर रहकर पढ़ाई करने वालों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इस मंहगे महानगर में खाने और आवास की व्यवस्था कर पाना उनके लिए बेहद संघर्षपूर्ण होता है। निर्धन देशों में ही नहीं दुनिया भर के अति समृद्ध देशों में भी छात्रों के लिए ऐसी सुविधा होती है जिसमें वे पार्टटाइम काम कर-के कुछ पैसा स्वयं कमा सकते हैं। इससे न सिर्फ छात्र आर्थिक रूप से स्वावलंबी होंगे, बल्कि उन्हें मिलने वाले इस अनुभव का अतिरिक्त लाभ नौकरियां प्राप्त करने के दौरान में भी मिल सकेगा। हालांकि अपने यहां पार्टटाइम काम करने के न तो बहुत अवसर हैं, न ही प्रचलन। क्योंकि काम से ज्यादा उन्हें करने वाले मौजूद हैं, वह भी बेहद कम मेहनताने पर परंतु ये छात्र प्रशिक्षित होने के साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे होंगे, इसलिए नियोक्ता को भरपूर मदद मिल सकती है। चूंकि यह काम उन्हें विश्वविद्यालय परिसर या आसपास मिलने की सुविधा होगी तो वे पढ़ाई में अपना वक्त ज्यादा दे सकेंगे। बढ़ती बेरोजगारी और मंहगाई के मद्देनजर यह कदम छात्रों के हित में प्रतीत हो रहा है, हालांकि इससे उनकी पढ़ाई बाधित हाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। जितनी संख्या में छात्र हैं, उस अनुपात में जरूरतमंदों को उतना रोजगार दिलाना भी विश्वविद्यालय के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं होगा।

## चिंतन-मनन

### दया करने वालों की जय-जयकार होती है

हर व्यक्ति अधिक से अधिक धन कमाने के पीछे व्यवहारिकता एवं मानवीय मूल्यों को भूलता जा रहा है। रास्ते में अगर कोई मजबूर व्यक्ति दिख जाए तो कोई बेबसी प्रकट करने के लिए दो पल रूक जाए वही बड़ी बात होती है। बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो किसी के लिए अपना एक पल और एक रुपए तक खर्च करने में कंजूसी करते हैं। शायद इसलिए कि उन्हें लगता है, भला पीड़ित व्यक्ति उनका क्या नाता है। लेकिन ऐसा सोचने से पहले वह शब्द जरूर याद करना चाहिए कि वसुधैव कुटुम्बकम्‌ का मंत्र इस देश ने संसार को दिया है जिसका अर्थ है वसुधा यानी धरती पर रहने वाला हर व्यक्ति हमारा कुटुम्ब है। अगर विष्णु पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण अथवा अन्य कोई भी पुराण उठाकर देखेंगे तो पता चलेगा कि हम सभी मनुष्य मनु की संतान हैं। इस नाते हम सभी मनुष्य एक दूसरे के रिश्तेदार हैं।

इस नाते हम सभी को अपने रिश्तेदारों की सहायता करनी चाहिए यही हमारा धर्म है। धर्म ग्रंथों में कहा भी गया है कि दया धर्म का मूल है। इसलिए हर व्यक्ति को बिना किसी लालच और स्वार्थ के जरूरत के समय आगे बढ़कर लोगों की मदद करनी चाहिए। जो ऐसा करते हैं उनका जयजयकार समाज ही नहीं ईश्वर भी करता है। दया करने वाला व्यक्ति कठिन समय आने पर भी अपना गुण नहीं त्यागता है। इसी का उदाहरण है मुगल बादशाह दारा। दारा को औरंगजेब ने बंदी बना लिया। बंदी बना दारा जब शहर के बीच से गुजर रहा था तो उसकी स्थिति देखकर लोग तरस खा रहे थे लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आ रहा था। एक फकीर ने दारा की स्थिति को देखकर कहा कि, दारा तू जब भी हाथी पर बैठकर इस रास्ते जाता था तो मेरी झोली भरता था। आज क्या फकीर की झोली खाली रहेगी।


दारा ने नजर उठाकर उस फकीर की ओर देखा और अपने शरीर पर पड़ा दुशाला उठाकर फकीर की ओर फेंक दिया। दारा की बेबसी पर जो लोग सिर झुकाए खड़े थे सभी दारा की उदारता और दयालुता को देखकर जयजयकार करने लगे। दारा का झुका हुआ सिर गर्व से ऊपर उठ गया और औरंगजेब के सैनिकों का सिर शर्म से झुक गया। भले ही आप कभी तीर्थ स्थल न जाएं लेकिन जरूरत के समय लोगों की सहायता कर दें तो कई तीर्थ यात्रा का फल आपको घर बैठे मिल जाता है।

# जम्मू - कश्मीर में अब्दुल्ला सरकार की राहें बड़ी कठिन

धारा 370 खत्म होने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है, उमर अब्दुल्ला केंद्र शासित बने जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री होंगे. हालांकि, उमर अब्दुल्ला के लिए राह उतनी आसान नहीं होगी, क्योंकि अनुच्छेद 370 हटने और केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर का पावर गेम बहुत बदल गया है.. और जम्मू - कश्मीर की राजनीति के लिए यह सबसे अहम पहलू है. उमर अब्दुल्ला पहले भी जनवरी 2009 से जनवरी 2014 तक जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं. उन्हें मुख्यमंत्री होने का तजुर्बा भी है, लेकिन तब और अब में बहुत फर्क है. उमर अब्दुल्ला को एक स्वतंत्र राज्य का सीएम होने का अनुभव है, लेकिन केंद्र शासित प्रदेश का सीएम होने का तजुर्बा नहीं है. जब उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री हुआ करते थे तब जम्मू-कश्मीर पूर्ण राज्य हुआ करता था और अब ये केंद्र शासित प्रदेश है. तब जम्मू-कश्मीर विधानसभा का कार्यकाल 6 साल का था, अब बाकी राज्यों की तरह ही 5 साल होगा. तब राज्य से जुड़े फैसले लेने की सारी शक्तियां विधानसभा और मुख्यमंत्री के पास होती थीं, सारे के सारे कानून बनाने की शक्तियां सीएम के पास होती थीं, लेकिन अब काफी हद तक सारा कंट्रोल उपराज्यपाल के हाथ में होगा. और प्रमुख बात सारा का सारा कंट्रोल केंद्र सरकर के पास होगा, जो उमर अब्दुल्ला के लिए परेशानी का सबब बनने वाला है. मोदी सरकार का स्वभाव वैसे भी राज्यों में दखल देने का रहा है. जम्मू - कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वायदा करने वाली मोदी सरकार ने आजतक बहाल नहीं किया है, जबकि यह निर्णय केंद्र सरकार के अधीन होता है. देखना दिलचस्प होने वाला है कि मोदी सरकार पूर्ण राज्य का दर्जा देती है या लटकाए रहती है, क्योंकि जम्मू - कश्मीर में हालात कैसे रहेंगे इस नव गठित सरकर के हाथ में भी रहने वाला है.

2019 में धारा 370 खत्म होने के बाद अब जब जम्मू-कश्मीर की स्थिति काफी बदल चुकी है, लेकिन यह भी तय है कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी होती रहती है, उसी तरह की तनातनी जम्मू-कश्मीर में भी देखने को मिल सकती है. तभी तो कुछ दिन पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजनीतिक कटाक्ष किया था अगर हाफ स्टेट में सरकार चलाने में दिक्कत आए तो उमर अब्दुल्ला मुझसे सलाह ले सकते हैं. क्योंकि अरविंद केजरीवाल पिछले दस सालों से केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं, सीएम केजरीवाल के कटाक्ष के मायने इसलिए भी हैं क्योंकि कोर्ट से कुछ शक्तियां मुख्यमंत्री को मिली थीं, लेकिन मोदी सरकार उसके विरुद्ध अध्यादेश ले आई थी. ऐसे ही 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर की संवैधानिक संरचना भी पूरी तरह से बदल गई है और अब वहां सरकार से ज्यादा बड़ी भूमिका उपराज्यपाल की हो गई है. 2019 का कानून कहता है कि पुलिस और कानून व्यवस्था को छोड़कर जम्मू-कश्मीर विधानसभा बाकी सभी मामलों पर कानून बना सकती है. लेकिन एक पेच भी है. अगर राज्य सरकार राज्य सूची में शामिल किसी विषय पर कानून बनाती है तो उसे इस बात का ध्यान रखना होगा कि इससे केंद्रीय कानून पर कोई असर न पड़े. इसके अलावा, इस कानून में ये भी प्रावधान किया गया है कि कोई भी बिल या संशोधन विधानसभा में तब तक पेश नहीं किया जाएगा, जब तक उपराज्यपाल ने उसे मंजूरी न दे दी हो. अब जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल ही एक तरह से सबकुछ है. सरकार को भले ही पुलिस और कानून व्यवस्था को छोड़कर बाकी मामलों में कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन उसके लिए उपराज्यपाल की मंजूरी जरूरी होगी. इतना ही नहीं, उपराज्यपाल का नौकरशाही और एंटी-करप्शन ब्यूरो पर भी नियंत्रण होगा. इसका मतलब हुआ कि उपराज्यपाल सरकारी अफसरों का ट्रांसफर और पोस्टिंग उपराज्यपाल की मंजूरी से होगा. इसके अलावा, उपराज्यपाल के किसी भी काम की वैधता पर इस आधार पर सवाल नहीं उठाया जा सकता कि उन्हें ऐसा करते वक्त अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए था या उन्होंने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया था. उनके किसी फैसले को अदालत में इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि उन्होंने फैसला लेते वक्त मंत्री परिषद की सलाह ली थी या नहीं ली थी. अतः बदल चुके जम्मू - कश्मीर के मुख्यमंत्री की राहें आसान नहीं रहने वाली..

कांग्रेस की राजनीतिक चाल ने कश्मीर की नई सरकार के लिए चिंता की लकीरें खींच दी हैं. कांग्रेस ने उमर अब्दुल्ला सरकार को समर्थन तो दिया है लेकिन समर्थन बाहर से दिया है, बाहर से समर्थन देने का मतलब है कि कांग्रेस मंत्रिमण्डल में शामिल नहीं होगी. उमर अब्दुल्ला सरकार के शपथग्रहण में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित दिग्गज नेता राहुल गांधी - प्रियंका गांधी भी शामिल हुए हैं, लेकिन पार्टी ने अपने कोटे से सरकार में किसी को भी मंत्री नहीं बनवाया है. कांग्रेस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इसकी कई वजहें हो सकती है. जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बावजूद कांग्रेस उमर अब्दुल्ला की सरकार में शामिल नहीं हुई है. कांग्रेस की तरफ से अब्दुल्ला कैबिनेट में कोई भी मंत्री नहीं बना है. वो भी तब, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी खुद श्रीनगर जाकर सरकार के शपथग्रहण में शामिल हुए हैं.कांग्रेस के इस फैसले की अब चर्चा हो रही है कि आखिर पार्टी ने उमर कैबिनेट में अपने कोटे से मंत्री क्यों नहीं दिए? कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी 4 बड़ी वजहें हैं- जम्मू कश्मीर के चुनावी इतिहास में पहली बार कांग्रेस का प्रदर्शन काफी खराब है. पार्टी 6 सीटों पर सिमट गई है. ऐसे में कहा जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान ने पार्टी के किसी विधायक को कैबिनेट में न शामिल कर स्थानीय नेताओं को जमीन पर मेहनत करने का संदेश दिया है. जम्मू कश्मीर में कांग्रेस कोटे से एक भी हिंदू विधायक नहीं जीता है. ऐसे में पार्टी के सियासी समीकरण सध नहीं रहे थे. कश्मीर का मुस्लिम वोटबैंक पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के पक्ष में रहा है. उमर अब्दुल्लाह और उनकी पार्टी 370 को वापस लाने के पक्ष में है. कांग्रेस



स्टेटहूड की सिर्फ मांग कर रही है. सरकार में पार्टी अगर शामिल होती तो अन्य राज्यों में उसके लिए सियासी बैकफायर कर जाता, इसलिए भी पार्टी ने सरकार में शामिल न होने का फैसला किया है नेशनल कॉन्फ्रेंस कांग्रेस के 1-2 मंत्री पद देना चाह रही थी. कांग्रेस के दिल्ली में बैठे नेता सांकेतिक भागीदारी नहीं चाहते थे. 6 विधायक जीते, इनमें 3 दिग्गज कांग्रेस की तरफ से इस बार जम्मू कश्मीर में 6 विधायकों ने जीत हासिल की है. इनमें पीरजादा मोहम्मद सईद, तारिक हामिद कर्रा, गुलाम अहमद मीर जैसे दिग्गज का नाम शामिल हैं. कर्रा घाटी में कांग्रेस के अध्यक्ष हैं. कांग्रेस ने गुलाम अहमद मीर को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना है.कांग्रेस ने घाटी में 37 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन जम्मू और चिनाब रीजन में पार्टी पूरी तरह साफ हो गई. अतः कॉंग्रेस रणनीति है कि इतना औसत प्रदर्शन के बावजूद नेताओं को मंत्री पद मिलना मतलब जमीन से दूर कर सकता है, इंडिया गठबंधन का धर्म निभाने के नाम पर कांग्रेस उमर अब्दुल्ला को समर्थन तो दे रही है, लेकिन सरकार में शामिल नहीं होना चाहती यह हैरान करने वाला है... बदल चुके जम्मू - कश्मीर के नए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की राहें आसान नहीं रहने वाली हैं.

-दिलीप कुमार पाठक

# बेकाबू महंगाई का सितम झेलती जनता

भारत सहित हिमाचल में इन दिनों हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं और महंगी सब्जियां आम लोगों की पहुंच से पार हो चुकी हैं। टमाटर के दाम ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हिमाचल में जहां टमाटर 140 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है, वहीं हरा मटर 200 रुपए की दर से बिक रहा है। दूसरी सब्जियां भी 80-90 पार ही बिक रही हैं और सब्जी विक्रेताओं, आढ़तियों को कोई पूछने वाला नहीं है। आलू, प्याज, शिमला मिर्च सोने के भाव बिक रहे हैं। एक तरफ शादियों का सीजन चल रहा है, तो दूसरी तरफ त्योहारों के चलते लोगों की जेबें खूब ढीली हो रही हैं। सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों के दामों और एमआरपी पर कोई ठोस नियंत्रण न होने के कारण एक तरफ देश में गरीबों की हालत दयनीय होती जा रही है तो वहीं अमीरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत में हाल के वर्षों में खाद्यान्नों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ चुके हैं।

ऊपर से, देश में रोजगार की स्थिति बेहद खराब है और लोगों की कमाई भी नहीं बढ़ रही है। इसलिए आम आदमी को पूरा आर्थिक परिदृश्य ही नकारात्मक नजर आ रहा है। हिमाचल प्रदेश के बाजारों में महंगाई बेलगाम होती जा रही है। ऐसे लगता है जैसे फल एवं सब्जियों के विक्रेताओं में नियम-कायदे और कानून का कोई खौफ नहीं है और वे मनमाने दामों पर सब्जियां और फल बेचकर मोटा मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं। ऊपर से तुर्रा यह है कि प्रशासनिक कार्रवाई, जुर्माने तथा दंड अथवा लाइसेंस कैंसिल होने का कोई डर न रहने के चलते शायद ही कोई सब्जी, फल विक्रेता अपनी दुकान में इनके दामों को प्रदर्शित करने वाला बोर्ड लगाने की जहमत उठाता होगा। त्योहारी सीजन के बीच में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढकर 5.49 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 3.65 प्रतिशत थी। वहीं सितंबर में थोक महंगाई बढकर 1.84 फीसदी पर पहुंच गई है। महंगाई बढ? के पीछे खाद्य एवं सब्जियों की कीमतों में वृद्धि मुख्य वजह रही। रिटेल बाजार में खाद्य पदार्थों और सब्जियों के दाम चाहे कितने भी क्यों न बढ़ जाएं, लेकिन किसान वर्ग को इसका फायदा कभी भी नहीं मिलता है। इसके विपरीत जमाखोरों, स्टोरियों द्वारा जमकर खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी की जाती है और बाजार में वस्तुओं का कृत्रिम अभाव पैदा कर महंगाई को बढ़ाकर चोखा मुनाफा कमाया जाता है। लिहाजा आप समझ सकते हैं कि बढ़ती महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीब एवं मध्यम वर्ग को झेलनी पड़ती है। आज संपन्न नागरिकों को भी चाहिए कि वे वस्तुओं के संग्रह की प्रवृत्ति से बचें और महंगाई को दूर करने में सरकार का सहयोग करें। पहले से ही कम वस्तुओं को बेकार और बर्बाद न करें, विशेषकर शादियों, घरेलू कार्यक्रमों और धार्मिक उत्सवों में अन्न और सब्जियों की बबार्दी न करें।

अधिकारियों से उम्मीद है कि वे खाद्य वस्तुओं, विशेषकर फल, सब्जियों की उपलब्धता पर नजर रखने के साथ-साथ उनके दामों को नियंत्रण में रखते हुए सब्जी विक्रेताओं को प्रतिदिन के भावों को लिखकर बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिए कहेंगे, ताकि गरीब एवं सामान्य जनता को उनके हाथों से लुटने से बचाया जा सके। इस बात से भी सभी भली-भांति परिचित ही हैं कि आम आदमी तक खाद्य सामग्री पहुंचने से पहले दलालों, बिचौलियों और आढ़तियों की जेबें गर्म हो चुकी होती हैं जबकि किसानों को कभी भी उनके उत्पादों के सही दाम नहीं मिलते हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन को यह पता ही नहीं है कि बाजारों में सब्जियों के दामों और अन्य खाद्य वस्तुओं का क्या हाल है। आज अधिकारी वर्ग अपनी कुर्सियों तक सीमित होकर रह गए हैं। आज से 30-35 वर्ष पूर्व जब कभी भी महंगाई का जिन्न अपना सिर उठाता था तो विपक्षी दलों द्वारा जरूर धरना-प्रदर्शन और विरोध प्रदर्शन की खबरें देखने-सुनने को मिलती थीं। लेकिन अब जैसे राजनीतिक दलों को आम जनता को होने वाली परेशानियों से कोई लेना-देना ही नहीं है। मूल्य सूची तो शायद ही कोई दुकानदार लगाता होगा, बिल देना तो दूर की कौड़ी समझिए। बाजारवाद की लूट में अधिकांश व्यापारियों की मौज लगी हुई है और वस्तुओं के मूल्यों पर सरकारी नियंत्रण कहीं नहीं दिखाई पड़ रहा है। आम ग्राहक सरेआम लुट रहा है। क्या आयकर विभाग ऐसे विक्रेताओं की कमाई तथा टैक्स देयता की भी जांच पड़ताल करेगा? प्रश्न यह भी उठता है कि जब देश में जीवनोपयोगी वस्तुओं की बहुलता है तो फिर मूल्यवृद्धि क्यों और किसान गरीब क्यों? यह सही है कि जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, लेकिन वैश्विक सहयोग और कई अन्य उपायों से वस्तुओं की उपलब्धता में भी उसी अनुपात में बढ़ोतरी हो रही है, तो भी चीजें इतनी महंगी क्यों बिक रही हैं और महंगाई का बोलबाला क्यों है?

अच्छे मानसून और बेहतर पैदावार के बावजूद खाद्य



वस्तुओं का कृत्रिम अभाव कौन पैदा कर रहा है, क्यों सरकारें इन पर लगाम नहीं लगा पा रही हैं? लोकतंत्र में राजनीतिक दलों को भी तो अंततः जनता जनार्दन की कृपा से ही सरकारें बनाने का सुफल मिलता है, तो फिर क्यों वे आम जनता के हितों को नजरअंदाज करते हैं? सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और कालाबाजारी निवारण एवं आवश्यक वस्तु आपूर्ति रखरखाव अधिनियम 1980 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करे। अंततः सवाल उठता है कि क्या सरकार और अफसरशाही के पास इस लूटपाट को अंजाम देने वाले जमाखोरों, मुनाफाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई करने का जीवट है?

-अनुज आचार्य (स्वतंत्र लेखक)

# मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता से चुनावी प्रक्रिया होगी सुगम : आयुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने आज पलामू जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए उपलब्ध आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध होने से चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा उनके निबंधन, मतदान दिवस के दिन परिवहन की सुविधा, रैंप, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए लगे कतार के बीच उनकी सुविधा हेतु बेंच या कुर्सी लगाने, बारिश या धूप से बचाव के लिए शेड, मतदाताओं के सहयोग के लिए वोलेंटियर का सहयोग लेने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, मतदान कक्ष में समुचित प्रकाश व्यवस्था, पंखा आदि न्यूनतम सुविधाएं होने से मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाता बेहतर महसूस करेंगे।



इसके पूर्व आयुक्त ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या एवं उनकी स्थिति तथा मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर वे मतदान करने में सक्षम हैं या नहीं! आदि बिन्दुओं की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। आयुक्त ने पुरूषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करते हुए उसे क्रियाशील बनाने, ब्लीचिंग पाउडर डालकर शौचालय को स्वच्छ रखने, उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था, शौचालय जाने वाले रास्तों के लिए साइनेज लगाने संबंधी निदेश दिया। साथ ही मतदान कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं रैंप का मरम्मती कराते हुए उसे दुरुस्त कराने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। वहीं मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराये जाने वाले आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने का भी निदेश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा दी जा रही है। इसके लिए फार्म 12 डी भरना होगा। ऐसे वरिष्ठ मतदाताओं को चिन्हित करना सुनिश्चित करें, ताकि चुनाव प्रक्रिया में सहजता से उनका मतदान कराया जा सके। आयुक्त ने 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुरी के मतदान केंद्र 254 एवं 255, राजकीयकृत मध्य विद्यालय कधवान के मतदान केंद्र संख्या 236, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कमता के मतदान केंद्र संख्या 263, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय केतात के मतदान केंद्र संख्या 260, 261 एवं 262 तथा जेबी हाई स्कूल, रेहला के मतदान केंद्र संख्या 211, 212 एवं 213 का भ्रमण किया।

## राजनीति के पिच पर विरोधियों के छुड़ा दूंगी छक्के : ममता देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड उच्च न्यायालय ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर रोक लगा दी। इस फैसले के बाद रामगढ़ कांग्रेस पार्टी के द्वारा गुरुवार के शाम ममता देवी का अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने ममता देवी की कर्मठता और उनके संघर्ष की कहानी को बयां की। इस मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी ने झारखंड उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने जो मेरे पक्ष में फैसला दिया है वह की सच्चाई जीत की कहानी बयां कर रहा है। निचली अदालत में गलत तरीके से फैसला सुनाया गया। गवाहों को प्रलोभन देकर बुलाया गया। कई साक्ष्य देने के बावजूद निचली अदालत ने एक साजिश के तहत उन्हें सजा सुनाई। लेकिन सच्चाई



की जीत हाई कोर्ट में हुई। उन्होंने कहा कि जब वह विधायक नहीं थी, तब भी जनता के साथ जुड़ी थी। विधायक बनने के बाद भी लगातार जनता के बीच ही रहीं। जब उनकी विधानसभा की सदस्यता खत्म की गई, उसके बाद भी उन्होंने हार नहीं माना और लगातार जनता की समस्याओं से रूबरू होती रही। आज वह इतनी परिपक्व हो गई है कि राजनीति के पीच पर विरोधियों के छक्के छुड़ा सकती हैं।

## राशन वितरण में डीलर कर रहा धांधली, ग्रामीणों ने किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** प्रखण्ड क्षेत्र के पतरिया कला पंचायत का ग्रामीणों ने दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह व माता महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितता बरतने के खिलाफ प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार को आवेदन दिया। मौके पर ग्रामीण शंभू चौधरी, चतनी देवी, सीमा देवी, ललन चौधरी, कृष्ण चौधरी, मनीष चौधरी, सूबेदार सिंह, बीरेंद्र चौधरी, मनोज चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि दुर्गा स्वयं सहायता समूह व माता स्वयं सहायता समूह का डीलरो ने पिछले छह माह से हम सभी कार्डधारियों को साढ़े तीन केजी



कभी साढ़े चार केजी देती आ रहीं हैं और जब इसका विरोध हम सभी कार्डधारियों ने किया तो डीलर ने मनमानी तरीके से कहा कि जहां जाना हैं जा सकते हों हमारा तुमलोग कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे हम जो राशन दे रहें हैं वह लेना हैं तो लो और नहीं लेना हैं तो घर जाव जबकि सरकार गरीब व असहायों के लिए प्रत्येक माह एक यूनिट पर पांच केजी राशन देने का काम करती हैं जिससे कि गरीब व असहायों का उधार हो सकें लेकिन डीलर गरीब व असहायों का मनमानी तरीके से हक डकारने में लगें हैं। इधर इस संबंध में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि डीलर अगर मनमानी कर रहें हैं तो जांच कर वैसे डीलरो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## पलामू जिले के पांचों विस के लिये आज से होगा नामांकन, प्रशासनिक तैयारी पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र के लिये चुनाव का नामांकन शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपुर्ति कार्यालय में जिला आपुर्ति पदाधिकारी सह पांकी की निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे,वहीं अपर समाहर्ता कार्यालय में विश्रामपुर के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। इसी तरह सदर अनुमंडल कार्यालय में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह डालटनगंज विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं छतरपुर विधानसभा के लिये छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल होगा। इसी तरह हुसैनाबाद के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी सह हुसैनाबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे ।सभी निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी। वहीं निवार्ची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी। वहीं 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है। सभी निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय सीसीटीवी से लैस, प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त 18 अक्टूबर से शुरू हो रहे नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू के पांचों विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है। इसी तरह नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसी तरह नामांकन के दौरान विधि- व्यवस्था के संधारण को लेकर सभी निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय के प्रवेश द्वार पर पर्याप्त मात्रा में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है।

## मुखिया पति पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में एफआइआर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिल अंतर्गत रमकंडा के अंचल अधिकारी अनिल रविदास ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह उदयपुर पंचायत के मुखिया पति राजकिशोर यादव के




खिलाफ रमकंडा थाने में गुरूवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। सी-विजिल एप्प पर शिकायत के आलोक में एफएसटी टीम की जांच में पुष्टि के बाद इस मामले पर कार्रवाई हुई है। जानकारी के अनुसार बुधवार को रमकंडा के सबाने मोड़ पर महिलाओं को झामुमो पार्टी से संबंधित मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना अंकित थैला वितरण किया जा रहा था। वहीं थैला में साड़ी वितरण किया गया। इस तरह का मामला सामने के बाद चुनाव आयोग से शिकायत वाला सी-विजिल एप्प पर तस्वीर, वीडियो अपलोड कर शिकायत की गई। शिकायत के बाद तत्काल एफएसटी की टीम में शामिल रमकंडा सीओ अनिल रविदास ने मामले की जांच की। वहीं अपलोड वीडियो में शामिल महिलाओं से पूछताछ की। पूछताछ में महिलाओं ने सीओ को बताया कि झामुमो का झोला व साड़ी उदयपुर के मुखिया पति ने दिया है। जिसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए वितरण करने वाले उदयपुर के मुखिया पति राजकिशोर यादव पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## हुसैनाबाद में एनडीए में दरार, कुशवाहा शिवपूजन की बगावत और टिकट बंटवारे पर उठे गंभीर सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन में राजद और झामुमो के बीच फ्रेंडली फाइट के संकेत मिल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन भी आंतरिक कलह का शिकार हो गया है। इस बीच हुसैनाबाद सीट सबसे ज्यादा चर्चा में है, जहां एनडीए के दो प्रमुख घटक दल, भाजपा और आजसू, आपसी मतभेदों में उलझे हुए हैं। एनडीए गठबंधन में इस तनाव की सबसे बड़ी वजह है पूर्व विधायक और आजसू नेता कुशवाहा शिवपूजन मेहता की नाराजगी। मेहता, जो हुसैनाबाद की राजनीति का एक मजबूत चेहरा माने जाते हैं, ने साफ तौर पर पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए किसी भी सलाह को नजरअंदाज करते हुए चुनावी मैदान में डटे रहने का ऐलान कर दिया है। चुनावी समीकरणों को देखते हुए यह स्थिति एनडीए के लिए बड़ी चुनौती बनती नजर आ रही है।

**भाजपा में कमलेश सिंह की एंट्री से उथल-पुथल**

इस राजनीतिक खींचतान की शुरूआत तब हुई जब एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया। उनके भाजपा में शामिल होते ही पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं में नाराजगी की लहर दौड़ पड़ी। कमलेश सिंह के भाजपा प्रत्याशी के रूप में सामने आने की संभावना से भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं में बेचौनी पैदा हो गई है। उन्हें बाहरी उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है, जिसे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर अस्वीकार किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं की इस नाराजगी का असर तब और स्पष्ट हो गया जब कमलेश सिंह के स्वागत समारोह में पार्टी के अधिकांश मंडल और बूथ अध्यक्षों ने हिस्सा लेने से इंकार कर दिया। भाजपा के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता बाहरी चेहरे को टिकट दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। पार्टी के समर्पित कार्यकताओं ने स्पष्ट रूप से यह संकेत दिया है कि अगर भाजपा किसी पुराने कार्यकर्ता को टिकट नहीं देती और कमलेश सिंह को प्रत्याशी घोषित करती है, तो वे सामूहिक इस्तीफा देने को मजबूर हो जाएंगे।

**शिवपूजन मेहता की बगावत और सियासी मोचार्बंदी**

कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जो हुसैनाबाद की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं, ने भी कमलेश सिंह की एंट्री पर खुलकर नाराजगी जताई है। मेहता का कहना है कि वह आजसू पार्टी के माध्यम से एनडीए का हिस्सा हैं और भाजपा और आजसू के बीच सीट शेयरिंग के फामूर्ले का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, जिस तरह से कमलेश सिंह को भाजपा में प्रमुखता दी जा रही है, उससे नाराज मेहता ने अपने बगावती तेवर दिखाते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि वे किसी भी कीमत पर चुनावी मैदान से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। शिवपूजन मेहता का राजनीतिक सफर भी दिलचस्प रहा है। वे बसपा के पुराने कार्यकर्ता रहे हैं और 1995 में कॉलेज के दिनों में ही मायावती और कांशीराम के नेतृत्व में बसपा से जुड़े थे। 2005 में उन्होंने हुसैनाबाद से बसपा के टिकट पर पहला चुनाव लड़ा, लेकिन 2014 में जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने बसपा छोड़ आजसू का दामन थामा। अब जब कमलेश सिंह की भाजपा में एंट्री हो चुकी है और हुसैनाबाद सीट उनके हिस्से में जाती दिख रही है, तो मेहता या तो बसपा में वापसी करने की योजना बना रहे हैं या फिर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरने का मन बना रहे हैं।

## एक नजर

### सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मतदाताओं को करेंगे जागरूक

**रामगढ़ :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को मतदाताओ को जागरूक करने हेतु निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में बीएलओ, दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक मतदाता जागरूकता संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मतदान की तिथि या पात्रता के संबंध में मतदाताओं तक विभिन्न पोस्टर बैनर के माध्यम से जागरूक करने के लिए उपस्थित सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से अपील किया गया।

### सड़क किनारे विद्युत खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

**खूंटी :** खूंटी-तोरपा रोड पर कुंजला मोड़ के समीप बुधवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे विद्युत खंभे से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान मुंडा कुंजला गांव निवासी भानु होरो के पुत्र एतवा होरो (20 ) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार एतवा खूंटी से चाऊमीन खरीद कर अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत खंभे से जा टकराई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के स्वजनों को ढाढ़स बंधाया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

### खूंटी में अवैध लकड़ियों से लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**खूंटी :** खूंटी-चाईबासा रोड पर पंचघाघ मोड़ के समीप गुरुवार सुबह प्रभारी वनपाल प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की छापामार टीम ने एक 12 चक्का ट्रक (जेएच 02एडी 5329) में लदे अवैध कीमती लकड़ियों को जब्त किया। मौके पर ट्रक के चालक मनिका लातेहार निवासी जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रक में 53 पीस कीमती साल बोटा लदे थे। जब्त लकड़ियों का बाजार मूल्य तीन लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है। जब्त लकड़ी को ट्रक सहित रेंज कार्यालय खूंटी लाया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव को बुधवार रात गुप्त सूचना मिली कि चाईबासा की ओर से एक ट्रक में अवैध लकड़ियां लादकर तस्कर मुरहू के रास्ते रांची की ओर ले जानेवाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएफओ ने प्रभारी वनपाल प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामार टीम का गठन कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में छापामार टीम द्वारा देर रात से ही मुरहू के समीप चाईबासा रोड पर चौकसी बढ़ा दी गई। इसी बीच सुबह लगभग 5.30 बजे बंदगांव की ओर से आ रहे उक्त ट्रक को पंचघाघ मोड़ के समीप घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई, तो ट्रक में लदे कीमती साल के बोटे बरामद हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### पलामू बजरंग दल जिला टीम का हुआ पुनर्गठन

**मेदिनीनगर (पलामू) :** खूंटी में आयोजित बजरंग दल के झारखंड प्रांत कार्य समिति बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पलामू बजरंग दल टीम का पुनर्गठन और विस्तारीकरण किया गया ।इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि कार्य समिति बैठक में किए गए घोषणा के अनुसार विकाश कुमार (विश्रामपुर) को जिला सुरक्षा प्रमुख, विवेक सिंह (मेदनी नगर) को जिला विद्यार्थी प्रमुख,राजीव सिंह (नीलांबर पितांबरपुर) को बलो पासना सह प्रमुख, संतोष कुमार सिंह (नौडीहा बाजार ) को विद्यार्थी सह प्रमुख और साहेब सिंह नामधारी (मेदनी नगर) को जिला सुरक्षा सह प्रमुख का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने सभी नव नियुक्त दायित्वधारियों को बधाई देते हुए एक सफल कार्यकाल की शुरूआत करने के लिए शुभकामनाएं दी है।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**मेदिनीनगर (पलामू) :** रांची रोड रेडमा में स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं के बीच परिणाम-पत्र का वितरण किया गया है। वर्ग नर्सरी से अष्टम के छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के बीच अर्धवार्षिक मूल्यांकन सत्र



2024-25 के परिणाम पत्रक के वितरण एवं अभिभावक का मंतव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ग नर्सरी से अष्टम तक प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। वर्ग नर्सरी के प्रथम स्थान लवकुश भुईया और द्वितीय स्थान शिवांश तिवारी, वर्ग एलकेजी से गंगा कुमार प्रथम स्थान और रोहित कुमार द्वितीय स्थान, वर्ग यूकेजी से सत्यम पांडये प्रथम स्थान और अंकुश पांडेय द्वितीय स्थान, वर्ग प्रथम से सानवी दुबे प्रथम स्थान और स्मृति मिश्रा द्वितीय स्थान, वर्ग द्वितीय से अमन कुमार प्रथम और सागर कुमार द्वितीय स्थान, वर्ग तीन से अंजना पांडये प्रथम स्थान और सक्षम तिवारी द्वितीय स्थान, वर्ग चार से हर्षित कुमार प्रथम स्थान और लकी कुमार द्वितीय स्थान, वर्ग 5 से आराध्या कुमारी प्रथम स्थान और करण राज द्वितीय स्थान, वर्ग 6 से कीर्ति मिश्रा प्रथम स्थान और आराध्या कुमारी द्वितीय स्थान, वर्ग 7 से साक्षी प्रिया प्रथम स्थान और अमित कुमार द्वितीय स्थान, वर्ग 8 से खुशी कुमारी प्रथम स्थान और श्रुति कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त किए। छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए विद्यालय के अध्यक्ष सुधा सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपने विषयों की उत्तर पुस्तिकाएं देखी। आप अपनी कमी को देखिए और उसे सुधारने का प्रयास करिए। आप सबके अंदर प्रतिभा की कमी नहीं है। सिर्फ परिश्रम की कमी है। आज की परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की हो गई है। इसलिए आपको अपने विषयों को गहराई से पढ़ना पड़ेगा तभी आप विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी सफल होंगे।

### 108 एंबुलेंस के ईएमटी एवं ड्राइवरों की चौथे दिन हड़ताल समाप्त



**पलामू :** 108 एंबुलेंस के ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) और ड्राइवरों की हड़ताल चौथे दिन गुरूवार दोपहर 3.30 बजे समाप्त हो गयी। चौथे दिन जीवीके ईमरी कंपनी के प्रोग्राम मैनेजर नीरज कुमार मिश्रा वार्ता के लिए रांची से मेदिनीनगर पहुंचे। आन्दोलन स्थल पर पहुंचकर कर्मियों से वार्ता की और एक महीने के बकाया मानदेय वेतन भुगतान हो जाने की जानकारी देकर हड़ताल खत्म कराई। प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि कर्मियों का एक महीने का वेतन बकाया था। उसे कल ही पूरा कर दिया गया है। पुरानी कंपनी के बकाये मामले में वे कुछ नहीं कर सकते। बता दें कि कर्मियों का पुरानी जेडएचएल कंपनी के पास दो महीने का वेतन बकाया है। बता दें कि पलामू जिले में 108 एंबुलेंस के 122 ईएमटी एवं ड्राइवर तीन महीने के वेतन भुगतान एवं एनएचआरएम से स्थायी करने की मांग को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। मांगों के समर्थन में एमआरएमसीएच परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। ईएमटी एवं ड्राइवर की हड़ताल से मरीजों को लाने ले जाने में भारी परेशानी हो रही है। सारी एम्बुलेंस एमआरएमसीएच परिसर में खड़ी की गयी थी। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ने वार्ता के दौरान कहा कि गाड़ी की मरम्मत का खर्च नहीं मिल पाता है। इसके अलावा बार-बार एजेंसी का टेंडर बदलने के कारण रजिस्ट्रेशन के नाम पर 15 से 25 हजार रुपए की मांग की जाती है। हर 6 महीने में कंपनी बदल जाती है। रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं जमा करने पर उन्हें काम से हटा देने की चेतावनी दी जाती है। हमेशा नौकरी जाने का भय बना रहता है। ऐसे में उन्हें एनआरएचएम से बहाल किया जाए, ताकि वे स्थाई होकर बेहतर कार्य कर सकें। हालांकि वार्ता में कंपनी के प्रोग्राम मैनेजर ने आश्वस्त किया कि गाड़ी मरम्मत का खर्च बिल जमा करने पर किया जायेगा।

### कोडरमा में आज से भरे जायेंगे नामांकन पत्र, तैयारी पूरी

**कोडरमा :** राज्य में विधानसभा के चुनावी रण में कूदने की तैयारी में जुटे लोगों का इंतजार खत्म हुआ। शुक्रवार सुबह विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन का दौर शुरू हो जाएगा। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा कराए जा सकेंगे। कोडरमा की निवार्ची पदाधिकारी सह कोडरमा एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि शुक्रवार से नामांकन पत्र भरे जायेंगे। इसकी तैयारी हो चुकी है। दिन के 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा होगा। 25 अक्टूबर तक नामांकन भरे जायेंगे। नाम निर्देशन की संवीक्षा 28 अक्टूबर है, जबकि उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि कोडरमा में कुल मतदाताओं की संख्या 405190 है जिनमे पुरुष मतदाता 205226 और महिला मतदाता 199961 हैं। कोडरमा में थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 3 है। इधर नामांकन को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर की बेरिकेडिंग कर ली गयी है। इधर तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया की तैयारी का जायजा लिया गया ।उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की सारी तैयारियां पूर्ण कर लें। सभी आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही। हेल्प डेस्क स्थापित करने कहा गया। सभी तरह की तैयारियां पूर्ण करने की बात कही। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त और निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा डिस्पैच सेंटर और स्ट्रांग रूम के लिए पॉलिटिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर और स्ट्रांग रूम के लिए स्थल का जायजा लिया गया और इसकी तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साफ-सफाई, बिजली, पेयजल शौचालय इत्यादि सभी प्रकार की सुविधाएं सुदृढ़ करने का निर्देश दिये।

# चांडिल में हाथी ने ली एक की जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल अनुमंडल के चांडिल थाना क्षेत्र के सुकसारी गांव का एक 36 वर्षीय ग्रामीण को हाथी ने पटककर जान से मार डाला। सुचना मिलते ही वन विभाग के पदाधिकारी व चांडिल पुलिस सुकसारी गांव पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुकसारी गांव के 36 वर्षीय सामल मुर्मू को जंगली हाथी ने गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे शौच जाने के क्रम में एक हाथी ने चपेट में ले लिया। हाथी द्वारा कुचले जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हाथी द्वारा जान मारने से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश देखा गया। आक्रोशित लोगों ने वन विभाग के पदाधिकारियों को क्षेत्र से हाथियों को भगाने व लोगों की जान माल



की सुरक्षा को लेकर मांग किया। वन कर्मियों को ग्रामीणों का आक्रोश का सामना करना पड़ा। वहीं वन विभाग द्वारा तत्काल मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपए मुआवजा राशि दिया गया। बाकी 3 लाख 50 हजार रुपए मुआवजा कागजी प्रक्रिया पुरा होने के बाद देने की बात कही गई।

### लगातार जंगली हाथी के आतंक से दहशत में लोग

क्षेत्र में हाथियों का उत्पात से जहां जान माल की क्षति पहुंचाई जा रही है, वहीं खेतों में लगे फसलों को भी नष्ट किया जा रहा है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना कि सुचना मिलते ही भाजपा नेता पप्पु वर्मा अस्पताल पहुंचे और जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग के ऊपर गैर इरादतन मामला दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग कितने लोगों का मौत देखना चाहते हैं। वहीं वन पाल राधा रमण ठाकुर ने कहा कि लगातार टीम द्वारा हाथीयों को भगाया जाता है। उन्होंने कहा कि तत्काल 50 हजार रुपए मुआवजा दिया गया और कागजी कार्रवाई के बाद बाकी मुआवजा दिया जाएगा। मौके पर जेएलकेएम नेता गोपेश महतो आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### नए विकास प्रखंड पदाधिकारी ने संभाला पदभार



**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत तालझारी प्रखंड के नए बीडीओ पवन कुमार ने गुरुवार को पदभार संभाला। उन्होंने बताया कि बिते 13 अक्टूबर 2024 को ही तत्कालीन बीडीओ सालखु हेंब्रम से बीडीओ का प्रभार लिया था। जिसके बाद प्रशिक्षण के लिये रांची जाना पडा था। वहीं गुरुवार से वह पदभार संभाल लिया है। वहीं नए बीडीओ पवन कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रखंड वासियों को लाभ दिलाना होगा। उन्होंने बताया कि विभागीय कार्यों व प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से संचालित करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव को शांति पुर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न करना भी पहली प्राथमिकता होगा। इसके पश्चात नव पदस्थापित बीडीओ पवन कुमार ने कार्यालय के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया।

### वाहन जांच में 11 लाख 84 हजार नकद बरामद



**ईचागढ़ :** झारखंड में आदर्श आचार संहिता लगते ही गुरुवार को तिरुलडीह थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान करीब 11 लाख 84 हजार रुपए नगद कार से बरामद किया गया। तिरुलडीह थाना प्रभारी एवं एसएसटी की टीम द्वारा क्षेत्र के शहीद चौक पर अचौक वाहन जांच चलाया गया जिसमें कार से रुपए बरामद हुआ। एसएसटी टीम द्वारा हर आने जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान कार संख्या हइ56व6265 में सवार तीन युवकों के बैग की जांच की गई तो उनके बैग से 11 लाख 84 हजार नगद बरामद किया गया। वहीं बताया जा रहा है कि पैसा बंगाल के कपड़ा व्यापारी राधव फैशन पुरुलिया का पैसा है।बताया जा रहा है कि झारखंड के विभिन्न दुकानों पर कपड़ा होलसेल के दाम पर उक्त दुकानदार कपड़ा भेजता है, कलेक्शन करके पैसा गाड़ी में लेकर बंगाल जा रहा था। अब बरीय पदाधिकारी के आने का इंतजार किया जा रहा है जिसके बाद जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

### सड़क सुरक्षा को लेकर ऑनलाइन बैठक का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में सड़क सुरक्षा को लेकर ऑनलाइन बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के द्वारा की गई। सड़क सुरक्षा को लेकर ऑनलाइन बैठक में मुख्य रूप से आई आर ए डी, ई डी ए आर के तत्वाधान में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिला के तीन थाना प्रभारी व केस के अनुसंधान कर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला के राजमहल थाना प्रभारी, बरहरवा थाना प्रभारी व तीनपहाड़ थाना प्रभारी के थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई सड़क दुर्घटना से संबंधित मामले में लंबित मामलों को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक विजय कुशवाहा व आईआरएडी मैनेजर मनोज कुमार उपस्थित थे।

## बेल्जियम के 19 पर्यटकों ने जामा मस्जिद एवं बारादरी का किया भ्रमण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तालझारी मंगलहाट स्थित ऐतिहासिक धरोहर जमा मस्जिद व बाराद्वारी विदेशी पर्यटकों का आकर्षण का केंद्र रहा है। जहां आए दिन विदेशी पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। गुरुवार को जल मार्ग के रास्ते बनारस से लौटने के क्रम में बेल्जियम देश के 19 विदेशी पर्यटकों ने जामा मस्जिद व बाराद्वारी का भ्रमण किया। उसके बाद भारतीय रहन सहन व कला संस्कृति को जानने व देखने के लिए गढ़तलाव गांव का भ्रमण किया, भ्रमण करने के दौरान उनकी नजर उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मंगलहाट पर पड़ी जहां सभी पर्यटक काफी उत्सुकता के साथ भारत के ग्रामीण इलाकों पर स्थित विद्यालय को देखने पहुंचे और बच्चों से मिलकर आनंदित हुए। सभी बच्चों के साथ विदेशी पर्यटकों ने खूब सेल्फी खिंचवाई। यूं इस तरह से विदेशी पर्यटकों का विद्यालय में आने से बच्चे भी काफी खुश हुए।

## विधानसभा जीतने के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर पर चुनाव जीतने का ले संकल्प : सहिस


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** आजसू पार्टी का बोड़ाम स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत, सभी बूथ के सदस्यो,चूल्हा प्रमुख, प्रभारियों संग बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव ने सभी को दिशा निर्देश दिया कि अब संगठन विस्तार करने का समय नहीं बल्कि हर लीडर अपने बूथ पर लीड लेने की जिम्मेदारी ले और जिस बूथ पर पार्टी कमजोर दिखाई पड़े उस क्षेत्र के वरीय नेताओ का दायित्व बनता है कि उस बूथ को मजबूत करने का कार्य करे । सहिस ने कहा कि आजसू पार्टी के संघर्ष और बलिदान को इस क्षेत्र की जनता भूली नहीं है और इस क्षेत्र के विगत 10 वर्षों के विकास कार्य को भी जनता ने करीब से देखा है। लेकिन वर्तमान के 5 वर्षो के



काला अध्याय को मिटाने के लिए दिन रात मेहनत करना होगा तभी इस क्षेत्र का विकास होगा और उस विकास के पथ पर चलने के लिए प्रत्येक लीडर को अपने बूथ से लीड करना होगा । इस राज्य का सौदा करने वाले लोग जनता के साथ भी सौदा करने लगे है कभी 1000 तो कभी 2500 रुपया का प्रलोभन देकर उन्हें खुश कर उनकी जीवन की दिनचर्या के साथ खिलवाड़ करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है ।अगर जनता के हित में फैसला लेना था तो जनता के हित में रोजगार का सृजन करना था। वर्तमान सरकार बोड़ाम डिग्री कॉलेज जो मेरे कार्यकाल में शिलान्यास किया गया था उसका श्रेय वर्तमान विधायक लेना चाहते है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पुनः सभी लीडर को अपना अपना बूथ से लीड दिलाना होगा । बैठक में मुख्य रूप से आदित्य महतो, बनबिहारी महतो, अमल महतो, कृतिवास महतो, निर्मल सिंह, शंकर महतो, राधे श्याम सिंह, माधव महतो, मृत्युंजय सिंह, छुटु लाल सिंह, मेनका किस्कु, रेणुका महतो, सुभद्रा महतो,रेखा महतो ,मुखिया रूपा सिंह सरदार आदि मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में दिव्यांग शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल साहिबगंज में हर महीने के दूसरे बृहस्पतिवार को विकलांग शिविर लगाया जाता है। जहां हड्डी स्पेशलिस्ट डॉक्टर सचिन कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आज बृहस्पतिवार को सदर अस्पताल साहिबगंज में विकलांग शिविर लगाया गया है। जहां 200 से अधिक विकलांग मरीजों को देखा गया। जहां विकलांग मरीजों के लिए हड्डी रोगी स्पेशलिस्ट, मानसिक रोगी स्पेशलिस्ट, आंख रोगी स्पेशलिस्ट डॉक्टर देखने के लिए बैठे हुए थे। वही डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि विकलांग सर्टिफिकेट बनाने से बहुत सारे फायदे होते हैं किसी को पढ़ाई में, किसी को ब्लॉक द्वारा पेंशन में, किसी को नौकरी में और ट्रेन में सफर करने में और अन्य जगहों में सर्टिफिकेट बनाने से फायदा मिलता। वही डॉक्टर सचिन कुमार ने बताया कि मरीज को देखकर उसको परसेंटेज देते हैं, अगर 40% से अधिक विकलांग है तो उसे पेंशन मिलने में फायदा होता है। जहां पहले हर ब्लॉक में जा जा कर विकलांग शिविर में सर्टिफिकेट बना रहे थे। अब महीने के हर दुसरे बृहस्पतिवार को साहिबगंज सदर अस्पताल में ही विकलांग सर्टिफिकेट बनेगा। वही मौके पर डॉक्टर सचिन कुमार अस्थि रोग विशेषज्ञ साहिबगंज, डॉक्टर शाहबाज हुसैन नेत्र रोग विशेषज्ञ साहिबगंज, डॉक्टर सत्य प्रकाश ए.एन.टी विशेषज्ञ पाकुड़, डॉक्टर अनिमेष नोवेल कुजूर चिकित्सा पदाधिकारी अति.प्रा.स्वा. केंद्र कोटालपोखर एवं ललिता मुर्मू नेत्र सहायक सभी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव -2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार बैठक कर रहा है। इस कड़ी मे साहिबगंज समाहरणालय सभागार में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर के साथ बैठक कर कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्य और दायित्व की जानकारी ली एवं विशेष जानकारी दी। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से मतदान केंद्रों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें।



जहां शौचालय निर्माण करना है या चापाकल मरम्मति करना है, तो वहां यथाशीघ्र कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। दिव्यांग मतदाताओं और 85 साल से अधिक आयु वाले मतदाताओं को होम वोटिंग करने, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मतदान केंद्रों पर सारी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों या क्लस्टर प्वाइंट पर जल स्तर नीचे है, वहां पानी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ विधानसभा आम चुनाव को लेकर की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत राजमहल प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल स्थित सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार ने राजनीति दल के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही साहिबगंज जिला सहित राज्य भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। एसडीओ ने बताया कि जिले के राजमहल, बोरियो व बरहेट में विधानसभा चुनाव दूसरे चरण में होगा। इसकी अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी। वहीं चुनाव आयोग के अनुसार



प्रत्याशियों के नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर 2024 होगी। जबकि 30 अक्टूबर को स्क्रूटनी व 1 नवंबर को नाम वापसी की आखिरी तारीख होगी। जबकि 20 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। उन्होंने बताया कि राजमहल विधानसभा के लिए निवार्ची पदाधिकारी एसडीओ राजमहल हैं। सभी चुनावी प्रक्रिया उनके कार्यालय में होगी। मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता राजमहल एवं राजनीति दल के प्रतिनिधि मौजूद थे। एसडीओ राजमहल ने बताया कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कुल 354408 मतदाता हैं। राजमहल विधानसभा में कुल 383 बूथ है। आदर्श आचार संहिता लागू होने पर हटाए जाएंगे होर्डिंग, पोस्टर एवं झंडे 48 घंटे के अंदर सभी होर्डिंग, पोस्टर, झंडे, बैनर हटाने का निर्देश आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सभी सार्वजनिक स्थलों में लगे होर्डिंग्स, बैनर हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए 48 घंटे के अंदर सभी होर्डिंग, पोस्टर, झंडे, बैनर हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन नहीं करने वालों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी भवनों पर भी कोई राजनीतिक दल बिना मकान मालिक के अनुमति के झंडे बैनर नहीं लगा सकेंगे। सोशल मीडिया पर भी रहेगी नजर चुनाव आयोग की नजर सोशल मीडिया पर भी रहेगी, इसलिए कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर न करें। एसडीओ ने बताया कि इसके अनुसार जिला के सोशल मीडिया सेल सभी सोशल मीडिया पर नजर रख रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर किसी भी प्रचार सामग्री के प्रकाशन या प्रचार संबंधी वीडियो बनाने से पहले जिला स्तरीय एमसीएमसी कमिटी से अनुमति लेना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय में 432 बच्चों को मिली 2905 कॉपी, चेहरे पर दिखी खुशी की लहर



**बरहरवा:** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरासीन में सत्र 2024–25 के वर्ग प्रथम से आठवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं के बीच कॉपी वितरण गुरुवार को किया गया। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों को नि:शुल्क कॉपी उपलब्ध कराई गई है। वर्ग एक से आठवीं कक्षा तक कुल 432 नामांकित छात्र – छात्राओं को 2 हजार 9 सौ 05 कॉपी वितरण किया गया। कॉपी मिलने पर बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर देखा गया। मौके पर मौजूद सहायक अध्यापक मनारूल हक ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा बच्चों को कॉपी, पुस्तक, स्कूल किट, साईकिल, छात्रवृत्ति, एमडीएसहित कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक ने कहा कि विद्यालय में अन्य तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में अभिभावकों का दायित्व है कि बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का काम करें। वहीं मौके पर सहायक शिक्षक तस्लीम आरिफ,शौहर आलम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोजीबुर रहमान व अविभावक अशरफ शेख सहित अन्य उपस्थित थे।

### हाथीखेदा मंदिर जाने का रास्ता बदहाल



**पटमदा:** देश के चार राज्य झारखंड,बंगाल,उड़ीसा,बिहार के श्रद्धालुओ का आस्था का केंद्र हाथीखेदा मंदिर है। इस मंदिर तक जाने वाला रास्ता बदहाली का रोना रो रहा हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम क्षेत्र के लावजोड़ा गांव स्थित प्रसिद्ध हाथी खेदा मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने पहुंचते हैं। रविवार के दिन श्रद्धालुओ की संख्या अधिक होती हैं। इस क्षेत्र के कई गांवों के लोग इस मंदिर प्रांगण में दुकानदारी और अन्य व्यापार कर भरण पोषण करते हैं। लेकिन इस मंदिर तक जाने वाली दो मुख्य मार्ग भुला मोड़ से लावजोड़ा और बरियादा से लावजोड़ा तक जाने वाली सड़क की स्थिति इस वर्तमान समय में दयनीय बनी हुई है। बरियादा से जाने वाली सड़क तो गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। इन सड़को को जल्द से जल्द बनाने की ग्रामीणों और श्रद्धालुओ ने मांग की हैं। सरायकेला निवासी श्रद्धालु सुमन मोदक कहते हैं कि मंदिर जाने के क्रम में चार पहिया वाहनों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता हैं। लावजोड़ा गांव घुसने के दौरान बने गड्ढे में वाहन फंस जाते हैं। जमशेदपुर के व्यापारी सविंदर सिंह ने बताया कि हाथीखेदा मंदिर महीना में तीन बार नारियल पहुंचाने के लिए मंदिर टेंपू लेकर आने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता हैं। लावजोड़ा गांव के रविन्द्र गोराई ने बताया कि ग्रामीणों को भी गांव से शहर जाने और स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भी काफी समस्या का सामना करना पड़ता हैं।

### पोस्टल बैलेट से मतदान से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** विधानसभा चुनाव– 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह–उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कराने को लेकर गोपनीय कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के तहत जिले में अब तक तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।साथ ही एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान विधानसभा निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी पदाधिकारी एवं कार्यालय प्रधानों का पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से वोटिंग कराने से संबंधित निर्देश दिए। मौके पर जिला परियोजना निदेशक आई टी डी ए –सह– नोडल पदाधिकारी पोस्टल बैलट पेपर कोषांग संजय कुमार दास, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार एवं वरीय पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस की छापेमारी में दो गिरफ्तार

**बरहरवा:** कोटालपोखर तथा बरहरवा थाना पुलिस ने अलग–अलग घटना में बुधवार की रात दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा थाना क्षेत्र के शुक्रवासिनी गांव से मिस्टर सेख पिता स्वर्गीय मनरूल शेख को गिरफ्तार किया है,जबकि कोटालपोखर थाना क्षेत्र के एक पुराने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुरुवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बड़ा सोनाकड़ गांव निवासी सत्यनारायण साहा पिता प्रहलाद साहा के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किया गया था तथा वह बहुत दिनों से फरार चल रहे थे। जहां गुप्त सूचना के आधार पर उनके घर में छापामारी कर सत्यनारायण साहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### गोली चलाने का एक आरोपी गिरफ्तार पिस्तौल बरामद

**चाईबासा :** चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र के टीओपी चौक के समीप मोबाइल रिपयेरिंग दुकान में जान मारने की नीयत से गोली चलाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त कपाली ओपी क्षेत्र के डांगोडीह, रहमत नगर, फिरदौसिया मस्जिद के पास का रहने वाला 24 वर्षीय मोबारक अंसारी है। इसकी जानकारी जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने दी। गुरुवार को चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि कपाली टीओपी चौक, प्रशांत मेडिकल के बगल में स्थित अमन मोबाइल रिपयेरिंग दुकान में चार अक्टूबर को मो. तौशीफ व काले रंग के मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य लोगों ने मोबाइल दुकानदार मो. हमीद अली के साथ मारपीट कर जान मारने की नीयत से पिस्तौल तान दिया गया था। खींचातानी के क्रम में गोली चल गई थी और पिस्तौल टूट गया था। इस संबंध में मो. हमीद अली के लिखित आवेदन के आधार पर कपाली ओपी में मामला दर्ज किया गया था।

# गिरिराज सिंह ने अपनी यात्रा को बताया गैर राजनीतिक

## केंद्रीय मंत्री बोले-हिन्दू बन कर जा रहा हूं, BJP-JDU से लेना देना नहीं




**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शुक्रवार को भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा शुरू करेंगे। इसका समापन किशनगंज में होगा। यात्रा को लेकर विभिन्न राजनीतिक दल के नेता सवाल उठा रहे हैं। बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री ने पलटवार किया है। साथ ही यात्रा को पूरी तरह से गैर राजनीतिक बताया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि यात्रा पूरी तरह से गैर राजनीतिक है। मैं स्वामी दीपंकर के नेतृत्व में हिंदू बनकर जा रहा हूं। इसका न बीजेपी से कोई लेना-देना है, न इसका जदयू-एनडीए से कोई लेना देना है। हिंदुओं को जगाने के लिए हम स्वामी दीपंकर महाराज के नेतृत्व में यात्रा कर रहे है। हिंदुओं को जगाना जरूरी हिंदुओं को जगाना जरूरी है, क्योंकि हमको भुलाया नहीं है। कश्मीर में जिस तरीके से हिंदू ने पलायन किया। बांग्लादेश और पाकिस्तान की दुर्दशा हमने देखा है। वहां हमारी बेटियां शादी के मंडप से उठ गईं। विभत्स दृश्य अभी बहराइच में देखा कि अब देश के अंदर दुर्गा मूर्ति के विसर्जन में क्या हुआ। क्या देश में बंटवारा इसी दिन के लिए हुआ था कि हमें दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन के लिए भी यात्रा का परमिशन लेना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज मुझे लग रहा है कि देश का माहौल वोट के ठेकेदारों ने ऐसा बना दिया है कि हिंदुओं को जातियों में बांट दिया। अगर हम एकत्रित नहीं हुए तो फिर कश्मीर की तरह भागना पड़ेगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह भागना पड़ेगा, कटना पड़ेगा। इसीलिए यह यात्रा है कि बंटोगे तो कटोगे। हम हिंदुओं को जगाने के लिए यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। अंबेडकर के मूलभूत भावनाओं के साथ जुड़ी है यात्रा

बाबा साहब अंबेडकर के मूलभूत भावनाओं के साथ जुड़ी हुई हमारी यह यात्रा है। जो लोग पूछते हैं और कहते हैं कि इनको इतनी ही पीड़ा है तो क्यों नहीं बांग्लादेश चले गए, जिसमें वहां हिंदुओं के साथ दुर्दशा हुई थी। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब फिलिस्तीन और इजराइल की लड़ाई चल रही थी तो बेगूसराय से लेकर देश के हर शहर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे हुए थे, उनको क्यों नहीं कहते। कांग्रेस और राजद के लोग लेबनान के नसरुल्लाह की मौत के बाद छाती पीटने वाले को क्यों नहीं कहते हैं। वोट की खातिर यह कांग्रेस और राजद हिंदुओं को समाप्त करना चाहती है। इसलिए ऐसी यात्रा से वे घबरा रहे हैं। हिन्दुओं ने कभी नहीं कराया दंगा आज बेगूसराय से चल रहे हैं, कल भागलपुर से नवगछिया, कटिहार, पूर्णिया, अररिया होते हुए किशनगंज 22 को पहुंचेंगे। रास्ते में वोट के सौदागर छाती पीट रहे हैं। मैं उन लोगों से कहता हूं कि हिंदूओं ने आज तक न कभी दंगा कराया, न उसकी जुबान से किसी के प्रति नफरत का शब्द निकला है। हम अपने को बचाने के लिए निकल रहे हैं। हम अपने अस्तित्व के लिए निकल रहे हैं, अगर अस्तित्व ही नहीं रहा तो इस देश का लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा। राहुल गांधी चाहते हैं कि भारत मे गृह युद्ध हो। इसीलिए वह हमेशा हल्की बात करते हैं, कानून को नहीं मानते हैं। अगर उनको इतना ही था तो कांग्रेस को चुनाव का बहिष्कार करना चाहिए था। बदरुद्दीन अजमल ने वक्फ बोर्ड की जमीन पर संसद भवन बनाए जाने की बात पर गिरिराज सिंह ने कहा कि यह वही लोग कहते हैं, जो भारत को भारत माता नहीं मानते हैं। उनको भारत पर भरोसा नहीं है। संसद पर बोलने वाले की आइडेंटिटी ही खत्म हो जाती है। वक्फ बोर्ड कांग्रेस का नाजायज औलाद के रूप में है। जिसने कह दिया वक्फ जो कहे वही सही। कांग्रेस ने यह स्थिति पैदा की है। देश में कहीं कोई ऐसा संस्थान नहीं है, जो खुद कब्जा करे और खुद न्याय दे। कांग्रेस ने वक्फ बोर्ड को पैदा किया, उसे खत्म कर देना चाहिए।


## संक्षिप्त डायरी

### दीपावली-छठ से पहले टमाटर 80 तो परवल 60 रुपए



**बिहार।** दीपावली-छठ पूजा से पहले बिहार में सब्जियों की कीमत काफी बढ़ गई है। बाजार में टमाटर 80 रुपए और परवल 60 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं। छठ पूजा जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे सब्जियों के दाम और बढ़ रहे हैं। सब्जियों के दाम बढ़ने से हर लोग परेशान हैं। थाली में परोसी जाने वाली सब्जियां अब सोच समझ कर लोग खरीद रहे हैं। क्योंकि, आलू-प्याज से लेकर सभी हरी सब्जियों के दाम काफी बढ़ गए हैं। सब्जी विक्रेताओं ने दीपावली और छठ पर्व से पहले सब्जियों के दाम और बढ़ने की संभावना जताई हैं। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बिहार में आई बाढ़ से सब्जी की पैदावर को काफी नुकसान पहुंचा है। इस वजह से सब्जियों की कीमतों में इजाफा हुआ है। दीपावली और छठ पूजा के दौरान सब्जियों की डिमांड बढ़ जाती है, लेकिन आमद कम रहती है। इससे सब्जियों के दाम बढ़ सकते हैं।गया के केदार नाथ मार्केट स्थित सब्जी मंडी में हरी सब्जी खरीदने आई मीनू देवी ने बताया कि '500 रुपए में इन दिनों सब्जियों से बैग नहीं भर रहा है। 500 रुपए की सब्जी 5 या 6 दिन ही चल पाती है। आलू-प्याज की खपत अलग है। ये दोनों भी काफी महंगे हैं।'बाजार में आ चुका है नया आलू व्यापारियों का कहना है कि 'इंदौर और नासिक से प्याज बढ़े दर पर आपूर्ति की जा रही है। इसलिए यह महंगा हो गया है। वहीं, नया आलू बाजार में आ चुका है, लेकिन पुराने आलू के दाम कम नहीं हुए हैं। नया आलू 50-55 रुपए किलो बिक रहा है।

### 24 घंटे में डेंगू के 146 नए मामले आए



**सीवान।** बिहार में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में पिछले 24 घंटे में 146 नए डेंगू के मामले सामने आए हैं। इनमें से पटना में सबसे अधिक 64 मामले दर्ज किए गए हैं। पूरे बिहार में इस वर्ष अब तक 4,976 लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। जबकि 12 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से पटना में 5 लोगों की मृत्यु हुई है। पिछले 24 घंटों में डेंगू के मामले पटना के अलावा गया से 8, बेगूसराय से 13, पूर्णिया से 7, औरंगाबाद से 6, सारण से 9, वैशाली से 5, भागलपुर से 2, मुजफ्फरपुर से 3, नालंदा से 3, समस्तीपुर से 1, नवादा से 1, मधुबनी से 3, भोजपुर से 1 मामले सामने आए हैं। इन जिलों के अलावा भी कई अन्य जिलों से डेंगू के केस दर्ज हुए हैं। डॉक्टरों की सलाह डाक्टरों ने जनता से अपील की है कि डेंगू के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और उचित उपचार लें। बुखार होने पर खुद से कोई दवाई न लें, केवल पेरासिटामोल का उपयोग करें। डॉक्टरों ने चेताया है कि डेंगू के दौरान अन्य दवाओं का गलत इस्तेमाल घातक हो सकता है।मुफ्त जांच और उपचार पटना के प्रमुख अस्पतालों - पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस, एम्स, और आरआईआरआईएम में डेंगू की मुफ्त जांच की सुविधा उपलब्ध है। यदि जांच के परिणाम पॉजिटिव आते हैं तो डॉक्टर की सलाह पर मरीजों को आवश्यक दवाएं भी मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने जनता से अपील की है कि वे डेंगू से बचाव के उपायों का पालन करें, घरों के आसपास साफ-सफाई रखें, और मच्छरों से बचने के लिए सावधानियां बरतें।

### चोरी के मोबाइल को नेपाल भेजने वाले गिरोह का खुलासा

**सीतामढ़ी।** पुलिस ने चोरी के मोबाइल का नेपाल और देश के अन्य राज्य का कनेक्शन का खुलासा किया है। जिला पुलिस ने आईफोन सीरीज के 24 मोबाइल समेत विभिन्न कंपनियों के 59 मोबाइल बरामद किए गए है। बताया गया की, भारतीय बाजार से मोबाइल चोरी कर नेपाल में बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। साथ ही पुलिस ने चोरी के मोबाइल इंटनेशनल सौदागर को भी आईफोन सीरीज की 24 मोबाइल समेत विभिन्न कंपनियों के 59 और दो चोरी के लैपटॉप के साथ गिरफ्तार किया है। सीतामढ़ी पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता बतायी जा रही है। साथ ही पुलिस ने चोरी के मोबाइल के इंटरनेशनल कनेक्शन का तार भी खोज निकाला है। एक सप्लायर को किया गया गिरफ्तार इसके तार सीतामढ़ी के अलावा भारत के कई प्रदेशों से जुड़ा है। जहां से भारतीय मोबाइल चोरी कर लॉक तोड़ने के बाद विदेशी बाजार नेपाल समेत अन्य देशों में पहुंचाया जा रहा था।

# ऑल बिहार शेरशाह वादी एसोसिएशन की बैठक



**किशनगंज।** ऑल बिहार शेरशाह वादी एसोसिएशन ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किशनगंज जिले के ठौआपाड़ा गांव में बैठक आयोजित की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सईदुर रहमान, महासचिव मोहम्मद हसन, संयुक्त सचिव इनामुल हक मदनी, और सीमांचल के सभी जिलों के अध्यक्षों समेत विभिन्न सदस्य मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत मौलाना शेख अत्ताउर रहमान के निधन पर शोक व्यक्त करने से हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया और प्रत्येक पंचायत में संगठन को सक्रिय करने के दिशा-निर्देश दिए गए। शेरशाह वादी समुदाय के लोगों को जागरूक करने, उनके बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने पर चर्चा की गई। डॉ. सईदुर रहमान ने आगामी विधानसभा चुनाव में सीमांचल के हर जिले में शेरशाहवादी समुदाय को कम से कम एक टिकट मिलने की मांग की। उन्होंने कहा कि जो भी राष्ट्रीय पार्टी समुदाय के लोगों को हिस्सेदारी देगी, संगठन उसका समर्थन करेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि समुदाय को पर्याप्त हिस्सेदारी नहीं दी गई, तो संगठन सीमांचल की सभी विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष मिसबाउद्दीन और भाजपा नेता अब्दुर रहमान ने कहा कि शेरशाह वादी समुदाय अब किसी अन्य राजनीतिक दल द्वारा शोषित नहीं होगा और समुदाय के प्रत्याशियों को विधानसभा में भेजने का समय आ गया है।

# मॉब लिंचिंग मामले में प्रोजेक्ट मैनेजर अरेस्ट



**भागलपुर।** के बाइपास थाना क्षेत्र के डीवीसी स्थित नमामि गंगे प्रोजेक्ट में 3 दिन पहले चोरी का आरोप लगाकर युवक के साथ मॉब लिंचिंग हुई। इस मामले में पुलिस ने आरोपित प्रोजेक्ट मैनेजर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार मैनेजर ने संजय शर्मा को पहले थप्पड़ मारने के बाद लकड़ी के तख्ते और लोहे के रॉड से हमला किया था। यह बात उन्होंने पुलिस को दिए बयान में बताया है।

पुलिस इस मामले में साइट इंजीनियर रविशंकर शर्मा और पेट्रोलियम कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड की तलाश कर रही है। मॉब लिंचिंग के शिकार हुए शकरुल्लाहचक निवासी संजय शर्मा की पिटाई के बाद बाइपास थाना में आवेदन दिया था। इसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके अलावा मृतक के पत्नी के फर्द बयान के आधार पर एक और FIR दर्ज किया। प्रोजेक्ट मैनेजर ने दर्ज कराई थी एफआईआर मामले में नमामी गंगे प्रोजेक्ट में पेटी कांट्रेक्टर के तौर पर काम कर रही एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार मित्रा ने एफआईआर दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उन्होंने बताया है कि पकड़े गये चोर की जब लोग पिटाई कर रहे थे, तब वह पहुंचे थे। डायल-112 की टीम को बुलाकर सुपुर्द कर दिया। मामले में हुई गिरफ्तारी के बाद प्रोजेक्टर मैनेजर ने पुलिस को दिये गये बयान में इस बात का खुलासा किया है कि उन्होंने ही चोरी करते हुए संजय शर्मा को पकड़ा था। पहले उन्होंने ही उसके साथ मारपीट की। उन्होंने अपने साइट इंजीनियर रविशंकर शर्मा को बुलाया। पास में ही मौजूद पेट्रोलियम कॉलेज का सिक्यूरिटी गार्ड वहां पहुंच गया। उसने वीडियो दिखाते हुए बताया कि चोर और उसके अन्य भाई प्रोजेक्ट पर आकर लोहे की चोरी करते हैं। इसके बाद उन लोगों ने संजय शर्मा को पकड़ लिया। हाथ-पैर को नारियल की रस्सी से बांध कर पीटा संजय शर्मा के हाथ-पैर को नारियल की रस्सी से बांध दिया। सिक्योरिटी गार्ड ने लकड़ी के तख्ते से और लोहे के रॉड से बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी। वह अपने साइट इंजीनियर को यह बोल कर चाय पीने चले गए कि पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दें। चाय पीने के बाद जब वह मौके पर पहुंचे, तो मौके पर दर्जनों लोगों की भीड़ जमा हो गयी थी।

# स्कूल गए 7वीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या





**समस्तीपुर।** में स्कूल गए 7वीं के छात्र की उसके ही साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामला खानपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर स्थित अपग्रेड मध्य स्कूल का है। छात्र की मौत को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। कुछ लोग बता रहे हैं कि स्कूल में लंच के दौरान छात्रों के बीच मारपीट हुई। इसके बाद एक छात्र बेहोश हो गया। अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ का कहना है कि लंच के दौरान मारपीट हुई फिर सभी को समझाकर हटा दिया गया। छुट्टी के बाद स्कूल के बाहर फिर से झगड़ा हुआ इसमें आनंद राय के बेटे अमरनाथ कुमार (13) की गिरने से मौत हो गई। बच्चे की मौत की सूचना के बाद ग्रामीण स्कूल पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना पर खानपुर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। झगड़ा करने वाला दूसरा बच्चा कौन था, इस बारे में जानकारी सामने नहीं आई है।छात्र के चाचा हरि नारायण राय ने कहा कि 'ये बहुत दुखद है। हम बच्चों को स्कूल वालों के भरोसे पढ़ने भेजते हैं। वहां इस तरह की घटनाएं होंगी तो कैसे बच्चों को स्कूल भेजेंगे। प्रिंसिपल और शिक्षकों ने बच्चों पर ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से हमारा बच्चा आज हमारे बीच नहीं है।'खानपुर थाना अध्यक्ष सह ट्रेनिंग डीएसपी ऋषिका स्नान ने कहा कि 'स्कूल के बाद सड़क पर फिर से मारपीट के दौरान बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# बाढ़ में अलग-अलग हादसे में 2 जख्मी



**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के बेलछी थाना अंतर्गत रासबाग गांव के पास एनएच-30अ पर अनियंत्रित हाईवा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार व्यक्ति हरनौत से अपने घर मंगरचक गांव आ रहा था। घायल व्यक्ति की पहचान हरिकांत कुमार(35) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा गया है। घायल व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल से पीएमसीएच रेफर किया गया है। घर से दुकान हर दिन जाते हैं परिजनों ने बताया कि घायल व्यक्ति हरिकांत कुमार होम्योपैथिक डॉक्टर हैं, जिनका हरनौत रेलवे क्रॉसिंग के पास दुकान है। यह प्रतिदिन घर से दुकान तक बाइक से आना-जाना करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया। हालांकि, अनियंत्रित हाईवा की जानकारी नहीं मिल पाई है।वहीं, बाढ़ अनुमंडल के सकसोहरा थाना अंतर्गत अनियंत्रित हाईवा ने ई-रिक्शा से उतरकर घर जा रही बच्ची को टक्कर मार दी। बच्ची की पहचान बेलछी प्रखंड के लाखाचक गांव निवासी अन्नु कुमारी(18) के रूप में हुई है। घटना भामनचक गांव के सामने अस्सी पुल के पास एनएच-30अ पर हुई है। बच्ची सकसोहरा बाजार से घर लाखाचक जा रही थी। अस्सी पुल के पास ई-रिक्शा से उतरने के बाद अनियंत्रित हाईवा ने टक्कर मार दी। आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ लाया गया। वहां से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# TTE पर दंपती से फजीवाड़ा का आरोप





**आरा।** आसाम के रहने वाले संजीब गोगई अपनी गर्भवती पत्नी राजश्री तमूली के साथ दिल्ली से ब्रह्मपुत्र मेल से 11 अक्टूबर को अपने घर लौट रहे थे। उसकी पत्नी गर्भवती थी। अचानक प्रसव पीड़ा की वजह से उसे आरा स्टेशन ही उतरना पड़ा और आरा सदर अस्पताल में 12 अक्टूबर को भर्ती कराया गया। लेकिन, डिलीवरी के बाद बच्चे को बचाया नहीं जा सका है। फिलहाल, महिला अस्पताल में भर्ती है। संजीब गोगई का आरोप है कि एसी कोच में वो अपनी को लेकर चढ़ा था। टीटी ने फाइन लगाया। 10 हजार रूपए लिए और टिकट नहीं बनाया। पैसा लेने के बाद जो सीट किसी अन्य के नाम पर रजिस्टर्ड थी, उसी जगह पर दोनों को बैठा दिया। काफी देर तक दोनों दंपती ने उस सीट पर सफर किया। लेकिन, थोड़ी देर बाद उस सीट पर लोग आ गए और टीसी ने संजीब और उसकी गर्भवती पत्नी को एसी कोच से ही उतार दिया। उसके बाद संजीव अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर स्लीपर में बैठा।बता दें कि पैसों की कमी होने के कारण दंपती अपने घर नहीं जा रहे थे। आरा सदर अस्पताल में तैनात सुरक्षा बलों ने सुपरवाइजर रवींद्र सिंह और यू की टीम ने मानवता की मिसाल पेश की है। सभी गार्ड ने चंदा देकर दोनों दंपती को उनके घर भेजने की व्यवस्था की और मृत शिशु का अंतिम संस्कार कराया है।पत्नी का आखिरी महीना चल रहा था। इसलिए वो अपनी पत्नी को लेकर अपने घर परिवारों के बीच आ रहा था, ताकि उसकी पत्नी का डिलीवरी के दौरान उसके घर वाले उसके साथ हो। लेकिन, प्रसव पीड़ा से कराहती उसकी हालत काफी खराब होने लगी। महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डिलीवरी के बाद उसका बच्चा (बेटा) नहीं बच पाया। जिसे लेकर संजीब गोगई ने रेलवे प्रशासन पर बहुत बड़ा आरोप लगाया है। संजीब गोगई ने बताया कि वो और उसकी पत्नी पिछले छह महीनों से हरियाणा में एक मोबाइल कंपनी में जॉब करते है। शादी के बाद दोनों हरियाणा चले गए और जॉब करने लगे। जब पत्नी का नौवां महीना शुरू हुआ तो संजीव अपनी पत्नी को घर लाना चाहता था, ताकि डिलीवरी के दौरान उसका परिवार उसके साथ हो। जिसके बाद दोनों रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से दिल्ली आए थे, जहां दोनों जेनरल टिकट लेकर ब्रह्मपुत्र मेल में चढ़ गए। दस हजार रुपए लेकर नहीं बनाया सीट संजीव ने बताया कि ब्रह्मपुत्र मेल के जेनरल डिब्बे में भीड़ बहुत अधिक थी, इसलिए वो थर्ड AC क्लास में अपनी पत्नी को लेकर चला गया। AC कोच में अपनी पत्नी को लेकर बैठा था, तभी एक टीटी ने फाइन लगाया । टीटी ने दंपती से दस हजार रुपए लेकर सीट नहीं बनाया। संजीव ने बताया कि जब स्लीपर में बैठा तो वहां भी एक दूसरे टीटी ने फाइन लगा दिया। जिसके बाद संजीव ने उस टीटी को पांच हजार रुपए दिए। पूरे पंद्रह हजार रुपए जुमार्ना भरने के बाद संजीव अपनी पत्नी को लेकर बक्सर पहुंचा। तभी उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा होना शुरू हो गया। लेकिन संजीव के पास अब पैसे नहीं थे और रेलवे की ओर से भी कोई मदद नहीं मिली थी। जिसके बाद ट्रेन में सफर कर रहे लोगों ने मदद की और उनकी मदद से संजीव अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर आरा सदर अस्पताल पहुंचा। जहां उसकी पत्नी का डिलीवरी हुआ। लेकिन उसका बच्चा नहीं बच पाया। आपको बता दें कि बरुआ संगमय के दीमो शिव सागर के रहने वाले गुनेन गोगई के बेटे संजीब गोगई और उसकी पत्नी राजश्री तमूली पिछले छह महीनों से हरियाणा में थे। दोनों ने 2021 के जनवरी माह में शादी की थी। इस घटना को लेकर संजीब ने रेलवे प्रशासन और टीटी पर आरोप लगाया है।



# शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है कुंजल क्रिया

**क्या आपने कभी कुंजल क्रिया के बारे में कुछ सुना है। अगर नहीं तो यह क्रिया आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है। आइए जानते हैं कुंजल क्रिया के बारे में और जानते हैं कैसे यह आपकी सेहत पर असर डालती है।**

भारत में योग का चलन आज से नहीं बल्कि सदियों से रहा है। योग महज एक शारीरिक व्यायाम नही है। बल्कि यह जीवन को सरल और बेहतर बनाने का एक बेजोड़ तरीका है। आज हम आपको योगा की एक ऐसी ही टेक्निक से रूबरू कराएंगे। जो आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को तो बाहर निकालती ही है। साथ ही आपको कई दूसरे लाभ भी देती है। दरअसल हम बात कर रहे हैं कुंजल क्रिया के बारे में। यह अन्य योगासन से बहुत भिन्न है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस क्रिया में आपको उल्टी करनी होती है। हां शायद यह आपको थोड़ी अजीब लग सकती है। लेकिन कुंजल क्रिया सही मायने में बहुत ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं इस क्रिया के बारे में।

## क्या है कुंजल क्रिया

कुंजल क्रिया आपके शरीर से अशुद्धियां बाहर निकालने की एक जबरदस्त टेक्निक है। कुंजल क्रिया के बारे में सबसे पहले हठयोग से संबंधी एक प्रदीपिका ग्रंथ में दिया गया था। इस ग्रंथ में ही इसे शरीर की सफाई करने की तकनीक के रूप में बताया गया है। कुंजल क्रिया न केवल आपके शरीर को साफ करती है बल्कि यह आपके मन को भी नियंत्रित करने में भी सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन में इसे लेकर एक शोध भी प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि उल्टी करने के बाद व्यक्ति को खालीपन महसूस होता है और इससे कई शारीरिक लाभ होते हैं। आइए जानते हैं कैसे की जाती है कुंजल क्रिया।

## कैसे होती है कुंजल क्रिया

- इसके लिए आपको कम से कम 6 से 8 गिलास गुनगुने पानी की जरूरत होगी और हर एक लीटर पानी पर एक चम्मच सेंधा नमक या साधारण नमक भी चाहिए होगा।
- अब आपको एक लीटर पानी में एक चम्मच सेंधा नमक मिलाना होगा और कगासन की मुद्रा में बैठना होगा।
- इसके बाद आपको इसी मुद्रा में यह पानी जल्दी से जल्दी पीना होगा और उल्टी करने के लिए थोड़ा आगे झुक कर खड़ा होना होगा।
- जब आपको लगे की पेट खाली हो चुका है तो शवासन की मुद्रा में 30 मिनट के लिए लेट जाएं।
- इस क्रिया में आपको उल्टी तुरंत आ जाती है। ऐसे में अगर यह क्रिया करें तो विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें।

## वजन और पाचन के लिए

जब भी आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके पेट की मांसपेशियां सिकुड़ जाती है और फैट कम हो जाता है। ऐसे में अगर आप फैट या वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो य क्रिया आपके लिए बहुत फायदेमंद होगी। यह पाचन तंत्र को पूरी तरह स्वस्थ रखने काम काम करती है।

## तनाव और चिंता से राहत

जब आप इस क्रिया को करते हैं तो इससे शरीर में रक्त प्रवाह बेहतर हो जाता है और आपके शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचने लगता है। इससे आपका हार्ट रेट कम हो जाता है और सांस लेना भी आसान हो जाता है। साथ ही यह ब्लड प्रेशर को भी ठीक करता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कुंजल क्रिया के जरिए तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। ध्यान रहे कि यह क्रिया किसी विशेषज्ञ की

या फिर आपकी आयु 16 साल से कम है तो इस आसन को बिल्कुल ना करें।

## खांसी और सर्दी से राहत

जब आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके फेफड़ों की मांसपेशियां मजबूत होती है और इनकी सहन शक्ति बढ़ जाती है। साथ ही इसके जरिए आपके फेफड़े भी साफ हो जाते हैं और आपके लिए सांस लेना आसान हो जाता है। इस तरह यह सर्दी और खांसी के लक्षणों से राहत दिलाती है।





**एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है।**

# ऐसे करें आंखों की देखभाल

मोबाइल और लैपटॉप के बढ़ते इस्तेमाल के कारण हमारी आंखों का इस्तेमाल पहले से कहीं ज्यादा हो रहा है। जिससे लोगों में सिरदर्द, जलन और आंखों में तनाव के मामले बढ़े हैं। खासकर, एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है। आंखें पित्त दोष का आसन हैं। चूंकि पित्त दोष उम्र के साथ असंतुलित हो जाता है, इसलिए आंखें प्रभावित होती हैं।

## सुबह उठकर मुंह में पानी भरें

रोज सुबह उठकर टॉयलेट जाने से पहले या बाद में मुंह में पानी भरें और कुछ सैकंड्स तक होल्ड करें। इस दौरान आपकी आंखें बंद होनी चाहिए। अब कुल्ला कर दें और इस प्रक्रिया को दो से 3 बार दोहराएं।

## त्रिफला वॉटर का उपयोग करें


त्रिफला वॉटर आई वॉश आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। यह न केवल आपके आंखों की रोशनी बढ़ाता है, बल्कि आंखों की चमक में भी सुधार करता है। खासतौर से थकी हुई आंखों को आराम देने का यह बेहतरीन तरीका है।

## स्वस्थ आंखों के लिए षटकर्म करें

आयुर्वेद में शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने ,उसे मजबूत बनाने और रोगमुक्त बनाने के लिए 6 प्यूरीफिकेशन टेकनीक के बारे में बताया गया है। इनमें से नेती और त्राटक सूखी आंखों और आंखों के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे आयुर्वेदिक उपाय के रूप में काम करते हैं। बता दें कि त्राटक षटकर्म आंख का व्यायाम है जिसमें किसी भी बिंदु पर आंखों को स्थिर करके निरंतर देखना होता है।

## बरतें ये सावधानियां

- आंखों की देखभाल के दौरान कभी भी बहुत तेज गर्म या फिर बर्फ के पानी का इस्तेमाल नही करना चाहिए।
- अचानक तापमान में हुए परिवर्तन से बचने का प्रयास करें।
- अगर आपका शरीर गर्म हो रहा है या आप पसीने से तर हैं, तो अपने चेहरे और आंखों पर पानी के छीटें मारने से पहले 10 मिनट तक इंतजार करें। जब तक आपकी बॉडी सही तापमान में एडजस्ट न हो जाए, छीटें मारने से बचें।
- सुबह-शाम चेहरे पर पानी के छीटे मारें
- 10-15 बार अपनी आंखों और चेहरे पर ठंडे या फिर नॉर्मल पानी के छीटें मारें। इस प्रक्रिया को आप तब भी दोहराएं , जब शाम को काम से वापस घर लौटें। ऐसा करने से आंखों को बहुत आराम मिलेगा।



### स्वस्थ आंखों के लिए फायदेमंद है अंजन

स्वस्थ आंखों के लिए अंजन का उपयोग बहुत फायदेमंद है। अंजना एक आयुर्वेदिक दवा है, जिसे आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पलकों के अंदरूनी हिस्से पर लगाते हैं। बता दें कि अंजना जड़ी-बूटियों से बना एक गाढ़ा आईलाइनर है। इसे कोलिरिसम भी कहते हैं। इसका उपयोग आंखों की रोशनी बढ़ाने और आंख से जुड़ी अन्य बीमारियों के लिए किया जाता है। हालांकि, यह काजल की तरह दिखता है, लेकिन इससे काफी अलग है। इसे मिनरल्स और जड़ी- बूटियों को पीसकर पेस्ट के रूप में तैयार किया जाता है। आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी है। उम्मीद है यहां एक्सपर्ट द्वारा बताए गए तरीकों से आपको आंखों की सही देखभाल करने में मदद मिलेगी।





# वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से पड़ता है सेहत पर बुरा असर

**वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से हमारी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। लेकिन कई दफा हम इसे नजरअंदाज करते हैं। शोध में पता चला है कि ये दोनों पर्यावरण हार्ट फेलियर का भी एक कारण हैं।**

देश में दिवाली आने वाली है और इस माह में लोगों द्वारा की जाने वाली आतिशबाजी के कारण वायु प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ जाता है और स्मॉग का रूप ले लेता है। इस तरह के पॉल्युटिड स्मॉग में धूल और वायु प्रदूषक जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड, ज्वलनशील कार्बनिक यौगिक आदि हानिकारक मिश्रण रहते हैं। जो खांसी, गले में खराश, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण, आंख व नाक में एलर्जी के अलावा इम्यून सिस्टम को भी कमजोर बनाते हैं। हाल ही में वायु प्रदूषण पर एक शोध आया है जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। नए शोध के अनुसार, वायु प्रदूषण और सड़क यातायात के शोर के संपर्क में आने से हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। शोध का रिजल्ट अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के एक ओपन-एक्सेस जर्नल 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' में प्रकाशित किया गया था। इसलिए आपको वायु प्रदूषण से खुद को सेफ रखने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

## वायु प्रदूषण पर शोध

नए रिसर्च के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 15 से 20 साल के पीरियड में लॉन्ग टर्म एनवायरनमेंट इंपैक्ट को लेकर हर्ट फेलियर की जांच की। डेनमार्क में महिला नर्सों पर हुए शोध में एयर पॉल्यूशन और रोड ट्रैफिक हर्ट फेलियर की मुख्य वजह पाया गया। बता दें कि शोध में जिन महिलाओं को लिया गया था उनकी उम्र 44 वर्ष और उससे अधिक थी। प्रतिभागियों को 1993 और 1999 में भर्ती किया गया था और जब उन्होंने नामांकन किया, तो हर महिला ने बॉडी मास इंडेक्स, लाइफस्टाइल फैक्टर जैसे धूम्रपान, शराब का सेवन, शारीरिक गतिविधि और आहार संबंधी आदतों के अलावा अपनी मेडिकल कंडीशन के बारे में भी पूरी जानकारी दी थी। इन सभी प्रतिभागियों को डेनिश नेशनल पेशेंट रजिस्टर से लिंक करने के 20 साल के बाद हार्ट फेलियर के बारे में पता चला जिनका बाद में इलाज भी हुआ और इसके रिकॉर्ड भी हैं।

## दिल के लिए ज्यादा खतरनाक है वायु प्रदूषण

डेनमार्क स्थिति कोपेहेगन यूनिवर्सिटी के एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट से जुड़े असिस्टेंट प्रोफेसर और शोध को लीड करने वाले ऑथर ने कहा कि स्टडी में पाया गया है कि तीन वर्षों में रोड ट्रैफिक का शोर 12 फीसदी हार्ट फेलियर के खतरे का कारण बना। उन्होंने आगे कहा, हम आश्चर्यचकित थे कि कैसे दो पर्यावरणीय कारक - वायु प्रदूषण और सड़क यातायात शोर ने एक साथ हृदय गति रुकने का जोखिम बढ़ा दिया है। शोध में पता चला है कि रोड ट्रैफिक की तुलना में एयर पॉल्युशन हर्ट फेलियर के खतरे की मजबूत वजह बना। हालांकि, इन हर्ट फेलियर वाली 30 प्रतिशत नर्सों में हाई ब्लड प्रेशर की भी समस्या थी।

## सांस लेने में तकलीफ


वायु प्रदूषण की वजह से बुजर्ग लोगों को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एयर पॉल्युशन के कारण बुजुर्गों के शरीर के कई अंग धीमी गति से कार्य करते हैं और इसी तरह का हाल फेफड़ों का रहता है। क्योंकि लंग्स प्रदूषित हवा को सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाते हैं जिस वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत आती है।

## आंखों में परेशानी

वायु प्रदूषण के चलते कई बार बच्चों से लेकर बुजुर्गों की आंखों में भी दिक्कतें आती हैं। दूषिक हवा के कण हमारी आंखों में एलर्जी पैदा करने लगते है जिससे कई बार हमें आस-पास की चीजें साफ नहीं दिखती हैं। साथ ही धूल मिट्टी से आंखों में खुजली भी होती है।

## सेहत संबंधी दिक्कतें

बुजुर्गों का इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है जिसकी वजह से उनको वायू प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से उनका दम घुटने लगता है। वे इस वातावरण को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते। इसके चलते कई दफा, छींकआना, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण और गले में खराश जैसी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



# साइलेंट किलर है तनाव, इसे गंभीरता से लेना है बहुत जरूरी

**मेंटल हेल्थ एक पुराना विषय रहा है, लेकिन अब कोरोना के बाद यह और ज्यादा घातक हो गया है। अब इसे गंभीरता से लेकर इस पर बात करना जरूरी है। कोरोना ने कई तरह के मानसिक रोगों को जन्म दिया है**

आज के दौर में हर शख्स अपनी जिंदगी में स्ट्रेस से गुजरता है। स्ट्रेस को आजकल एक कॉमन परेशानी के रूप में देखा जाता है और यही सबसे बडी गलती है। 2020 में आए कोविड 19 ने सोशल और इकोनॉमिक तौर पर काफी बदलाव लाया है। लाखों लोगों ने अपनी जिंदगी गवां दी, यहां तक की एक दूसरे से मिलना-जुलना भी दूभर हो गया था। आज जहां 2021 में कोविड 19 को 2 साल हो गए हैं और आज भी मानव जाति इस विपदा से उबरने की कोशिश में है। कई देश आज भी इस वायरस के नए स्ट्रेन से लड़ रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने ये चेतावनी जारी की है कि कोरोनावायरस का मेंटल हेल्थ पर काफी लंबे समय तक असर होता रहेगा। आज लोगों में एंजाइटी, स्ट्रेस, डिप्रेशन जैसी कई समस्या बहुत हद तक बढ़ चुकी हैं। इस पैंडेमिक के दौरान मेंटल हेल्थ पर गहरा असर पड़ा है। 2020 में माइसेंसी द्वारा एक सर्वे के आधार पर ठट्ठ के 75 प्रतिशत और एशिया के 33 प्रतिशत एम्प्लॉय में बर्न आउट के लक्षण दिखे हैं। यूरोपियन देशों में भी पैंडेमिक फैटिग के लेवल में बढ़ोतरी हुई है।

जिन लोगों ने अपनी मेंटल हेल्थ को बहुत खराब रेट दिया है, उनकी मात्रा पैंडेमिक आने के बाद तीन गुना बढ़ गई है। ओरेकल और वर्क प्लेस इंटेलिजेंस जैसी कंपनियों द्वारा एक हालिया सर्वे जिसमें 11 देशों के 12000 लोगों ने भाग लिया ये दर्शाता है कि मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव में एम्प्लॉय के बदले ज्यादा मेंटल हेल्थ इश्यूज पाए गए हैं। 53% ने माना की उन्हें मेंटल हेल्थ इश्यूज पैंडेमिक के शुरू होते ही शुरू हो गए थे। इसी कड़ी में 5 में से 4 मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव यानी लगभग 85% ने माना कि उन्हें काम को पूरा करने में दिक्कत आई। इसके कुछ कारण हैं जैसे घर से काम करने के दौरान नई तकनीक को समझने और उसका उपयोग करने में परेशानी और दूसरा यह कि ऑफिस के माहौल से दूर साथ बैठकर काम करने और कोलेबरेट करने की जगह घर से काम करना।

### क्या कहती है रिपोर्ट?

इस कड़ी में लगभग 39% लोगों को घर से वर्चुअली काम करने में दिक्कत आई। वही 34% को वर्क कल्चर के ना होने की कमी खली। वही 29% लोगों को नई तकनीकों को समझने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। जहां एक तरफ कंपनी के सीनियर अधिकारी वर्कप्लेस पर मेंटल हेल्थ और हेल्थी वर्क कल्चर को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, वही आज भी मेंटल हेल्थ को एक स्टीरियोटाइप के तौर पर देखा जाता है। कंपनी में ओपन कम्युनिकेशन और सपोर्ट की कमी खलती है। कंपनी के लीडर को अपने स्टॉफ को न सिर्फ इंस्पायर करना चाहिए ताकि वे अपनी बात को खुलकर शेयर कर सकें, बल्कि उन्हें इंस्पायर भी करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर वे कोच या थेरेपिस्ट से मदद भी ले सकें। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम को इग्नौर नहीं करना है, अगर तनाव से संबंधी कोई भी लक्षण नजर आता है तो तत्काल डॉक्टर से मिलना है। इसे हल्के में बिल्कुल नहीं ले सकते।



# जान भी ले सकती है लौकी

लौकी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत अच्छा है। इसे कई प्रकार से खा सकते हैं। सब्जी, जूस, खीर, कलाकंद, पराठे सहित अन्य तरीकों से इसका सेवन किया जा सकता है। इसका सेवन करने से कब्ज और गैस की समस्या में राहत मितली है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम,

कड़वी लौकी का सेवन करने से आपकी जान पर बात बन सकती

नौबत आ जाती है। इसलिए भूलकर भी कड़वी लौकी का सेवन नहीं करें। लौकी का जूस बनाने से पहले इसे जरूर टेस्ट करें। अगर वह कड़वी लगती है तो इसका सेवन नहीं करें। कड़वी विषैली लौकी का सेवन करने के नुकसान- बेचैनी, घबराहट, ब्लड प्रेशर की समस्या, उल्टी होने लगती है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार अंगों पर भी इसका असर पड़ सकता है। ऐसे में अंग फैल भी हो सकते हैं। इसलिए भूलकर भी लौकी को टेस्ट किए बिना इसका प्रयोग नहीं करें। कड़वी लौकी की पहचान उसे चखकर की जा सकती है। बता दें कि इसे पकाने पर भी कड़वापन खत्म नहीं होगा। कड़वी लगने

डिफेंस सिस्टम विकसित कर लेती है। जिससे उसमें केमिकल विकसित हो जाता है। तो कई बार तापमान कम ज्यादा होने पर भी यह बदलाव होने लगते हैं। इतना ही नही पर्याप्त पानी नही मिलने पर भी ऐसा हो सकता है।

### बेंगलुरु टेस्ट में भारत 46 रन पर ऑल आउट

# भारत /न्यूजीलैंड : शतक से चूके डेवोन कॉनवे, बनाई 134 रन की बढ़त, स्कोर 180/3

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में वर्षा प्रभावित टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (5) और विलियम ओरोर्के (4) की शानदार गेंदबाजी के कारण भारत पहले टेस्ट की पहली पारी में 46 रन पर ढेर हो गया। भारत की तरफ से 5 खिलाड़ी शून्य पर आउट हो गए जिसमें विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे बड़े खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं रोहित शर्मा ने मात्र 2 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 13 रन की पारी खेली जबकि ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 20 रन की पारी खेली।

न्यूजीलैंड ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी की शानदार शुरूआत की और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। इससे न्यूजीलैंड ने पहली पारी में भारत पर 134 रन की बढ़त बना ली है। इस दौरान डेवोन कॉनवे (91) शतक से चूक गए।

भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी से शुरुआत करने का फैसला किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद रोहित ने कहा कि पिच शुरु में गेंदबाजो के लिए मददगार साबित हो सकती है लेकिन विकेट के नेचर को देखते हुए उनकी टीम स्कोरबोर्ड पर अधिक से अधिक रन का स्कोर खड़ा करना चाहती है इसलिए उन्होंने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया है।

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने कहा कि खराब मौसम के कारण उनकी टीम को तैयारी करने का पर्याप्त मौका नहीं मिल पाया लेकिन चूंकि विकेट काफी समय तक ढका रहा है और बारिश भी हुई है तो ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि सतह से उनके तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। इससे पहले बारिश के कारण पहले दिन खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था और टॉस भी नहीं हो सका।



# निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को रजत, नरूका को कांस्य पदक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी।

इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया। नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था।

भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

# भारतीय टीम के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड, 293 घरेलू टेस्ट में पहली बार हुआ ऐसा



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके।

इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था। भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर चार साल पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में बना जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। पारंपरिक प्रारूप में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर की सूची इस प्रकार है।

**भारत में -**

न्यूजीलैंड के खिलाफ 31.2 ओवर में 46 रन, बेंगलुरू 2024

वेस्टइंडीज के खिलाफ 30.4 ओवर में 75 रन, दिल्ली 1987

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में 76 रन, अहमदाबाद 2008

न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 ओवर में 83 रन, मोहाली 1999

न्यूजीलैंड के खिलाफ 33.3 ओवर में 88 रन, मुंबई 1965

**विदेश में -**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.2 ओवर में 36 रन, एडीलेड 2020

इंग्लैंड के खिलाफ 17 ओवर में 42 रन, लॉडर्स 1974

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.3 ओवर में 58 रन, ब्रिसबेन 1947

इंग्लैंड के खिलाफ 21.4 ओवर में 58 रन, मैनचेस्टर 1952

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 34.1 ओवर में 66 रन, डरबन 1996

# पाकिस्तान/इंग्लैंड दूसरे टेस्ट: पाकिस्तान को आई जीत की महक, इंग्लैंड को चाहिए अभी इतने रन

**खेल डैस्क।** मुल्तान में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भले ही अच्छा प्रदर्शन कर पाकिस्तान को दूसरे पारी में 221 रन पर रोक लिया। लेकिन इस दौरान फील्डिंग खराब रही। दूसरी पारी में पाकिस्तान का स्कोर एक समय 8 विकेट पर 156 रन पर था। इस बीच जेमी स्मिथ और जो रूट ने पाकिस्तानी बल्लेबाज सलमान अली आगा के दो कैच छोड़ दिए। सलमान ने इसका जमकर फायदा उठाया और टीम का स्कोर 221 तक ले गए। सलमान ने 89 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए साजिद खान ने 22 रन बनाकर पाकिस्तान को मजबूती दी। अब इंग्लैंड के सामने दूसरी पारी में जीत के लिए 297 रन का लक्ष्य है। पहली पारी में शतकवीर डकेट 0 पर ही आऊट हो गए जबकि जैक क्राउले ने 3 रन बनाए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने 36 रन पर 2 विकेट गंवा लिए हैं। ओली पोप 21 तो जो रूट 12 रन बनाकर क्रीज पर खड़े हैं।



**पाकिस्तान पहली पारी : 366-10 (123.3 ओवर)**

पाकिस्तान ने 19 रन पर ही शफीक और कप्तान शान मसूद के विकेट गंवा लिए थे। लेकिन स्ईम अयूब ने 77 तो कामरान गुलाम ने 118 रन बनाकर पाकिस्तान को मजबूत स्थिति दी। कामरान को बाबर आजम की जगह टीम में चुना गया था। उन्होंने शतक लगाकर खुद को साबित किया। इसी तरह रिजवान ने 31, आगा ने 31 तो आमेर जमाल ने 37 रन बनाकर स्कोर 366 तक पहुंचाया।

**इंग्लैंड पहली पारी : 291/10 (67.2 ओवर)**

इंग्लैंड ने तीसरे दिन 239/6 से शुरूआत की थी। तभी ब्राइडन कार्स (चार) को साजिद खान ने अपना शिकार बना लिया। इसके बाद 60वें ओवर में मैथ्यू पॉट्स (6) को साजिद खान ने बोल्ड आउट किया। जेमी स्मिथ और जैक लीच ने कुछ देर पारी को संभालकर रखा। नौमन अली ने जेमी स्मिथ (21) को आउट कर पाकिस्तान को 9वीं सफलता दिलाई। इसके बाद साजिद खान ने शोएब बशीर (9) को आउटकर इंग्लैंड की पारी को 291 पर समेट दिया। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 7 विकेट लिए। नौमन अली 3 विकेट लिए।

**पाकिस्तान दूसरी पारी : 221-10 (59.2 ओवर)**

इंग्लैंड की पहली पारी 291 रन पर ही सिमट गई जिससे पाकिस्तान को 75 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में पाकिस्तान की ओर से मध्यक्रम में कामरान गुलाम ने 26, सऊद शकील ने 31, रिजवान ने 23 रन बनाए। तभी आगा सलमान ने 89 गेंदों पर 63 तो साजिद खान ने 43 गेंदों पर 22 रन बनाकर स्कोर 221 तक पहुंचा दिया। पाकिस्तान के पास 296 रन की बढ़त है।

# अब देश के सबसे धनी खिलाड़ी बन जाएंगे अजय जडेजा

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा जमनगर राजगद्दी के उत्तराधिकारी बनने के बाद अब हजारों करोड़ रुपये की संप्पति के मालिक बन गये हैं और इस मामले में सबसे आगे निकल गये हैं। जामनगर का महाराजा बनने के बाद उन्हें विरासत में 1450 करोड़ रुपये की संपत्ति मिलेगी। इसके साथ ही वह जामनगर में स्थित एक भव्य शाही महल में रहेंगे। उनका निवास आधुनिक विलासिता और पारंपरिक वास्तुकला का बेहतरीन मिश्रण है। अजय जडेजा अब देश के सबसे धनी खिलाड़ी भी बन जाएंगे। इस मामले में वह स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को भी पीछे छोड़ देंगे, जिनकी कुल संपत्ति लगभग 1,000 करोड़ आंकी गई। जडेजा 90 के दशक में अपने खेल के कारण छाये रहते थे। वह एक बेहतरीन बेट्समैन और जबरदस्त फील्डर और कप्तान रहे हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद जडेजा ने फिल्मों में भी आये पर उसमें सफल न होने के बाद क्रिकेट से जुड़ी भूमिकाओं में ही व्यस्त रहे। वही अब उन्हें रियासत को संभालने की जिम्मेदारी मिली है। दशहरा के अवसर पर महाराजा शत्रुसल्य सिंह जी दिग्विजयसिंह जी जडेजा ने अजय जडेजा को जामनगर शाही सिंहासन का उत्तराधिकारी घोषित किया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, अजय जडेजा की कुल संपत्ति लगभग 1,40 करोड़ रुपये है पर अब वह कई गुना बड़ जाएगी। है।



# बॉर्डर गावस्कर सीरीज में बुमराह पर अंकुश लगाना होगा : कमिंस

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को अगले माह भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अंकुश लगाये रखना होगा। कमिंस ने कहा कि अगर उनकी टीम को इस सीरीज में जीत चाहिये तो उन्हें किसी भी हाल में बुमराह को रोकना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के अनुसार बुमराह अभी लय में हैं और हमारी उछाल भरी पिचों पर उनकी गेंदों को खेलना आसान नहीं रहेगा। भारत ने साल 2014-15 से यह ट्रॉफी लगातार जीती है। उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर हराया। कमिंस ने कहा, ''मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर अंकुश कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें सीरीज जीतने में काफी सहायमता मिलेगी।''

कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप की जीत से प्रेरित होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, ''हमने उनके खिलाफ जो पिछली दो सीरीज खेली थी उन्हें काफी समय हो गया है। हम उससे उबर चुके हैं।'' कमिंस ने कहा, ''मैं उनके रोहित शर्मा साथ एक टीम में कभी नही खेला इसलिए मैं उन्हें बहुत अच्छी तरह से नही जानता पर मुझे पता है कि भारतीय टीम काफी संगठित हैं और उनकी रणनीति सटीक है।''

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, '' हम पिछले कुछ साल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल और एकदिवसीय विश्व कप में जीत हासिल करने में सफल रहे हैं। हम इनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे जैसे कि उनकी टीम यहां अपनी पिछली कुछ सफलताओं से प्रेरणा लेने के प्रयास करेगी।'' कमिंस ने कहा कि भारतीय टीम में इस बार चेतेश्वर पुजारा नहीं रहेंगे जिससे भी हमें लाभ होगा। पिछल सीरीजों में भारतीय टीम की जीत में पुजारा की अहम भूमिका रही थी। वह एक छोर संभाले रखते थे और उन्हें आउट करना कठिन होता था।

# एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप: कल होगा भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली =एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जाएंगे।

भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।



**एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप इस प्रकार है**

**ग्रुप ए:** अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन ग्रुप बी- भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई)

एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। पिछले सभी पांच संस्करण 50-50 ओवर प्रारूप में आयोजित किए गए थे। भारत ने 2013 में उद्घाटन संस्करण का खिताब जीता था जबकि श्रीलंका ने 2017 और 2018 में खिताब पर कब्जा जमाया था। वहीं इसके बाद के दो संस्करणों 2019 और 2023 में पाकिस्तान शाहीन्स ने जीत हासिल की थी।

**भारतीय क्रिकेट टीम इस प्रकार है**

**भारत ए :** तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, अनुज रावत, प्रभसिमरन सिंह, नेहल वढेरा, अंशुल कंबोज, रितिक शौकीन, आकिब खान, वैभव अरोड़ा, रसिख सलाम, साई किशोर, राहुल चाहर।

# एशेज सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली 2025-26 की एशेज सीरीज का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अगले साल 21 नवंबर से शुरु होने वाली इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) इस सीरीज का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें पर्थ 21 नवंबर को पर्थ में पहला मैच होगा। वहीं ब्रिस्बेन के गाबा में 4 दिसंबर से दिन-रात का दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। वहीं एडिलेड ओवल में तीसरा टेस्ट होगा। तीसरा टेस्ट प्री-क्रिसमस टेस्ट होगा, जो अगले दो टेस्ट, बॉक्सिंग डे टेस्ट, 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में सीरीज का चौथा मैच और 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में नए साल का सीरीज का अंतिम मैच होगा।




एडिलेड ऑस्ट्रेलिया में सबसे पहले दिन-रात का पहला टेस्ट पहला मैच 2015 में हुआ था। इसके अलावा इस मैदान में साल 2017-18 और 2021-22 सीरीज में दो दिन-रात के टेस्ट हुए थे। गाबा ने पहले तीन दिन-रात टेस्ट की मेजबानी की थी जिसमें इस साल की शुरुआत में जनवरी में वेस्टइंडीज की प्रसिद्ध जीत भी शामिल थी।

यह पहली बार है जब ब्रिसबेन को 1982-83 के बाद से एशेज सीरीज के पहले मैच की मेजबानी नहीं मिली है। पर्थ पहला टेस्ट आयोजित करेगा और दूसरा टेस्ट ब्रिसबेन में होगा। इस बात की अच्छी संभावना है कि एशेज 2025-26 गाबा टेस्ट स्टेडियम में आखिरी टेस्ट होगा क्योंकि 2026-27 और उसके बाद वहां कोई टेस्ट निर्धारित नहीं है। स्टेडियम अपनी मौजूदा स्थिति में 2030 तक उपयोग करने योग्य नहीं होगा।

सीए के कार्यकारी महाप्रबंधक (कार्यक्रम और संचालन) जोएल मॉरिसन ने पर्थ में कहा, 2025-26 एशेज की तिथियां हमारे हाल ही में जारी सात साल के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ हैं और हम राज्य और क्षेत्रीय सरकारों द्वारा हमारे प्रमुख आयोजनों को बढ़ाने और विकसित करने के लिए दिए जा रहे समर्थन के लिए आभारी हैं।


# पूर्व भारतीय बल्लेबाज हेमंग बदानी बने दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख कोच



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज हेमंग बदानी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स का प्रमुख कोच और पूर्व भारतीय बल्लेबाज वेणुगोपाल रॉव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया है। बदानी ने रिकी पोंटिंग की जगह ली है तो वहीं रॉव पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली के स्थान पर पदभार संभाला है। दोनों नियुक्तियां दिल्ली कैपिटल्स द्वारा कोचिंग स्टाफ और फँचाइजी की संचालन संरचना में सुधार का हिस्सा हैं। इसके अलावा डीसी ने 2014 से सहायक कोच और टैलेंट स्काउट के रूप में काम करने वाले प्रवीण आमरे के साथ अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का भी फैसला किया है। गुरुवार को मीडिया को जारी बयान में फँचाइजी ने कहा, 'दोनों टीमों की नीलामी, कप्तानी, खिलाड़ियों की रिहाई और रिटेंशन जैसे महत्वपूर्ण निर्णय डीसी बोर्ड द्वारा किए जाएंगे और दोनों समूहों के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा पारस्परिक रूप से फैसला लिया जाएगा।' पुनर्गठन के तहत डीसी के सह-मालिक जीएमआर समूह और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स - आईपीएल और डब्ल्यूपीएल में अपनी टीमों के लिए हर दो साल में परिचालन नेतृत्व भूमिकाओं की अदला-बदली करेंगे। नतीजतन, गांगुली अगले दो सत्रों (2025 और 2026) के लिए डब्ल्यूपीएल में फँचाइजी के लिए क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे। गांगुली 2027 सीजन से आईपीएल में वापस आ जाएंगे जब जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स वापस कार्यभार संभालेगा।

# विराट कोहली 38 बार शून्य पर आउट हुए, हरभजन सिंह से भी निकले आगे

स्पोर्ट्स डेस्क। विराट कोहली एक और खराब प्रदर्शन देखने को मिला जब वह बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए। गुरुवार को मैच की शुरुआत के लिए बारिश के कारण पूरे पहले दिन के खेल पर विराम से हुई। आश्चर्यजनक रूप से आसमान में बादल छाए रहने और अधिक बारिश के पूर्वानुमान के बावजूद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और यह फैसला उल्टा पड़ गया। कीवी तेज गेंदबाजों ने भारत को मैच में उतारा, जिन्होंने लंच तक मेजबान टीम को 23.5 ओवर में 6 विकेट पर 34 रन पर ढेर कर दिया। खराब स्कोरकार्ड में 5 भारतीय बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हुए जिसमें कोहली भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने अनचाहे रिकॉर्ड में एक और शून्य जोड़ा। अब 38 शून्य के साथ कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने वाले शीर्ष पांच भारतीयों की सूची में एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्हें विलियम ओ% रुरके ने आउट किया, जो तेजी से अंदर आती हुई गेंद को बचाने की कोशिश करते हुए लेग साइड में कैच आउट हुए। दिलचस्प बात यह है कि सचिन तेंदुलकर 782 पारियों में 34 बार शून्य पर आउट (टेस्ट में 14 और वनडे में 20) के साथ इस सूची में छठे स्थान पर हैं। कोहली ने आखिरी बार टेस्ट में 32 पारियों पहले मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में डक आउट किया था, जब न्यूजीलैंड ने 2021 में भारत का दौरा किया था।



# आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत नहीं होंगे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान, कतार में यह ऑलराउंडर शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी 2025 संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी नहीं करेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली को नए कप्तान की तलाश है और ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी पंत की जगह लेने की कतार में हैं जिन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।

सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, 'हां, दिल्ली कैपिटल्स को नए कप्तान की तलाश हो सकती है। संभावना है कि भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल नए कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं, या फ्रैंचाइजी आईपीएल नीलामी (नवंबर के मध्य में विदेश में होने वाली) में किसी ऐसे व्यक्ति पर नजर रख सकती है जो कप्तानी के लिए उपयुक्त हो।' सूत्र ने कहा, 'पंत फ्रैंचाइजी के शीर्ष रिटेंशन के लिए तैयार हैं। यह सिर्फ इतना है कि डीसी के नेतृत्व समूह को लगता है कि कप्तानी के दबाव के बिना वह बेहतर स्थिति में हैं।'

पंत 2016 से आईपीएल में डीसी के साथ जुड़े हुए हैं। वह फ्रैंचाइजी के लिए आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कैप्ड खिलाड़ी हैं और कैश-रिच लीग में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। मार्च 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज में भारत के लिए खेलते समय लगी चोट के कारण श्रेयस अय्यर के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पंत को 2021 में डीसी का कप्तान नियुक्त किया गया था।

कप्तान के रूप में पंत के पहले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में शीर्ष पर रही, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दोनों क्वालीफायर मैच हारने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले पंत को डीसी ने 16 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और उन्होंने 2022 संस्करण में फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया, जहां दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 30 दिसंबर 2022 को एक सड़क दुर्घटना में लगी कई चोटों के कारण वह 2023 संस्करण से चूक गए। वह आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापस लौटे और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में सीजन समाप्त किया, लेकिन टीम एक बार फिर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही।



